

14:07:2023

अखबार जो बदल दे नजरिया

# राष्ट्रीय ख़बर
## हमारी नज़र

पेज » 12 मूल्य » 3 रुपये » वर्ष » 14 अंक » 191 | epaper.rashtriyakhabar.com | श्रावण, कृष्णपक्ष द्वादशी, विक्रम संवत 2080

## चाणक्य नीति

व्यालाश्रयाऽपि विफलापि सकण्टकाऽपि।
वक्राऽपि पंकिल-भवाऽपि दुरासदाऽपि।
गन्धेन बान्धुरसि केतकि सर्वजन्तोर्
एको गुणः खलु निहन्ति समस्तदोषान्॥

**भावार्थ** : हे केतकी! तुझसे सांप लिपटे रहते हैं, फल भी नहीं लगते, कांटे भी हैं और वक्रता भी है। इसके अतिरिक्त तेरा जन्म कीचड़ में होता है और तू सरलता से प्राप्त भी नहीं होती। इतना सब कुछ होने पर भी तेरे में जो गंध है, वह सब प्राणियों को मोह लेती है।



**रांची पारा अपडेट**

| मैक्सिमम | मिनीमम |
|---|---|
| 29.00 °c | 25.00 °c |

सूर्यास्त (आज) » 18 .38 बजे
सूर्योदय (कल) » 05 .10 बजे

## मिशन चन्द्रयान-3 की उल्टी गिनती शुरु

**चेन्नई:** भारत के तीसरे चंद्र मिशन चंद्रयान-3 के लिए कल 25. 5 घंटे की उल्टी गिनती गुरुवार को दोपहर एक बजकर 05 मिनट से श्रीहरिकोटा के शार रेंज पर शुरू हो गई। मिशन तैयारी समीक्षा के बाद, प्रक्षेपण प्राधिकरण बोर्ड ने मंजूरी दे दी जिसके बाद सतीश धवन अंतरिक्ष केन्द्र (एसडीएससी केंद्र) में प्रतिष्ठित मिशन की उलटी गिनती शुरू हो गई। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने एक ट्वीट में कहा, एलवीएम3 एम4/चंद्रयान-3 मिशन: कल भारतीय समयानुसार दोपहर दो बजकर 35 मिनट 17 सेंकेड पर बजे प्रक्षेपण की उलटी गिनती शुरू हो गई है। इसरो 170 गुना 36500 किलोमीटर आकार की एलिप्टिक पार्किंग कक्षा में एकीकृत चंद्रयान -3 अंतरिक्ष यान मॉड्यूल को लॉन्च करने के लिए अपने सबसे भारी रॉकेट लॉन्च वाहन मार्क -3 (एलवीएम 3-एम 4) का उपयोग करेगा। 642 टन भार के साथ 43 .5 मीटर लंबा वाहन वाहक शुक्रवार को दोपहर 2.35 बजे दूसरे लॉन्च पैड से उड़ान भरेगा।

## दक्षिण कश्मीर में एनआईए ने छापे मारे

**श्रीनगर:** एनआईए ने गुरुवार को पाकिस्तान समर्थित प्रतिबंधित आतंकवादी संगठनों के हाईब्रिड आतंकवादियों और ओवर ग्राउंड वर्कर्स (ओजीडब्ल्यू) के परिसरों पर छापे मारे। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह छापे जम्मू-कश्मीर में आतंकवादी साजिश मामले में चल रही जांच का हिस्सा है। एनआईए ने कहा कि आज शोपियां ,अवंतीपोरा एवं दक्षिण कश्मीर के पुलवामा जिलों में पांच स्थानों पर छापे मारे गए। एनआईए ने द रेजिस्टेंस फ्रंट (टीआरएफ), यूनाइटेड लिबरेशन फ्रंट जम्मू एंड कश्मीर (यूएलएफजेएंडके), मुजाहिदीन गजवत-उल-हिंद (एमजीएच), जम्मू एंड कश्मीर फ्रीडम फाइटर्स (जेकेएफएफ) , कश्मीर टाइगर्स, पीएएफ और अन्य जैसे नए बने संगठनों के समर्थकों और कैडरों के परिसरों पर भी छापेमारी की। एनआईए ने कहा कि ये संगठन लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी), जैश-ए-मोहम्मद (जेईएम), हिज्ब-उल-मुजाहिदीन (एचएम), अल-बद्र और अल-कायदा जैसे विभिन्न प्रतिबंधित पाक समर्थित संगठनों से संबद्ध हैं। एनआईए प्रवक्ता ने कहा कि आज की तलाशी के दौरान बड़ी मात्रा में आपत्तिजनक डेटा वाले कई डिजिटल उपकरण बरामद किए गए।

## साइबर सुरक्षा के लिए अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर सहयोग जरूरी: शाह

**नयी दिल्ली:** केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा है कि आतंकवादी तथा साइबर अपराधी प्रौद्योगिकी का दुरूपयोग कर हिंसा करने, युवाओं को कट्टरपंथी बनाने तथा वित्त संसाधन जुटाने के नए नए तरीके खोज रहे हैं इसलिए साइबर सुरक्षा को मजबूत बनाने के लिए दुनिया भर में राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तरों पर परस्पर सहयोग बढाने की जरूरत है। श्री शाह ने गुरूवार को हरियाणा के गुरूग्राम में साइबर और अभासी दुनिया के युग में अपराध और सुरक्षा पर जी-20 सम्मेलन के उद्घाटन सत्र को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि आज की डिजिटल दुनिया में वसुधैव कुटुम्बकम अर्थात एक पृथ्वी , एक परिवार एक भविष्य की अवधारणा सबसे अधिक प्रासंगिक है। उन्होंने कहा कि प्रौद्योगिकी ने सभी तरह की सीमाओं की बाधाओं को तोड़ दिया है जिससे पूरी दुनिया में एक बड़े ग्लोबर विलेज के दायरे में आ गयी है। गृह मंत्री ने कहा कि साइबर सुरक्षा अब केवल डिजिटल दुनिया तक ही सीमित नहीं है।

## सशस्त्र बलों के बीच मोटे अनाज को बढ़ावा देने का समझौता

**नयी दिल्ली:** भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण और रक्षा मंत्रालय ने सशस्त्र बलों में मोटे अनाज के उपयोग और स्वस्थ भोजन प्रक्रियाओं को बढ़ावा देने तथा सुरक्षित तथा पौष्टिक भोजन की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय बृहस्पतिवार को यहां बताया कि रक्षा मंत्रालय और भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण के बीच रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया की उपस्थिति में एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए। दोनों मंत्रियों ने श्री अन्न की खपत और इसके स्वास्थ्य लाभों को बढ़ावा देने के लिए ह्यरक्षा के लिए स्वस्थ व्यंजनह्व नामक पुस्तक का भी अनावरण किया। इस अवसर पर चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ और सचिव जनरल अनिल चौहान, रक्षा सचिव गिरिधर अरमाने औरकेंद्रीय स्वास्थ्य सचिव राजेश भूषण तथा अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

अपरिहार्य कारणों से आज का अंक 12 पृष्ठों का है। पाठकों की असुविधा के लिए हमें खेद है।

**आपदा** › यमुना के बढ़ते जलस्तर को लेकर राजधानी में खतरा और बढ़ा

# मुख्यमंत्री आवास तक में बाढ़ का पानी पहुंचा

- पिछले 45 वर्षों का रिकार्ड टूट गया इस बार
- रिंग रोड का एक हिस्सा बाढ़ में बह गया
- कई इलाकों में पुलिस ने धारा 144 लगाया

राष्ट्रीय खबर



**नईदिल्ली:** दिल्ली में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के आवास के इलाके में भी बाढ़ का पानी घुस गया है और यमुना का जलस्तर बढ़ रहा है बुधवार को यमुना नदी का जलस्तर बढ़कर 207.55 मीटर हो गया। गुरुवार सुबह 7 बजे तक यमुना का जलस्तर 208.41 मीटर हो गया है. राजधानी में 12 आपदा मोचन टीमें तैयार की गई हैं। इस वजह से निचले इलाकों से लगातार लोगों को हटाया जा रहा है। दूसरी तरफ यह चेतावनी दी गयी है कि पहाड़ यानी हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड में हो रही बारिश का पानी भी दिल्ली तक पहुंचेगा, इससे जलस्तर और भी बढ़ सकता है। इस स्थिति को लेकर राज्य के अलावा केंद्र सरकार की चिंता भी बढ़ गयी है। ऐसा इसलिए है क्योंकि कुछ ही हफ्तों में जी20 शिखर सम्मेलन होना है। इस बीच भारी बारिश के कारण राजधानी में पानी भर गया है। दिल्ली में यमुना नदी का जलस्तर 45 साल के रिकॉर्ड को पार कर गया। बाढ़ग्रस्त इलाके दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के घर के आसपास भी हैं. हरियाणा के हथनीकुंडा बांध से पानी छोड़े जाने के कारण यमुना का जलस्तर खतरे के निशान से तीन मीटर ऊपर पहुंच गया है। मंजू का टीला से जुड़ा कश्मीरी गेट आईएसबीटी गेट बंद कर दिया गया है।
रिंग रोड इलाके का कुछ हिस्सा बाढ़ के पानी में बह गया। मीडिया सूत्रों के मुताबिक, यह इलाका मुख्यमंत्री

» पेज 2 भी देखें

### दिल्ली में एक-दो दिन हो सकती है पानी की किल्लत : केजरीवाल

**नयी दिल्ली:** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने गुरुवार को कहा कि यमुना का जल स्तर बढ़ने के बाद दिल्ली जल बोर्ड को मजबूरन तीन वाटर ट्रीटमेंट प्लांट्स बंद करने पड़े जिससे यहां जल आपूर्ति प्रभावित हो सकती है। श्री केजरीवाल ने वजीराबाद वाटर ट्रीटमेंट प्लांट का दौरा करके स्थिति का जायजा लिया और कहा कि यमुना नदी में जलस्तर बढ़ने के कारण वजीराबाद, चंद्रावल और ओखला वाटर ट्रीटमेंट प्लांट को बंद करना पड़ा है। प्लांट के मशीनों में पानी घुस गया है। इससे दिल्ली में पानी का उत्पादन 25 फीसद कम हो गया है। दिल्ली के लोगों को एक-दो दिन पानी की समस्या का सामना करना पड़ सकता हैं। जल घटते ही मशीनों को सुखाकर दोबारा प्लांट को शुरू कर दिया जायेगा। उन्होंने लोगों से अपील की है कि जरूरत न हो तो घर से बाहर न निकलें और ज्यादा से ज्यादा वर्क फ्रॉम होम करें। उन्होंने कहा, पहली बार दिल्ली में यमुना का जल स्तर इतना ऊपर तक आया है। इस समय यमुना का जल स्तर 208.60 मीटर को पार कर गया है। इतना ऊपर तक जल स्तर पहुंचेगा, यह किसी ने सोचा नहीं था। तीनों प्लांट्स को बंद होने से दिल्ली में करीब 25 फीसद पानी का उत्पादन कम हो जाएगा। इसके अलावा यमुना के निचले इलाकों में हमारे कई ट्यूबवेल्स चलते थे, पानी भरने की वजह से उनको भी बंद कर दिया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा, यमुना का पानी तेजी से सड़कों पर भी आ रहा है। उन्होंने लोगों से अपील की है कि प्रभावित इलाके के लोग अगर ज्यादा जरूरी न हो तो घर से न निकले और ज्यादा से ज्यादा वर्क फ्रॉम होम करें। दिल्ली में बनाए गए राहत केंद्रों में हम सारी सुविधाएं देने की कोशिश कर रहे हैं।

एक पांडा प्रजनन अनुसंधान सुविधा को दुनिया की सर्वश्रेष्ठ नई इमारतों में नामित किया गया है

## विश्व के श्रेष्ठ आर्किटेक्चर डिजाइनों का प्रदर्शन दिसंबर में

राष्ट्रीय खबर



**लंदन:** सफेद रंग की एक शांत दुबई मस्जिद, पेड़ों से घिरी सिंगापुर की गगनचुंबी इमारत और चीन के चेंगदू में एक पांडा प्रजनन अनुसंधान सुविधा को दुनिया की सर्वश्रेष्ठ नई इमारतों में नामित किया गया है। आकर्षक संरचनाएं इस साल के वर्ल्ड आर्किटेक्चर फेस्टिवल (डब्ल्यूएएफ) अवॉर्ड्स में शॉर्टलिस्ट की गई लगभग 250 पूर्ण परियोजनाओं में से एक हैं, जिनका समापन दिसंबर में वर्ल्ड बिल्डिंग ऑफ द ईयर के नाम से होगा। इमारतों का मूल्यांकन आवासीय, वाणिज्यिक और सांस्कृतिक वास्तुकला सहित 18 श्रेणियों में किया जाएगा। श्रेणी के विजेता तब प्रतिष्ठित समग्र पुरस्कार के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगे, जबकि अन्य पुरस्कार परिदृश्य वास्तुकला, प्रस्तावित भविष्य की परियोजनाओं और इंटीरियर डिजाइन में सर्वश्रेष्ठ को पहचानेंगे।
इस वर्ष के डब्ल्यूएएफ में 140-मजबूत विशेषज्ञ पैनल द्वारा पुरस्कारों का लाइव मूल्यांकन किया जाएगा, जो नवंबर के अंत में सिंगापुर में आयोजित किया जा रहा है। शॉर्टलिस्ट में अन्य उल्लेखनीय इमारतों में नेवार्क लिबर्टी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे का हाल ही में खोला गया टर्मिनल ए, मेलबर्न में ऑस्ट्रेलिया का होलोकॉस्ट संग्रहालय और कंबोडिया और सेनेगल दोनों में नए राष्ट्रीय स्टेडियम शामिल हैं। पिछले साल का शीर्ष पुरस्कार ऑस्ट्रेलिया के क्वे क्वार्टर टॉवर को गया था, एक कार्यालय भवन जिसे डेनिश फर्म 3ठ द्वारा मौजूदा 1970 के दशक की संरचना के दो-तिहाई से अधिक को नई ऊंची इमारत में शामिल करने के बाद दुनिया की पहली अपसाइकल गगनचुंबी इमारत करार दिया गया था। अन्य हालिया विजेताओं में नीदरलैंड में एक सार्वजनिक पुस्तकालय और एक डेनिश अपशिष्ट-से-ऊर्जा बिजली संयंत्र शामिल है जो कृत्रिम स्की और स्नोबोर्ड ढलान के रूप में भी काम करता है। एक प्रेस बयान में, डब्ल्यूएएफ के कार्यक्रम निदेशक पॉल फिंच ने कहा कि इस साल की शॉर्टलिस्ट कई संकटों का सामना कर रही दुनिया में एक अनुस्मारक है कि आर्किटेक्ट कौशल और कल्पना के साथ रोजमर्रा और असामान्य दोनों चुनौतियों

» पेज 2 भी देखें

मोदी की यात्रा के पहले ही राफेल का जिन्न फिर बाहर आया

## फ्रांस की अदालत ने भारत से दस्तावेज मांगे



- फ्रांस के समाचार वेब पोर्टल ने किया खुलासा
- फ्रांस की सरकार भी जांच से असहज स्थिति में
- नरेंद्र मोदी वहां के समारोह के मुख्य अतिथि

राष्ट्रीय खबर

**नईदिल्ली:** भारत में राफेल विमान सौदे पर कोई सुगबुगाहट नहीं होने के बाद भी फ्रांस में इसकी जांच जारी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और राफेल विमान खरीदने के सौदे को अंतिम रुप प्रदान कर रहे हैं। इसी बीच फ्रांस की अदालत ने भारत सरकार से इस मामले की जांच के लिए सहयोग मांगा है। पहले से ही राफेल विमान सौदे पर रिपोर्ट करने वाली फ्रांस की बेवसाइट मीडियापार्ट ने यह खुलासा किया है। इसमें कहा गया है कि पेरिस के मजिस्ट्रेट ने भारत सरकार को एक आधिकारिक अनुरोध भेजा है, जिसमें डसॉल्ट एविएशन द्वारा कथित तौर पर भारत में किए गए भुगतान की चल रही जांच में सहयोग मांगा गया है। मजिस्ट्रेट दो भारतीय जांचों की केस फाइलों का अध्ययन करने में विशेष रूप से रुचि रखते हैं, जैसा कि मीडियापार्ट ने पहले खुलासा किया है, इस बात के विस्तृत सबूत हैं कि डसॉल्ट ने 2016 में हस्ताक्षरित सौदे को सुरक्षित करने के अपने प्रयासों में गुप्त रूप से भारतीय आधारित व्यापार मध्यस्थ सुशेन गुप्ता को कई मिलियन यूरो का भुगतान किया था। मीडियापार्ट कहानी राफेल पहेली के दूसरे भाग पर भी नजर डालती है, जिसमें रिलायंस समूह के अनिल अंबानी को 2015 में फ्रांस से कर कटौती मिली है। मीडियापार्ट ने खुलासा किया कि कैसे अंबानी ने फ्रांसीसी अर्थशास्त्र मंत्री (और अब राष्ट्रपति) इमैनुएल मैक्रॉन और वित्त मंत्री मिशेल सैपिन को पत्र लिखकर 151 मिलियन यूरो के बिल को कम करने के लिए उनके व्यक्तिगत हस्तक्षेप का अनुरोध किया था। मीडियापार्ट को फ्रांस के कर प्रशासन द्वारा एकत्र किए गए गोपनीय दस्तावेजों में अंबानी के पत्र के सबूत मिले। इसके सूत्रों ने कहा कि इनमें से कुछ को 2016 में भारत को 36 राफेल

» पेज 2 भी देखें

## नौसेना के लिए 26 राफेल एम विमानों की खरीद को मंजूरी



**नयी दिल्ली:** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की फ्रांस यात्रा के बीच सरकार ने फ्रांस से नौसेना के लिए 26 राफेल एम लड़ाकू विमानों तथा स्कोर्पिन श्रेणी की तीन पनडुब्बियों की खरीद की मंजूरी दे दी। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में गुरूवार को यहां हुई रक्षा खरीद परिषद की बैठक में इस आशय के प्रस्ताव को मंजूरी दी गयी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज सुबह ही फ्रांस की अधिकारिक यात्रा के लिए रवाना हुए थे। उनकी यात्रा के दौरान दोनों देशों के बीच कई समझौते होने हैं। इनमें नौसेना के लिए 26 राफेल एम लड़ाकू विमानों की खरीद से संबंधित समझौता होने की भी संभावना है। इन विमानों को देश के पहले स्वदेशी विमानवाहक पोत आईएनएस विक्रांत पर तैनात किया जायेगा। नौसेना ने परीक्षणों के बाद अमेरिकी लड़ाकू विमान एफ-18 की तुलना में राफेल एम को तरजीह दी है। राफेल एम विमानों की खरीद को जरूरत के आधार पर मंजूरी दी गयी है और ये विमान फ्रांस सरकार से अंतर सरकार समझौते के तहत खरीद जायेंगे। ये विमान संबंधित उपकरणों , हथियारों , सिमुलेटर , कलपुर्जो , दस्तावेजों , चालक दल के प्रशिक्षण और लॉजिस्टिक स्पोर्ट के पैकेज के तहत खरीदे जायेंगे। इस सौदे की कीमत तथा शर्तें सभी संबंधित पहुलुओं तथा अन्य देशों को बेचे गये इसी तरह के विमानों के मूल्य के आधार पर फ्रांस सरकार के साथ बातचीत में तय की जायेगी। इसके अलावा शर्तों में भारतीय जरूरतों पर आधारित उपकरण , रख रखाव , मरम्मत और ऑपरेशन हब से संबंधित मुद्दों को भी बातचीत में शामिल किया जायेगा।

नार्ड स्ट्रीम में विस्फोट में नाव तक पहुंच गयी जांच टीम

## समुद्र के नीचे की पाइपलाइन विस्फोट में यूक्रेन पर संदेह

राष्ट्रीय खबर



**बर्लिन:** यूरोपीय राजनयिकों ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद को बताया कि जांचकताओं को बाल्टिक सागर में नॉर्ड स्ट्रीम गैस पाइपलाइनों पर पिछले साल के हमलों की जांच के हिस्से के रूप में तलाशी ली गई एक नौका से लिए गए नमूनों में समुद्र के नीचे विस्फोटकों के निशान मिले। राजनयिकों ने कहा कि जांच से अभी तक यह स्थापित नहीं हुआ है कि रूसी प्राकृतिक गैस को जर्मनी ले जाने के लिए बनाई गई पाइपलाइनों में किसने तोड़फोड़ की, या इसमें कोई राज्य शामिल था या नहीं। यह हमला, जो तब हुआ जब रूस के यूक्रेन पर पूर्ण पैमाने पर आक्रमण के बाद यूरोप ने रूसी ऊर्जा स्रोतों से खुद को दूर करने का प्रयास किया, जिसने युद्ध की शुरूआत के बाद तनाव में योगदान दिया। तोड़फोड़ का स्रोत एक प्रमुख अंतरराष्ट्रीय रहस्य रहा है। डेनमार्क, स्वीडन और जर्मनी 26 सितंबर के हमले की जांच कर रहे हैं, और डेनिश विदेश मंत्रालय ने मंगलवार को तीन देशों के संयुक्त राष्ट्र के राजदूतों से सुरक्षा परिषद के अध्यक्ष को उनकी अब तक की गतिविधियों की जानकारी के साथ एक पत्र ट्वीट किया। अधिकारियों ने मार्च में मीडिया रिपोर्टों पर सावधानी जताई थी कि तोड़फोड़ में यूक्रेन समर्थक समूह शामिल था। जर्मन मीडिया ने तब रिपोर्ट दी थी कि पांच पुरुषों और एक महिला ने हमले को अंजाम देने के लिए पोलैंड में एक यूक्रेनी स्वामित्व वाली कंपनी द्वारा किराए पर ली गई नौका का इस्तेमाल किया था, और यह जहाज रोस्टॉक के जर्मन बंदरगाह से रवाना हुआ था। जर्मन संघीय अभियोजकों ने उस और अन्य रिपोर्टों पर सीधे टिप्पणी करने से इनकार कर दिया, लेकिन उन्होंने पुष्टि की कि जनवरी में एक नाव की तलाशी ली गई थी, और कहा कि संदेह था कि इसका इस्तेमाल पाइपलाइनों को उड़ाने के लिए विस्फोटकों के परिवहन के लिए किया जा सकता था। इस सप्ताह के पत्र के एक भाग में जर्मनी के निष्कर्षों का विवरण देते हुए कहा गया है कि नौका का सटीक मार्ग निश्चित रूप से स्थापित नहीं किया गया है। पत्र में कहा गया है, जांच के दौरान नाव से

» पेज 2 भी देखें

**अनुसंधान** › लंदन की क्वीन मैरी विश्वविद्यालय ने कर दिखाया नया कमाल

# कृत्रिम मांसपेशी का विकास किया जो कई बदलाव लायेगा

- विद्युत संवेदना भी शामिल है डिजाइन में
- इसे स्व संवेदनशील भी बनाया गया है
- कई प्रयोगों में इसका इस्तेमाल होगा

राष्ट्रीय खबर



**रांची:** किसी भी जीव के शरीर में मांसपेशी उसके चलने के सबसे बड़े आधार है। दरअसल यह एक अत्यंत जटिल प्रक्रिया है, जिसमें रासायनिक और विद्युत संकेत भी दिमाग से जारी होते हैं। इन्हीं संकेतों के आधार पर मांसपेशी निर्देश के अनुरुप काम करती है। जब कभी यह क्षतिग्रस्त होती है तो इंसान हो अथवा कोई और जीव, उसके चलने फिरने में दिक्कतें आ जाती हैं। कई बार मांसपेशी का यह नुकसान स्थायी भी होती है। अब इस परेशानी को नया शोध शायद शीघ्र ही दूर कर लेगा। लंदन की क्वीन मैरी यूनिवर्सिटी के शोधकताओं ने एक नई विद्युत चर-कठोरता वाली कृत्रिम मांसपेशी के विकास के साथ बायोनिक्स में अभूतपूर्व प्रगति की

» पेज 2 भी देखें

### लंबाई की दिशा में 200 प्रतिशत से अधिक खिंचाव झेलने की क्षमता

शोधकताओं द्वारा विकसित अत्याधुनिक कृत्रिम मांसपेशी प्राकृतिक मांसपेशियों के समान लचीलापन और खिंचाव प्रदर्शित करती है, जो इसे जटिल नरम रोबोटिक प्रणालियों में एकीकरण और विभिन्न ज्यामितीय आकृतियों के अनुकूल बनाने के लिए आदर्श बनाती है। लंबाई की दिशा में 200 प्रतिशत से अधिक खिंचाव झेलने की क्षमता के साथ, धारीदार संरचना वाला यह लचीला एक्चुएटर असाधारण स्थायित्व प्रदर्शित करता है। विभिन्न वोल्टेज लागू करके, कृत्रिम मांसपेशी तेजी से अपनी कठोरता को समायोजित कर सकती है, 30 गुना से अधिक कठोरता परिवर्तन के साथ निरंतर मॉड्यूलेशन प्राप्त कर सकती है। इस स्व-संवेदी कृत्रिम मांसपेशी के निर्माण की प्रक्रिया सरल और विश्वसनीय है। कार्बन नैनोट्यूब को अल्ट्रासोनिक फैलाव तकनीक का उपयोग करके तरल सिलिकॉन के साथ मिलाया जाता है और पतली परत वाले कैथोड बनाने के लिए एक फिल्म एप्लिकेटर का उपयोग करके समान रूप से लेपित किया जाता है, जो कृत्रिम मांसपेशियों के संवेदन भाग के रूप में भी कार्य करता है। एनोड सीधे एक नरम धातु जाल कट का उपयोग करके बनाया जाता है, और एक्चुएशन परत कैथोड और एनोड के बीच सैंडविच होती है। तरल पदार्थों के ठीक होने के बाद, एक पूर्ण स्व-संवेदनशील चर-कठोरता वाली कृत्रिम मांसपेशी बनती है। डॉ. झांग ने प्रकाश डाला, हालांकि इन मेडिकल रोबोटों को क्लिनिकल सेटिंग्स में तैनात करने से पहले अभी भी चुनौतियों का समाधान किया जाना बाकी है, यह शोध मानव-मशीन एकीकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रगति का प्रतिनिधित्व करता है। यह नरम और पहनने योग्य रोबोटों के भविष्य के विकास के लिए एक खाका प्रदान करता है।

## तख्तापलट की आशंका से रूसियों ने निकाले दस हजार करोड़ रुबल



राष्ट्रीय खबर

**मॉस्को:** पुतिन के सत्ता से बेदखल होने के डर से रूसी लोगों ने बैंक से 10 हजार करोड़ रूबल निकाल लिये थे। अब भी आम रूसियों को डर था कि मॉस्को अभियान के दौरान वैगनर की सेना द्वारा राष्ट्रपति पुतिन को अपदस्थ किया जा सकता है। इससे रूस में बैंकों से बचत राशि निकालने की होड़ मच गई। कभी रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के करीबी रहे येवगेनी प्रिगोझिन की भाड़े की सेना वैगनर ग्रुप द्वारा मॉस्को पर कब्जा करने के अभियान के डर से रूस बैंकों से सारी बचत वापस लेने की होड़ में है। रूस के कई निवासियों को लगा कि इस बार पुतिन को उखाड़ फेंका जाएगा। इसलिए आगे

» पेज 2 भी देखें

राष्ट्रीय ख़बर हमारी नज़र



web : www.rashtriyakhabar.com
epaper.rashtriyakhabar.com

## शहर >> अपडेट

### बाबूलाल 15 जुलाई को प्रदेश अध्यक्ष का प्रभार ग्रहण करेंगे

**रांची:** प्रदेश भाजपा का स्नेह मिलन समारोह 15 जुलाई को कार्निवल बैंक्वेट हॉल में होगा। इस कार्यक्रम में भाजपा के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी प्रभार ग्रहण करेंगे। इन्हें निवर्तमान अध्यक्ष दीपक प्रकाश प्रभार ग्रहण कराएंगे। इस कार्यक्रम में पार्टी के वरिष्ठ नेता कड़िया मुंडा, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास, प्रदेश प्रभारी डॉ लक्ष्मीकांत वाजपेई, राष्ट्रीय मंत्री आशा लकड़ा, अनुसूचित जनजाति मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष और सांसद समीर उरांव, केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी, क्षेत्रीय संगठन महामंत्री नागेंद्र त्रिपाठी, प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह शामिल उपस्थित रहेंगे। यह जानकारी मुख्यालय प्रभारी डॉ प्रदीप वर्मा ने दी है।

### युवा राजद ने महंगाई के खिलाफ किया प्रदर्शन

**रांची:** कमरतोड़ महंगाई से त्रस्त जनता की समस्याओं को लेकर युवा राष्ट्रीय जनता दल ने बुधवार को अल्बर्ट एक्का चौक पर प्रदर्शन किया। इस दौरान नुक्कड़ नाटक कर राजद नेता सड़क पर सब्जी बेचने लगे। वहीं सिलेंडर के साथ प्रदर्शन कर मोदी सरकार के खोखले व झूठे वादों की अर्थी निकली।

**योजना** मुख्यमंत्री ने 10067 लाभुकों के बीच 5636.94 लाख रुपए की परिसंपत्तियों का किया वितरण

# झारखंड की तकदीर और तस्वीर बदलने के लिए कृत संकल्प : हेमन्त

- सरकार की हर योजना जन आकांक्षाओं और उम्मीदों के अनुरूप है
- आने वाली पीढ़ी को शिक्षित और मजबूत बनाने के लिए सरकार प्रतिबद्ध



राष्ट्रीय खबर

**रांची:** एक लंबे संघर्ष और आंदोलन के बाद हमने झारखंड तो ले लिया । लेकिन, पिछले दो दशकों में इस राज्य को जहां होना चाहिए वहां नहीं नहीं पहुंच सका। तमाम संसाधनों और क्षमताओं के बाद भी झारखंड की गिनती पिछड़े राज्यों में होती है । अब हमारी सरकार इस राज्य की तकदीर और तस्वीर बदलने के लिए कृत संकल्प है । इस कड़ी में कई योजनाएं शुरू की गई है और कई शुरू होंगी । ये योजनाएं झारखंड की दशा- और दिशा और स्वरूप को बदलने का काम करेगी। मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन आज बोकारो के नवाडीह में योजनाओं के उद्घाटन -शिलान्यास एवं परिसंपत्तियों के वितरण समारोह को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी हर योजना और नीति जन आकांक्षाओं के अनुरूप है। सरकार जो भी कार्य योजना बनाती है , उसमें जनता की सोच और उसकी उम्मीदों का विशेष ध्यान रखा जाता है । समाज का कोई भी वर्ग और तबका हो, हर किसी के हित और कल्याण से जुड़ी योजनाओं को प्राथमिकता दी जा रही है ।

मुख्यमंत्री ने कहा कि बच्चे सिर्फ अपनी पढ़ाई की चिंता करें । पढ़ाई का खर्च सरकार वहन करेगी । उन्होंने कहा कि स्कूली शिक्षा से लेकर विदेशों में उच्च शिक्षा के लिए सरकार की योजनाएं हैं । बच्चियां स्कूल से जुड़ी रहें, इसके लिए सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना शुरू की गई है । छात्रवृत्ति राशि में इजाफा किया गया है । विभिन्न प्रतियोगिता परीक्षाओं की कोचिंग से लेकर मेडिकल इंजीनियरिंग और लॉ जैसे कोर्सेज की पढ़ाई पर होने वाले खर्च को भी सरकार वाहन कर रही है। अगर विदेश में उच्च शिक्षा प्राप्त करना चाहते हैं तो उसका शत प्रतिशत खर्च सरकार वाहन कर रही है। इसी कड़ी में गुरुजी क्रेडिट कार्ड योजना शुरू की जा रही है । इसके तहत 15 लाख रुपए तक का एजुकेशन लोन न्यूनतम ब्याज दर पर विद्यार्थियों को उपलब्ध कराया जाएगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि आने वाली पीढ़ी शिक्षित और मजबूत बने, इसके लिए कई योजनाएं हैं । सरकार ने निजी विद्यालयों की तर्ज पर बच्चों को बेहतर और गुणवत्ता युक्त शिक्षा देने के लिए स्कूल ऑफ एक्सीलेंस की शुरूआत की है । वहीं अन्य स्कूलों में पढ़ाई से संबंधित सभी जरूरी संसाधन उपलब्ध कराए जा रहे हैं। सरकार पहली कक्षा से लेकर डिग्री तक की पढ़ाई की व्यवस्था सुनिश्चित कर रही है । नए मेडिकल, इंजीनियरिंग और उच्च शिक्षण संस्थान खोले जा रहे हैं, ताकि बच्चों को अपने ही राज्य में पढ़ाई के बेहतर अवसर मिल सके।

मुख्यमंत्री ने कहा कि यहां बड़े पैमाने पर नियुक्ति प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। नियुक्ति पत्र वितरण करने का सिलसिला लगातार जारी है और यह आगे भी चलेगा । वहीं, जो अपना कारोबार करने के इच्छुक है, उन्हें मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना के तहत अनुदान आधारित लोन उपलब्ध कराया जा रहा है । हमारी कोशिश है कि युवा रोजगार- स्वरोजगार से जुड़े और राज्य को सशक्त मजबूत बनाने में अपना योगदान दें। मुख्यमंत्री ने सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी से लोगों को अवगत कराया और उन्हें इन योजनाओं से जुड़ने को कहा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने के लिए लगातार काम कर रही है । मुख्यमंत्री पशुधन योजना इसी कड़ी का एक अहम हिस्सा है। इसके तहत लाभुकों को सरकार के द्वारा जो भी पशु दिया जाएगा, उसका अब इंश्योरेंस होगा, ताकि पशुओं की मौत पर लाभुकों को आर्थिक क्षति नहीं हो और वह आगे भी पशुपालन से जुड़े रहे।

## शेष नारायण ओझा का हुआ स्वागत



राष्ट्रीय खबर

**रांची:** राष्ट्रीय युवा कांग्रेस द्वारा झारखंड प्रदेश युवा कांग्रेस के प्रभारी की नियुक्ति की गई है। राष्ट्रीय सचिव शेष नारायण ओझा को प्रदेश युवा कांग्रेस का प्रभारी बनाया गया है। पदभार ग्रहण करते ही शेष नारायण ओझा द्वारा बैठकों का सिलसिला शुरू हो गया है। इस अवसर पर शेष नारायण ने कहा कि भारत युवाओं का देश है। युवा कांग्रेस संगठन हर मोर्चे पर आगे बढ़ कर लड़ाई लड़ती है। देश में बढ़ती बेरोजगारी के आंकड़े को बताते हुए निरंकुश केंद्र सरकार को घेरा। झारखंड प्रदेश युवा कांग्रेस के रांची, देवघर, जामताड़ा, कोडरमा, रामगढ़ ,बोकारो, धनबाद, सरायकेला-खरसावां, गुमला, पश्चिमी सिंहभूम , दुमका, लातेहार, लोहरदगा, हजारीबाग, पूर्वी सिंहभूम जिला एवं लीगल सेल की समीक्षात्मक बैठक की एवं आने वाले कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार की गई?। मौके पर मुख्य रूप से प्रदेश युवा कांग्रेस के अध्यक्ष अभिजीत राज, कुमार रोशन, जमील अख्तर, गौरव सिंह, माइकल मिंज, अनंत झा, रविंदर, कमलेश मौजूद थे।

पटना में राज्य सरकार के खिलाफ हुए प्रदर्शन के दौरान भाजपा कार्यकर्ता पर लाठी चार्ज

# सत्तामद में चूर नीतीश सरकार ने लोकतंत्र की हत्या की है: बाबूलाल मरांडी

राष्ट्रीय खबर

**रांची:** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवम पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने पटना में राज्य सरकार के खिलाफ हुए प्रदर्शन के दौरान भाजपा कार्यकर्ता की हुई हत्या की कड़ी भर्त्सना की है।उन्होंने कहा कि मोदी सरकार पर लोकतंत्र की आवाज को दबाने का झूठा आरोप लगाने वाले दलों को आज जवाब देना चाहिए कि पटना में भाजपा की रैली पर हुए बर्बर लाठीचार्ज में हुई मौत और सैकड़ों घायल लोगों का जिम्मेवार कौन है?उन्होंने कहा कि जदयू राजद की सरकार अपने खिलाफ आवाज उठाने वालों की हत्या करने में विश्वास करती है।उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में जनता की



समस्याओं को उठाने ,उसके खिलाफ शांतिपूर्ण प्रदर्शन करने का अधिकार सभी को है। लेकिन मुख्यमंत्री नीतीश कुमार जी सत्ता मद में इतने चूर हैं कि उन्हें जनता की आवाज सुनाई नही दे रही।उन्होंने कहा कि भाजपा की लोकप्रियता से घबराए ठगबंधन के लोग चाहे बिहार में हो या बंगाल में या फिर झारखंड में वे अपने खिलाफ उठ रही आवाज को सुनने की ताकत नहीं रखते। उनका आत्मबल कमजोर हो चुका है । आकंठ भ्रष्टाचार में डूबे होने के कारण उनमें तिलमिलाहट है,झल्लाहट है। उन्होंने कहा कि नीतीश कुमार जी को याद रखना चाहिए कि यही भाजपा कार्यकताओं ने लालू राबड़ी सरकार के खिलाफ संघर्ष करके आपको मुख्यमंत्री बनाया ।आज वही भाजपा कार्यकताओं ,जनप्रतिनिधियों पर आप लाठियां बरसा रहे,हत्या करवा रहे। वो दिन दूर नही जब जनता आपको कुर्सी से उतार देगी। समय बहुत बलवान होता है।

## हेमंत सरकार के आरोप अखबारी बयान तक सिमटे, कभी बकाया को लेकर केंद्र को नहीं लिखी गई चिट्ठी : कुणाल षाडंगी

राष्ट्रीय खबर




**रांची:** भारतीय जनता पार्टी ने सूबे के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के उस बयान पर पलटवार किया है जिसमें नीति आयोग के समक्ष सीएम ने केंद्र सरकार पर उपेक्षा का आरोप लगाया था। गुरुवार को प्रदेश भाजपा प्रवक्ता कुणाल षाडंगी ने इस आशय में राज्य सरकार की आलोचना करते हुए कहा की राज्य सरकार अपनी विफलताओं को छिपाने के लिए केंद्र सरकार पर राजनीतिक आरोप लगा रही है। भाजपा प्रवक्ता ने कहा की प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी की अगुवाई में लगातार वित्तीय अनुदानों की बारिश हो रही है, किंतु दुर्भाग्य है की हेमंत सरकार ने इन वित्तीय बारिश को सुरक्षित करने के बजाये बाल्टी उलट कर रखा है। ऐसे में लाभ न मिलना स्वभाविक है।उन्होने कहा की राज्य की स्थिति सुधारने के लिए संसाधन पर्याप्त है, किंतु इच्छाशक्ति का अभाव दिख रहा है। प्रधानमंत्री आवास योजना में राज्य सरकार की ओर से प्रति लाभुक 50,000/- रुपये अतिरिक्त देने की घोषणा हुई थी जिसका आज तक कुछ अता पता नही है। पता लगा आंगनबाड़ी केंद्रों में अनुदान का सही तरीके से इस्तेमाल नहीं हो रहा है। अनाज के आवंटन में प्रतिदिन घोटाले की खबरें आती है। सत्तर सालों में जिन्होंने राज्य को एक एम्स नहीं दिया उसके साथ मुख्यमंत्री जी गठबंधन की सरकार चला रहे हैं। और जब राज्य को केंद्र सरकार की ओर से एक एम्स मिला है तो उसे सुचारु रूप से चलाने की ज़िम्मेदारी राज्य सरकार की भी है जिस पर राज्य सरकार पूरी तरीके से विफल रही है। भाजपा प्रवक्ता कुणाल षाडंगी ने कहा सरकार आंकड़ों पर बात नहीं करती है। कहा की श्रेय लेने की राजनीति के चक्कर में राज्य का बेड़ा गर्त किया जा रहा है।

## पलामू टाइगर रिजर्व की स्थापना का उद्देश्य फेल, टूरिस्ट की तरह यहां नजर आते हैं बाघ: सरयू राय

राष्ट्रीय खबर

**रांची:** पलामू दौरे पर आए पूर्वी जमशेदपुर के विधायक और पूर्व मंत्री सरयू राय ने कहा कि पलामू टाइगर रिजर्व का 50वां स्थापना साल चल रहा है, लेकिन जो वस्तुस्थिति है, उससे यह प्रतीत नहीं होता कि ऐसी स्थिति है। सरकार, वन विभाग और पीटीआर प्रबंधन को चाहिए था कि 4 जून 1974 को स्थापित इस पीटीआर के 50वें वर्ष में स्थितियों के मद्देनजर बड़ा अयोजन होता और लोगों को यह बताया जाता कि इन वर्षों के दौरान पीटीआर ने क्या कुछ किया है। वर्तमान स्थिति क्या है, लेकिन ऐसा कुछ दूर दूर तक नजर नहीं आता। उन्होंने बेतला जाकर वस्तुस्थिति का अवलोकन भी किया था। उन्हें कुछ नजर नहीं आया। विधायक सरयू राय मेदनीनगर के परिसदन में पत्रकारों से बात कर रहे थे।उन्होंने कहा कि वर्ष 2017 में जब प्रभारी मंत्री बनकर उन्होंने पीटीआर में बैठक की थी तो कई मामलों की समीक्षा की थी। इसके बाद पीटीआर में निदेशक, उपनिदेशक सहित अन्य पदों पर अधिकारियों की नियुक्ति हुई। उससे पहले वन विभाग के अधिकारी दोहरी भूमिका में रहते थे। उन्होंने कहा कि पीटीआर के स्थापना काल के समय इस रिजर्व में 22 बाघ थे और यहां की भौगोलीक स्थिति पूरे झारखंड में बाघों के लिए बेहतर थी।

**शिकायत** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के महासचिव ने केंद्र सरकार पर साधा निशाना

# पीएम अपने प्रचार के लिए केंद्रीय संचार ब्यूरो का कर रहे दुरुपयोग : राकेश सिन्हा

राष्ट्रीय खबर

**रांची:** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के महासचिव सह प्रवक्ता राकेश सिन्हा ने केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए कहा है कि मोदी सरकार संसद द्वारा मंत्रालयों को आवंटित धनराशि का 40 प्रतिशत हड़पकर सीबीसी को समृद्ध करना चाहती है। क्या यह वास्तव में बजट का दुरुपयोग नहीं है? कहा कि संसद भारत सरकार के सभी विभागों और मंत्रालयों के लिए बजट की स्वीकृति देती है। हर एक कार्यक्रम व योजना का एक अलग बजट हेड होता है। लेकिन 19 मई, 2023 को वित्त मंत्रालय ने एक ऐसा कदम उठाया, जैसा पहले कभी नहीं हुआ। उसने आदेश दिया कि



विभिन्न विभागों व मंत्रालयों में विज्ञापन और प्रचार के लिए संसद द्वारा स्वीकृत राशि का 40 प्रतिशत केंद्रीय संचार ब्यूरो (सीबीसी) के नियंत्रण में रखा जाना चाहिए। सीबीसी सूचना एवं प्रसारण विभाग की एक इकाई है।राकेश सिन्हा ने कहा कि 2023-24 के लिए संसद द्वारा सीबीसी के लिए अनुमोदित बजट 200 करोड़ रुपए है। 19 मई, 2023 के वित्त मंत्रालय के आदेश के बाद से इस वर्ष के लिए सीबीसी का बजट बढ़ कर 750 करोड़ रुपए से अधिक हो जाएगा। स्पष्ट रूप से यह सीबीसी (सीबीआई और ईडी के साथ) 2024 के लिए मोदी सरकार के चुनाव अभियान में मुख्य भूमिका निभाएगा। सीबीसी सरकार का एक मुख्य अंग है, जो सिर्फ पीएम उर्फ प्रचार मंत्री की धुन पर नाच रहा है। लेकिन अब तक इस प्रचार मशीन के पास पर्याप्त धन नहीं था। यह निर्देश संसद के संवैधानिक दायित्वों का एक और उल्लंघन है। यह न केवल महत्वपूर्ण मंत्रालयों की विशेषज्ञता को नजरअंदाज करने वाला है, बल्कि यह संसद द्वारा पारित बजट के महत्व को भी कम करता है।

## पेज एक का शेष

### मुख्यमंत्री आवास तक .. ..

केजरीवाल के आवास से करीब 500 मीटर की दूरी पर स्थित है। बुधवार को यमुना नदी का जलस्तर बढ़कर 207.55 मीटर हो गया। इसने 1978 की बाढ़ के दौरान बनाए गए जल स्तर के रिकॉर्ड को भी पीछे छोड़ दिया। उस समय यमुना का जलस्तर बढ़कर 207.49 मीटर हो गया था। हालांकि, प्रशासन को आशंका है कि यह जलस्तर और बढ़ सकता है। दिल्ली पुलिस ने एहतियात के तौर पर बाढ़ संभावित इलाकों में धारा 144 लागू कर दी है। गुरुवार सुबह इसका स्तर और बढ़ गया। गुरुवार सुबह 7 बजे तक यमुना का जलस्तर 208.41 मीटर हो गया है। केजरीवाल ने राजधानी के हालात का जिक्र करते हुए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को पत्र लिखा है। उन्होंने हथिनीकुंडा बांध से न्यूनतम संभव दर पर पानी छोड़ने का अनुरोध किया। केंद्रीय जलशक्ति मंत्री गजेंद्र शेखावत से भी हिमाचल से हरियाणा में पानी की निकासी कम करने का अनुरोध किया गया है। हथिनीकुंडा बांध से छोड़े जाने वाले पानी की मात्रा धीरे-धीरे कम की जाएगी। दिल्लीवासियों से कहा गया है कि वे निगमबोध श्मशान घाट की ओर न जाएं। बचाव कार्य के लिए आपदा मोचन बल की 12 टीमें तैयार की गई हैं। रिंग रोड पर बालू भरी बोरियां फेंककर अस्थायी तटबंध बनाने का प्रयास किया गया है।

### विश्व के श्रेष्ठ आर्किटेक्चर .. ..

का समाधान करना जारी रखते हैं। कॉक्स आर्किटेक्चर को ओमान के प्राचीन शहर निजवा में एक नए सांस्कृतिक संस्थान, ओमान एक्रॉस एजेस म्यूज़ियम के लिए नामांकित किया गया था। डिजाइनर चैट आर्किटेक्ट्स के अनुसार, थाई मछली पकड़ने वाले गांव में निर्मित, एंगसिला ऑयस्टर स्कैफोल्डिंग पवेलियन पूरी तरह से काम करने वाला सीप फार्म और एक इको-पर्यटन स्थल है। शंघाई यूनाइटेड डिजाइन ग्रुप कंपनी लिमिटेड द्वारा चेंगदू, चीन में 11 मंजिला पांडा टॉवर, जाइंट पांडा ब्रीडिंग के गैर-लाभकारी समूह चेंगदू रिसर्च बेस के लिए एक नई साइट के रूप में कार्य करता है। संयुक्त अरब अमीरात स्थित फर्म डब्बाघ आर्किटेक्ट्स को दुबई में मस्जिद ऑफ लाइट के लिए धार्मिक भवन श्रेणी में शॉर्टलिस्ट किया गया था। हांग्जो, चीन में सेंट्रल-साउथ आर्किटेक्चरल डिजाइन इंस्टीट्यूट द्वारा घुमावदार ई-स्पोर्ट्स सेंटर। इंडोनेशियाई फर्म बिरो द्वारा डिजाइन किया गया, अस्थायी बांस गुंबद का निर्माण बाली में पिछले साल के जी20 शिखर सम्मेलन से पहले स्थानीय कारीगरों और कारीगरों द्वारा किया गया था।

### फ्रांस की अदालत ने .. ..

लड़ाकू विमानों की बिक्री के आसपास के भ्रष्टाचार के आरोपों की फ्रांसीसी न्यायिक जांच में एकत्र किए गए सबूतों में जोड़ा गया है। भारतीय वायु सेना के राफेल जेट 14 जुलाई को बैस्टिल डे सैन्य परेड में भाग लेंगे, जिसमें मोदी सम्मानित अतिथि हैं। इस कर कटौती की सूचना सबसे पहले फ्रांसीसी दैनिक ले मोंडे ने दी थी, जिसमें एक अनाम रिलायंस कर्मचारी के हवाले से कहा गया था कि वह और अनिल अंबानी मैक्रॉन से उनके कार्यालय में मिले थे, जहां उनके प्रशासन को एक फोन कॉल में कर समस्या का समाधान किया गया था। रिपोर्ट के अनुसार, रिलायंस ने कृत्रिम रूप से अपनी फ्रांसीसी सहायक कंपनी के मुनाफे को अपनी दूरसंचार गतिविधियों की मूल कंपनी, रिलायंस ग्लोबलकॉम लिमिटेड को हस्तांतरित कर दिया, जो कि ब्रिटिश विदेशी क्षेत्र बरमूडा में पंजीकृत है, जो हाल तक यूरोपीय संघ की गैर-सहकारी टैक्स हेवन की काली सूची में शामिल था।

### समुद्र के नीचे की .. ..

लिए गए नमूनों में समुद्र के भीतर विस्फोटक के निशान पाए गए, लेकिन इसमें विस्तार से नहीं बताया गया।

इसमें कहा गया है, इस बिंदु पर अपराधियों की पहचान और उनके उद्देश्यों को विश्वसनीय रूप से स्थापित करना संभव नहीं है, खासकर इस सवाल के संबंध में कि क्या घटना किसी राज्य या राज्य अभिनेता द्वारा संचालित की गई थी। जारी जांच के दौरान मामले को स्पष्ट करने के लिए सभी जानकारी प्राप्त की जाएगी। समुद्र के नीचे हुए विस्फोटों ने नॉर्ड स्ट्रीम 1 पाइपलाइन को तोड़ दिया, जो अगस्त के अंत में रूस द्वारा आपूर्ति बंद करने तक जर्मनी के लिए रूस का मुख्य प्राकृतिक गैस आपूर्ति मार्ग था। विस्फोटों ने नॉर्ड स्ट्रीम 2 पाइपलाइन को भी क्षतिग्रस्त कर दिया, जो कभी सेवा में नहीं आई क्योंकि फरवरी 2022 में रूस द्वारा यूक्रेन पर आक्रमण करने से कुछ समय पहले जर्मनी ने अपनी प्रमाणन प्रक्रिया को निलंबित कर दिया था। पाइपलाइनें लंबे समय से संयुक्त राज्य अमेरिका और उसके कुछ सहयोगियों द्वारा आलोचना का लक्ष्य थीं, जिन्होंने चेतावनी दी थी कि उन्होंने रूसी गैस पर निर्भरता बढ़ाकर यूरोप की ऊर्जा सुरक्षा के लिए खतरा पैदा किया है। रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और रूसी अधिकारियों ने अमेरिका पर विस्फोट करने का आरोप लगाया है, जिसे उन्होंने आतंकवादी हमला बताया है। यूक्रेन ने उन सुझावों को खारिज कर दिया है कि उसने हमले का आदेश दिया होगा। विस्फोटों की जांच कर रहे देशों ने इस पर कोई टिप्पणी नहीं की है कि कौन जिम्मेदार हो सकता है।

### कृत्रिम मांसपेशी का .. .. ..

है। एडवांस्ड इंटेलिजेंट सिस्टम्स में प्रकाशित, इस नवीन तकनीक में स्व-संवेदन क्षमताएं हैं और इसमें सॉफ्ट रोबोटिक्स और चिकित्सा अनुप्रयोगों में क्रांति लाने की क्षमता है। कृत्रिम मांसपेशियाँ नरम और कठोर अवस्थाओं के बीच सहजता से परिवर्तन करती हैं, साथ ही ताकतों और विकृतियों को भी महसूस करती हैं। प्राकृतिक मांसपेशियों के समान लचीलेपन और खिंचाव के साथ, इसे जटिल नरम रोबोटिक प्रणालियों में एकीकृत किया जा सकता है और विभिन्न आकृतियों के अनुकूल बनाया जा सकता है। वोल्टेज को समायोजित करके, मांसपेशी तेजी से अपनी कठोरता बदलती है और प्रतिरोध परिवर्तनों के माध्यम से अपनी विकृति की निगरानी कर सकती है। निर्माण प्रक्रिया सरल और विश्वसनीय है, जो इसे कई प्रकार के अनुप्रयोगों के लिए आदर्श बनाती है, जिसमें विकलांग व्यक्तियों या पुनर्वास प्रशिक्षण में रोगियों की सहायता करना भी शामिल है। हाल ही में एडवांस्ड इंटेलिजेंट सिस्टम्स में प्रकाशित एक अध्ययन में, लंदन की क्वीन मैरी यूनिवर्सिटी के शोधकर्ताओं ने एक नए प्रकार की विद्युत चर-कठोरता वाली कृत्रिम मांसपेशी के विकास के साथ बायोनिक्स के क्षेत्र में महत्वपूर्ण प्रगति की है, जिसमें आत्म-संवेदन क्षमताएं हैं।

### तख्तापलट की आशंका .. ..

अस्थिरता के डर से बैंकों से बचत की निकासी। रूसी अखबार मॉस्को टाइम्स ने बताया कि रूसी नागरिकों ने दो दिनों के भीतर बैंक से 10,000 अरब रूबल निकाले हैं। प्रिगोझिन ने दावा किया कि रूसी सेना ने मिसाइल हमलों से वैगनर समूह के कम से कम 30 लड़ाकों को मार डाला है। प्रिगोझिन ने अपना ह्यबदलाह्व लेने के लिए मास्को अभियान का आह्वान किया। मॉस्को के पास पहुंचते ही, किसी अज्ञात कारण से अभियान रोक दिया गया। हालाँकि, प्रिगोझिन ने कहा कि जब मॉस्को पर कब्जा करना होगा तो आम लोगों का खून बहाया जाएगा। इसे ध्यान में रखते हुए ऑपरेशन स्थगित करने का निर्णय लिया गया। बेलारूस के राष्ट्रपति अलेक्जेंडर लुकाशेंको ने घोषणा की कि उनकी मध्यस्थता से शांति समझौता हो गया है। हालांकि लुकाशेंको ने यह दावा किया, लेकिन इससे एम रूसियों का डर कम नहीं हुआ। उन्हें डर था कि कहीं पुतिन को उखाड़ न फेंक दिया जाए। छपी रिपोर्ट के मुताबिक, 23 से 25 जून के बीच आम नागरिक इतने घबरा गए थे कि वे अपना सारा पैसा बैंकों से निकाल रहे थे। अनिश्चित भविष्य के डर से वह नकदी अपने पास रखना चाहता था। रिपोर्ट में कहा गया है कि इस अवधि के दौरान रूसियों ने बैंक से 10 अरब रूबल निकाले। जो अमेरिकी डॉलर में लगभग 110 बिलियन डॉलर है। रूसी आर्थिक मीडिया आरबीसी के अनुसार, उस अवधि के दौरान निकाली गई धनराशि यूक्रेन युद्ध की शुरूआत के बाद से सबसे अधिक थी। रूस के सेंट्रल बैंक ने कहा कि जून में बैंकों से कुल 50,000 करोड़ रूबल निकाले गए। उनमें से पांच में से एक को 23 से 25 तारीख के बीच वापस ले लिया गया।

# प्राचार्य ने नव नामांकित विद्यार्थियों को नियमित रूप से कक्षा में आने के लिए किया प्रेरित

## एएम कॉलेज में वोकेशनल कोर्सेज का इंडक्शन मीटिंग आयोजित

राष्ट्रीय खबर




**गया :** गुरूवार को अनुग्रह मेमोरियल कॉलेज में वोकेशनल कोर्सेज के अंतर्गत बीबीएम, बीसीए, बीएससीआईटी, एमएससीआईटी तथा पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान विभाग के सत्र 2023-26 में नव नामांकित छात्र-छात्राओं का इंडक्शन मीटिंग का आयोजन विवेकानन्द सभागार में किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ मंचासीन प्राध्यापकों ने दीप प्रज्वलन तथा माँ सरस्वती की तस्वीर पर माल्यार्पण सह पुष्पार्चन कर किया। छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. शैलज कुमार श्रीवास्तव ने सभी नव नामांकित छात्रों को नये सत्र के लिए स्वागत एवं बधाई दी तथा कक्षा में अपनी उपस्थिति तथा अच्छे परीक्षाफल हेतु प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि व्यावसायिक विषय की पढ़ाई का लाभ प्राप्त कर कई छात्र-छात्राएँ मनोवाछिंत जगह पर कार्यरत है। उन्होंने नव नामांकित विद्यार्थियों का हौसला बढ़ाते हुए संयम एवं अनुशासन बनाए रखते हुए नियमित रूप से कक्षा में आने के लिए प्रेरित किया।पुस्तकालय एवं सूचना विभाग के समन्वयक ने भी पुस्तकालय विज्ञान के महत्ता पर प्रकाश डालते हुए सूचना विस्फोटक के इस युग में सूचनाओं को नियंत्रित करने के लिए पुस्तकालय में कम्प्युटर की सहायता से पाठ्य समाग्रियों को व्यवस्थित करने तथा पाठकों द्वारा मनावाछिंत पाठ्य समाग्री को अविलम्ब प्रदान करने के लिए विभिन्न तकनिकी प्रक्रियाओं से अवगत कराया। कम्प्युटर अप्लीकेशन सह आईटी एवं मैनेजमेंट विभाग के समन्वयक डॉ. उमाशंकर सिंह ने संबंधित पाठ्यक्रमों की विस्तृत चर्चा करते हुए कहा कि कम्प्युटर का प्रयोग खेल के मैदान से लेकर अध्ययन एवं अध्यापन के कार्यों में भी किया जा रहा है। आज हर दैनिक क्रिया कलाप कम्प्युटर की सहायता से सम्पादित किया जा रहा है। आधुनिक युग में इसकी महत्ता बढ़ गयी है। कार्यक्रम के अन्त में डॉ. उमाशंकर सिंह ने धन्यवाद ज्ञापन किया तथा सामुहिक राष्ट्रगान के साथ परिचय पर्व का समापन हुआ। उक्त आशय की जानकारी मीडिया प्रभारी अमृतेंदु घोषाल ने दी।

## सियार के हमले से एक महिला समेत चार घायल

**बगहा :** पुलिस जिला अंतर्गत लौकरिया थाना क्षेत्र के गरकट्टी गांव में मंगलवार की शाम एक सियार ने हमला कर चार लोगों को घायल कर दिया है। जिसमें एक बुजुर्ग महिला भी शामिल है। उन्हें स्वास्थ्य केंद्र हरनाटांड़ में एआरवी की वैक्सीन लगाई गई। घायलों की पहचान ठेलिया देवी 78 वर्ष, शंकर बीन 68 वर्ष, रविंद्र चौधरी 62 वर्ष तथा नरेश बिन 48 वर्ष के रूप में हुई है। शंकर बीन व नरेश बीन गांव के समीप अपने खेतों में काम करने के लिए गए थे । उस दौरान सियार ने उनपर हमला बोल दिया तथा उनके चिल्लाने व शोरगुल पर सियार गांव की तरफ भागा। इस दौरान गांव में आकर ठेलिया देवी व रविन्द्र चौधरी को निशाना बनाया। भड़छी पंचायत के मुखिया कृष्णमोहन प्रसाद ने बताया कि सियार के हमले में चार लोगों के जख्मी होने के बाद गरकट्टी के लोगों में दहशत का माहौल हो गया है। लोगों को जागरूक किया जा रहा है कि सरेह में अकेले ना जाकर समूह में जाए। इस मामले में स्वास्थ्य केंद्र हरनाटांड़ के चिकित्सक डॉक्टर इरशाद आलम ने बताया कि उन्हें प्राथमिक उपचार के बाद टेटनस व एंटी रैबीज वैक्सीन लगा दी गई है।

## परेशानी : चेक के लिए पोस्ट ऑफिस चक्कर लगा रहे खाताधारक

**चकिया पू चं:** नगर परिषद के वार्ड 19 स्थित पोस्ट ऑफिस में चेक उपलब्ध नहीं होने के कारण खाताधारक डाक घर का चक्कर लगाने को मजबूर हैं। खाताधारक संगीता कुमारी राउत, रीता देवी, अवनीश कुमार, मुकेश कुमार, नीता शर्मा आदि ने बताया कि उप डाक घर में लगभग 20 दिनों से चेक उपलब्ध नहीं है। चेक के लिए रोज-रोज उप डाक घर का चक्कर लगाना पड़ रहा है। चेक उपलब्ध नहीं होने के कारण डाक विभाग के महत्वकांक्षी योजनाओं का समय पर लाभ नहीं मिल पा रहा है। बताते चलें कि पोस्ट ऑफिस के फिक्स डिपाजिट, एमआईएस आदि योजनाओं में 20 हजार से ऊपर के पूंजी निवेश हेतु चेक अनिवार्य है। इसको लेकर लोगों का कहना है कि पोस्ट ऑफिस के कार्य प्रणाली में सुधार नहीं हुआ तो ग्राहक निराश होकर अन्य बैंकों में पूंजी निवेश करेंगे। इस बाबत डाकपाल जगत राम ने बताया कि प्रधान कार्यालय से चेक की डिमांड की गई है लेकिन प्रधान कार्यालय द्वारा अभी तक चेक उपलब्ध नहीं कराया गया है।

## अंग्रेजी शराब के साथ दो गिरफ्तार

**मधुबनी :** धनहा थाना पुलिस ने बुधवार की देर शाम धनहा गौतम बुद्ध सेतु चेकपोस्ट पर जांच के दौरान 15 लीटर बीयर एवं 8 लीटर अंग्रेजी शराब के साथ दो शराब कारोबारी को गिरफ्तार किया। जिनके विरूद्ध उत्पाद अधिनियम के तहत एफआईआर दर्ज कर जेल भेज दिया गया। थानाध्यक्ष अजय कुमार ने बताया कि धनहा गौतम बुद्ध सेतु चेक पोस्ट पर गहन जांच अभियान चलाया जा रहा था। उसी दौरान यूपी के तरफ से आ रहे एक ऑटो में बैठे लोगों की तलाशी ली गई। इसी दौरान दो युवकों के बैग में रखे गए 8 लीटर अंग्रेजी शराब एवं 31 पीस बियर जप्त किया गया। दोनों शराब तस्करों की पहचान चनपटिया के बिट्टू कुमार एवं अंकित कुमार के रूप में हुई है।

## दर्जनों विद्यालय में हुई शिक्षकों की उपस्थिति जांच

**मधुबनी :** जिला पदाधिकारी के आदेश के आलोक में गुरुवार को प्रखंड के सभी विद्यालयों का जांच किया गया। जांच के लिए प्रखंड स्तर के सभी पदाधिकारियों को लगाया गया था। जांच उपरांत कार्यक्रम पदाधिकारी मधुबनी रत्नेश कुमार ने बताया कि राजकीय मध्य विद्यालय पकडीअहवा दौंनहा, राजीकीय माध्यमिक विद्यालय पकड़िआहवा दौंनहा, राजकीय मध्य विद्यालय मुर्गाहवा, राजीकीय प्राथमिक विद्यालय बिनटोली दौंनहा, राजीकीय प्राथमिक विद्यालय टड़वा टोला, आदि विद्यालयों का जांच किया गया। जिसमें विद्यालय के शिक्षक का कुल संख्या एवं उपस्थिति रजिस्टर, बच्चो का कुल संख्या एवं उपस्थिति रजिस्टर, बच्चो का ड्रेस आदि का जांच किया गया। उन्होंने बताया कि लगभग सभी विद्यालयों की स्थिति संतोषजनक पायी गई।

## आशा व एएनएम के साथ पीएचसी प्रभारी ने की बैठक

**बगहा/पिपरासी :** पीएचसी में आशा एवं नर्स के साथ अलग-अलग बैठक पीएचसी प्रभारी की अध्यक्षता में संपन्न हुई। पीएचसी प्रभारी डॉ. रविंद्र कुमार मिश्रा ने बताया कि भारत सरकार के द्वारा एक नया वीनू नामक ऐप जनरेट किया गया है। जिस प्रकार कोरोना के लिए सभी जानकारी मोबाइल पर मिलती थी। इस प्रकार नए ऐप से सभी टीकाकरण की जानकारी मोबाइल पर मिलेगी। कौन-कौन टीका बच्चे या गर्भवती की लगी है। कौन सा टीका बकाया है। सभी की सूचना इस ऐप के जरिए मोबाइल पर मिलेगी। बरसात में जिन स्थानों पर जल जमा हुआ है, वहां ब्लीचिंग पाउडर छिड़काव करने की भी निर्देश दिए गए। बाढग्रस्त क्षेत्र पर विशेष निगरानी बरतने का निर्देश और चेतावनी प्रभारी द्वारा दिया गया। मौके पर आशा फैसिलिटी आरती देवी, मीना देवी, आशा सुमन, मीना, नीतू नर्स रीता, रीना, प्रिती, किरण, सुजाता, बेबी आदि शामिल रहे ।

## खुशहाल जीवन के लिए परिवार नियोजन आवश्यक : डॉ अनुपम

मोतिहारी पू चं : महात्मा गाँधी केन्द्रीय विश्वविद्यालय के सेहत केन्द्र द्वारा विश्व जनसंख्या दिवस के अवसर पर एक विशिष्ट व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्यवक्ता के रूप में समाजशास्त्र विभाग के डॉ अनुपम वर्मा ने बताया कि वर्तमान समय में भारत विश्व की सबसे बड़ी जनसंख्या वाला देश है। बढ़ती जनसंख्या विस्फोट को रोकने के लिए और खुशहाल जीवन जीने के लिए परिवार नियोजन अत्यन्त आवश्यक है। विशिष्टवक्ता उपमेश तलवार ने परिवार नियोजन और खुशहाल जीवन विषय पर सारगर्भित वक्तव्य प्रदान किया, उन्होंने कहा कि परिवार नियोजन आवश्यक है किन्तु परिवार के होने पर ही नियोजन की महत्ता को समझा जा सकता है। कार्यक्रम की अध्यक्षता सेहत केन्द्र के संयोजक डॉ पवनेश कुमार ने किया। कार्यक्रम में गाँधी एवं शान्ति अध्ययन विभाग के अध्यक्ष डॉ जुगल किशोर दाधीच, राजनीति विभाग के सहायक आचार्य डॉ ओमप्रकाश गुप्ता, डॉ पंकज कुमार सिंह तथा अर्थशास्त्र विभाग के सहायक आचार्य डॉ राम लाल बगाड़िया के साथ ही विभिन्न विभागों के अध्यापक गण तथा शोधार्थी एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## बसवरिया पराउटोला पंचायत के मुखिया एवं वार्ड सदस्यों में नहीं है कोई विवाद : मुखिया

सभी जन प्रतिनिधि पंचायत में समन्वित करेंगे विकास कार्य

राष्ट्रीय खबर



**लौरिया, प च :** बसवरिया पराउटोला पंचायत के वार्ड सदस्य एवं मुखिया ने जिरिया बंगाली माई स्थान परिसर में बैठक किया। जिसमें समन्वित विकास विभिन्न योजनाओं पर चर्चा की गई। उपस्थित वार्ड सदस्यों को मुखिया ई. शैलेश कुमार ने कहा कि सभी अपने वार्ड में किसानों की समस्या से उन्हें अवगत करायें तथा सरकार संचालित विभिन्न योजनाओं से उन्हें लाभान्वित करने का प्रयास करें। जिनको शौचालय, आवास, पशु शेड्स की आवश्यकता है, उनकी सूची उपलब्ध कराएं। जिससे उन्हें सरकार संचालित योजना का लाभ दिलवाया जा सके। सबने पंचायत के विकास में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाने का वादा किया। मुखिया ने बताया कि पंचायत को स्वच्छ बनाना हमारी प्राथमिकता है, जिसके लिये हमारी टीम लगी हुई है। बता दें कि विगत दिनों वार्ड सदस्यों ने एक बैठक कर मुखिया पंचायत सचिव व पंचायत रोजगार सेवक पर मनमानी तथा भ्रष्टाचार का आरोप लगाया। इस बैठक में वार्ड सदस्यों ने सभी आरोपो को गलत कहते हुए पंचायत विकास के विषय पर एकजूट रहने का प्रण लिया। मौके पर लालसा देवी, संदीप कुमार गुप्ता, उत्तम कुमार यादव, मधुरेन्द्र ठाकुर, विनय तिवारी, नगेन्द्र साह, सुशीला देवी, अंतिमा देवी, उषा देवी, घुरी राम, ग्यासुदीन अंसारी, सुवन देवी, सुशीला कुंअर सहित सभी वार्ड सदस्य उपस्थित थे।

कल रिलीज होगी रितेश की हॉरर कॉमेडी फिल्म तू तू मैं मैं

## भोजपुरी सिनेमा जगत को उचाइयों पर ले के जाएगी तू तू मैं मैं : रितेश पांडेय

राष्ट्रीय खबर



**पटना :** जियो स्टूडियोज प्रस्तुत रितेश पांडेय की फिल्म तू तू मैं मैं 15 जुलाई को जियो सिनेमा पर रिलीज होगी। यह एक रोमांचक हॉरर कॉमेडी फिल्म है। जिसमें रितेश पांडेय, विक्रांत सिंह राजपूत, मधु शर्मा, यामिनी सिंह प्रमुख भूमिकाओं में नजर आएंगे। पूर्व में इसके ट्रेलर को दर्शकों ने खूब सराहा है। भोजपुरी सिने जगत में अपनी सुरीली गायिकी व अभिनय से अपनी पहचान बनाने वाल अभिनेता रितेश पांडेय ने फिल्म ह्यतू तू मैं मैं को बेहद खास फिल्म बताया है। उन्होंने कहा फि ल्म भोजपुरी सिनेमा को एक नयी दिशा दिखाएगी एवं भोजपुरी सिनेमा जगत को उचाइयों पर ले के जाएगी। दर्शकों से आग्रह है कि वे फिल्म देखें और अपनी प्रतिक्रिया से भी हमें अवगत कराएं। फिल्म में भोजपुरी के सबसे वरस्टाईल एक्टर अवधेश मिश्रा, प्रकाश जैश, के के गोस्वामी, महेश आचार्य और देव सिंह जैसी दिग्गज कलाकारों की भी मौजूदगी हैं। जियो स्टूडियोज प्रस्तुत व मैडज मूवीज और एक्कुअल मूवीज प्रोडक्शन की फिल्म तू तू मैं मैं की निमार्ता ज्योति देशपांडे, अविनाश रोहरा, समीर आफताब और वेंकट महेश हैं। निर्देशक प्रवीन कुमार गुड्डुरी, कैमरामैन वासु, म्यूजिक छोटे बाबा, लिरिक्स अरबिंद तिवारी व सुमित सिंह चंद्रवंशी की है। वहीं लेखक इंद्रजीत कुमार तथा कोरियोग्राफर संजय कोर्वे हैं।

## इंडिया मोबाइल कांग्रेस का 7वां संस्करण 27 से 29 अक्टूबर तक होगा

राष्ट्रीय खबर



**पटना :** एशिया की प्रीमियर डिजिटल टेक्नोलॉजी प्रदर्शनी इंडिया मोबाइल कांग्रेस के सातवें संस्करण का आयोजन नयी दिल्ली के प्रगति मैदान में 27 से 29 अक्टूबर के बीच दूरसंचार विभाग और सेलुलर आपरेटर्स एसोसिएशन आफ इंडिया (सीओएआई) की संयुक्त मेजबानी में किया जाएगा। ग्लोबल डिजिटल इनोवेशन थीम के साथ आईएमसी उद्योग, सरकार, अकादमिक क्षेत्र और प्रौद्योगिकी पारितंत्र में अन्य प्रमुख भागीदारों के लिए एक आदर्श मिलन बिंदु और प्रदर्शन केंद्र है। इस प्रतिष्ठित आईएमसी 2023 आयोजन में एक लाख से अधिक भागीदार, 5000 से अधिक सीएक्सओ स्तर के प्रतिनिधि, 350 से अधिक वक्ता और 400 से अधिक प्रदर्शनी लगाने वाले शामिल होंगे। इस प्रमुख कार्यक्रम में 6जी, 5जी नेटवर्क में उन्नति, दूरसंचार में एआई के बढ़ते उपयोग और अन्य क्षेत्रों जैसे एज कंप्यूटिंग, इंडस्ट्री 4.0 एवं इंडिया स्टैक के उद्भव पर प्रकाश डालेंगे। आईएमसी 2023 एलेसिना, आईईएसए, इस्पा, डीएफआई जैसे विभिन्न संगठनों के साथ साझीदारी के जरिये प्रसारण, सैटकॉम, विनिर्माण, सेमीकंडक्टर्स जैसे टेक्नोलॉजी क्षेत्रों का विस्तार भी करेगा। आईएमसी 2023 ने कई बी2जी और बी2बी फोरम और उद्योग गोलमेज बैठकें भी शुरू करने की योजना बनाई है जहां बड़े विश्वविद्यालय के विद्यार्थी और ग्लोबल बायर फोरम भी होंगे। सीओएआई के चेयरमैन पीके मित्तल ने इस अवसर पर एकत्र हुए लोगों का स्वागत किया और आश्वासन दिया कि इस साल का एशिया का सबसे बड़ा दूरसंचार आयोजन भारत के तेजी से बढ़ रहे टेक्नोलॉजी उद्योग के लिए मील का पत्थर साबित होगा। दूरसंचार विभाग (डॉट) के अपर सचिव वी.एल. कांता राव ने कहा, आईएमसी इस उद्योग और सरकार के लिए एक प्रतिष्ठित आयोजन है। केन्द्रीय संचार राज्यमंत्री देवुसिन्ह चैहान ने कहा, देश में दूरसंचार उद्योग ने पिछले कुछ वर्षों में काफी कुछ बदल दिया है और आईएमसी ने भी एक प्रमुख प्रौद्योगिकी आयोजन के तौर पर विश्व और एशिया में अपनी छाप छोड़ी है। केन्द्रीय संचार, इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा, इंडिया मोबाइल कांग्रेस इस देश में एक प्रमुख प्रौद्योगिकी आयोजन के तौर पर उभरा है। पिछले वर्ष प्रधानमंत्री ने 5जी लांच किया। एस्पायर का प्राथमिक उद्देश्य इनवेस्टर जोन, पिचिंग जोन, वर्कशॉप जोन और नेटवर्किंग जोन जैसे विभिन्न खंडों का सृजन कर बेजोड़ अनुभव प्रदान करना है।

## समीक्षात्मक बैठक में पदाधिकारियों का नहीं पहुंचना चिंताजनक : विजया सिंह

राष्ट्रीय खबर



**बगहा/मधुबनी :** प्रखंड सभागार में नियमित रूप से जनप्रतिनिधियों व सरकारी पदाधिकारियों के बीच आपसी तालमेल तथा लंबित कार्यों को लेकर बैठक में सरकारी पदाधिकारियों का बैठक में अनुपस्थित रहना प्रखंड प्रमुख द्वारा चिंता का विषय है। इसको लेकर मधुबनी प्रखंड प्रमुख विजया सिंह ने मधुबनी बीडीओ, एसडीएम डॉ. अनुपमा सिंह तथा जिलाधिकारी बेतिया को पत्र के माध्यम से अवगत कराने की बात कही। इस दौरान उन्होंने कहा कि पिछले बार भी जनप्रतिनिधियों व सरकारी पदाधिकारियों की बैठक में अन्य कई पदाधिकारी अनुपस्थित पाये गये थे। जिसको लेकर पंचायत के कार्यों को प्रभावित कर रहा है। हालांकि सम्बंधित पदाधिकारियों को बैठक के पूर्व में सूचना भेजी जाती रही है। बैठक के दौरान धनहा थाना की पुलिस, मधुबनी पीएचसी पदाधिकारी, लेबर इंस्पेक्टर, शिक्षा पदाधिकारी, स्टेट बैंक मधुबनी, ग्रामीण बैंक तमकुहा के पदाधिकारी बैठक में अनुपस्थित रहे। बीडीओ राजेश भूषण ने इस बाबत बताया कि प्रखंड सभागर में जनप्रतिनिधियों व पदाधिकारियों के बीच अहम बैठक में कई अन्य पदाधिकारी अनुपस्थित थे, जो सही मायने में चिंता का विषय है। इसको लेकर जिला को पत्र भेजा जायेगा।

## बालू लदे ओवर लोडेड ट्रक से पुलिया ध्वस्त, पांच गांवों का आवागमन बाधित



**बेतिया, प च :** महात्मा गांधी को चम्पारण बुलाने वाले पण्डित राजकुमार शुक्ल की कर्मस्थली रही मुरली-भरहवा मुख्य मार्ग स्थित पुलिया ध्वस्त होने के कारण पांच गांव से संपर्क विच्छेद हो गया है। जिससे यातायात बाधित हो गया है तथा लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उपर्युक्त पांच गांव के ग्रामीण तारकेश्वर कुमार, रानू मिश्र, मझरिया पंचायत के पंसस रामस्नेही प्रसाद चौरसिया, विनय चौरसिया, कृष्ण कुमार, अमिताभचंद्र उर्फ मुन्ना, विनोद कुमार प्रसाद बताते हैं कि बालू लदे ओवर लोडेड ट्रक से बिसौली नया टोला व पकड़ी गांव के बीच की पुलिया ध्वस्त हो गई है। जिससे मुरली-भरहवा गांव का संपर्क बलुआ, अमोलवा, पकड़ी, बिसौली व विश्वनाथ चौक से कट गया है। जिससे आवागमन पूर्णतः बाधित हो गया है। नरकटियागंज प्रमंडल के ग्रामीण कार्य विभाग के एसडीओ सनोज राम बताते हैं कि पुलिया ध्वस्त हो जाने की सूचना मिली है, उसका निरीक्षण कर दुरुस्त कर यातायात बहाल किया जाएगा। ग्रामीणों ने बताया कि ध्वस्त पुलिया से लगभग 500 मीटर पूरब की दूरी पर बनी अन्य पुलिया भी पूरी तरह जर्जर हो गई है। उपर्युक्त पुलिया भी ध्वस्त हो सकती है। जिससे यातायात प्रभावित होने की पूरी संभावना है।

## उच्च शिक्षा के क्षेत्र में सत्येंद्र बाबू के सपने को संकल्प के साथ करेंगे पूरा : कुलपति

मगध विवि परिसर में प्रतिमा लगाने की हुई घोषणा

एनएसयूआई का छात्र संवाद सह जयंती समारोह आयोजित

राष्ट्रीय खबर




**बोधगया :** मगध विश्वविद्यालय स्थित मन्नु लाल केंद्रीय पुस्तकालय में बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री सत्येंद्र नारायण सिन्हा का एनएसयूआई के बैनर तले जयंती सह छात्र संवाद कार्यक्रम मनाई गई। मुख्य अतिथि के रूप के मगध विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो शशि प्रताप शाही ने कहा कि वर्तमान पीढ़ी अपनी नायकों को भूल रहे है। ऐसे समय मे सत्येंद्र बाबू का जयंती मनाना मगध विश्वविद्यालय की स्वर्णिम अतीत को वर्तमान में परिवर्तित करना होगा। उच्च शिक्षा के प्रति उसे हम सभी संकल्प के साथ उनके सपनों को पूरा करेंगे। उनकी आदमकद की प्रतिमा लगाई जाएगी। इस मौके पर एनएसयूआई के बिहार राज्य प्रभारी रोशन लाल बिट्टू ने कहा कि देश और राज्य के निर्माण में जितने महापुरुष है उनमें से एक है सत्येंद्र नारायण सिन्हा। उनकी योगदान को बिहार और मगध की धरती हमेशा याद रखेगी। एनएसयूआई के राष्ट्रीय संयोजक आशुतोष सिंह ने कहा कि छोटे साहब द्वारा मगध विश्वविद्यालय की स्थापना करना ऐतिहासिक पहल रही है। वर्तमान समय मे प्रदेश के दूसरे राजनेताओं को सिख लेनी चाहिये कि विकास मुलवधारण शैक्षणिक व्यवस्था को सुद्दढ कर के ही किया जा सकता है। सत्येंद्र नारायण सिन्हा के सानिध्य में रहे वीर कुँवर सिंह विश्वविद्यालय के प्राचीन विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो विजय सिंह ने उनके साथ स्मरण के साथ उनके व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला। उनके परिवारिक सदस्य अभिषेक प्रताप सिंह, एनएसयूआई के जिला अध्यक्ष निशांत कुमार, रविरंजन निलय, बलवंत पासवान, विक्रम, नेहा, शिखा, रिंकी, किरण, बीयूटी आदि सैकड़ो छात्र छात्र मौजूद रहे। सभा की अध्यक्षता और संचालन धर्मेंद्र कुमार ने किया।

# विधानसभा मार्च कर रहे भाजपा कार्यकर्ताओं पर लाठीचार्ज, एक की मौत, कई जख्मी

## सैकड़ो स्पेशल कमांडो ने भाजपा नेताओं को दौड़ा-दौड़ाकर पीटा

### नीतीश-तेजस्वी जनतंत्र पर नहीं बल्कि लाठी तंत्र और हत्या तंत्र पर विश्वास कर रहे हैं : डॉ जायसवाल

राष्ट्रीय खबर





**पटना :** विधानसभा घेराव कर रहे बीजेपी कार्यकताओं पर बिहार पुलिस के जवानों ने लाठीचार्ज किया। बता दें कि तेजस्वी यादव के ऊपर चार्जशीट, नई शिक्षक नियमावली और 10 लाख रोजगार देने के वादे से मुकरने के खिलाफ बीजेपी ने विधानसभा मार्च निकाला था। इस दौरान बीजेपी के कार्यकताओं पर पुलिस ने लाठीचार्ज किया। एकएक कार्यकताओं को पुलिस ने दौड़ा दौड़ा कर पीटा। बता दें कि बीजेपी के प्रदर्शन को रोकने के लिए 300 की संख्या में स्पेशल कमांडो उतारे गए थे, जिन्हें सख्ती से पेश आने के लिए सरकार द्वारा बोला गया था। पुलिस ने कार्यकताओं को रोकने के लिए वाटर कैनन व आंसूगैस के गोले का भी इस्तेमाल किया। सरकार के खिलाफ बिहार विधानसभा मार्च कर रहे बीजेपी नेताओं और कार्यकताओं पर पुलिस ने लाठीचार्ज कर दिया। डाकबंगला चौराहे पर पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को रोकने के कोशिश की। कार्यकर्ता नहीं माने तो पुलिस ने वाटर कैनन से पानी की बौछार की, और आंसू गैस के गोले छोड़े। वहीं कार्यकताओं को दौड़ा-दौड़ाकर पीटा गया। जिसमें एक कार्यकर्ता की मौत तथा कईयों के घायल होने की सूचना है। प्राप्त जानकारी के अनुसार इस घटना में मृत कार्यकर्ता की पहचान जहानाबाद जिला महामंत्री विजय सिंह के रूप में हुई है। घटना के बाद पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सांसद संजय जयसवाल ने तीखी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि नीतीश- तेजस्वी की अंधी बहरी सरकार न्याय तो दे नहीं सकती लेकिन शांतिपूर्वक मार्च कर रहे भाजपा कार्यकताओं पर पुलिस द्वारा निर्मम ढंग से लाठीचार्ज किया गया है। इससे जाहिर होता है कि अब नीतीश-तेजस्वी जनतंत्र पर नहीं बल्कि लाठी तंत्र और हत्या तंत्र पर विश्वास कर रहे हैं। बीजेपी अध्यक्ष जेपी नड्डा ने ट्वीट किया है कि बीजेपी कार्यकताओं पर हुआ लाठीचार्ज राज्य सरकार की विफलता और बौखलाहट का नतीजा है। महागठबंधन की सरकार भ्रष्टाचार के किले को बचाने के लिए लोकतंत्र पर हमला कर रही है, जिस व्यक्ति के खिलाफ चार्जशीट दाखिल हुई है, उसको बचाने के लिए बिहार के मुख्यमंत्री अपनी नैतिकता तक भूल गये हैं।

## भैरोगंज में स्मार्ट मीटर लगने से उपभोक्ताओं में हर्ष

**भैरोगंज :** कुम्हिया विद्युत आपूर्ति प्रशाखा के द्वारा बुधवार के दिन प्रखंड बगहा-1 के नड्डा पंचायत अंतर्गत भैरोगंज बाजार में स्मार्ट प्रीपेड मीटर लगाने के कार्य का शुभारंभ विद्युत कार्यपालक अभियंता बगहा एवं सहायक अभियंता बगहा के निदेशक पर किया गया। जिसमे उपभोक्ता अरविंद यादव के एजी मार्ट, साहब यादव के पारचून की दुकान ,धीरज गुप्ता खाद दुकान, समेत आधा दर्जन उपभोक्ताओं के यहां स्मार्ट प्रीपेड मीटर लगाया गया। स्मार्ट प्रीपेड मीटर लगने से सभी उपभोक्ताओं में खुशी का माहौल देखा गया । मौके पर कनीय विद्युत अभियंता कुम्हिया ग्रिड के राजेश रजक मानव बल दिनेश गुप्ता जितेंद्र कुमार सिक्योर कंपनी के मयंक कुमार ,अमर कुमार आदि उपस्थित थे । इस दौरान कनीय अभियंता द्वारा बताया गया कि जल्द ही नड्डा पंचायत के अलावा कुम्हिया प्रशाखा के सभी पंचायत में स्मार्ट मीटर लगाने का कार्य पूरा किया जाएगा। वही जो नए आवेदक अब विद्युत के लिए आवेदन करेंगे उनको भी स्मार्ट मीटर लगाकर ही कनेक्शन दिया जाएगा।

## स्वास्थ्य केंद्र की सप्ताहिक बैठक में दी गई ऐप की जानकारी

**बगहा :** प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हरनाटांड में चिकित्सा प्रभारी डॉ. राजेश सिंह नीरज की अध्यक्षता में स्वास्थ्य कर्मियों की साप्ताहिक बैठक आयोजित की गई। इस दौरान स्वास्थ्य केंद्र से संचालित किये जा रहे विभिन्न टीकाकरण सहित अन्य योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन आदि की समीक्षा की गई। बिहार सरकार के द्वारा स्वास्थ्य विभाग के लिए जारी किए गए वी-विन ऐप के बारे में सभी स्वास्थ्य कर्मियों को जानकारी दी गई। स्वास्थ्य केंद्र हरनाटांड के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ राजेश सिंह ने बताया कि मुख्यमंत्री डिजिटल हेल्थ योजना के तहत स्वास्थ्य विभाग द्वारा यह ऐप बनाया गया है। जिसमें मरीजों का निबंधन से लेकर जांच व इलाज तथा मिलने वाली दवा सहित पूरी स्वास्थ्य सुविधाओं की जानकारी एकत्रित होगी। निबंधन के बाद ओपीडी में डॉक्टर भी ऐप पर ही मरीजों को सभी तरह की जांच व दवा लिखेंगे। मरीजों की जांच रिपोर्ट भी भव्या ऐप पर ही अपलोड की जाएगी। वहीं उन्होंने स्वास्थ्य संबंधी कई मुद्दों पर विस्तृत रूप से चर्चा करते हुए कई निर्देश दिए। मौके पर स्वास्थ्य प्रबंधक विशाल कुमार, डॉक्टर रणवीर सिंह, राजेंद्र काजी, डॉ निशिकांत, डॉक्टर अवस्थी, बीसीएम अनिल कुमार, लेखापाल संजीव कुमार, डेटा आपरेटर अरविंद कुमार, धर्मेंद्र कुमार माझी, एनम अंजू कुमारी, ममता कुमारी, कोमल कुमारी, ज्योति कुमारी, सुनीता कुमारी, निर्मला कुमारी आदि उपस्थित थे।

## दूसरे दिन जारी रहा आशा कार्यकताओं का हड़ताल

### चरमराई स्वास्थ्य व्यवस्था

राष्ट्रीय खबर



**सुगौली, पू च :** आशा कार्यकर्ता और आशा फैसिलिटेटरों का अनिश्चितकालीन हड़ताल गुरुवार को दूसरे दिन जारी रही। जिसको लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के इमरजेंसी सेवा को छोड़कर सभी तरह की सेवाएं पूरी तरह से ठप रही। प्रखंड स्वास्थ्य प्रबंधक आदित्य रंजन ने बताया कि आशा कार्यकताओं ने अपनी मांगों को लेकर अस्पताल की व्यवस्था को ठप करा दिया है। जिसके कारण अस्पताल के द्वारा आने वाले मरीजों के किसी तरह की इलाज नहीं की जा सकी। एक भी मरीज कहा ना तो रजिस्ट्रेशन किया जा सका और ना ही उनकी इलाज की जा सकी।यहां बता दें कि आशा कार्यकर्ता और फैसिलिटेटर की 9 सूत्री मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर हैं। दर्जनों कार्यकताओं ने अस्पताल के मुख्य गेट पर हड़ताल पर बैठी हैं।बिहार चिकित्सा एवं जन स्वास्थ्य कर्मचारी संघ के बैनर तले हड़ताल पर बैठी आशा कार्यकर्ता संघ के अध्यक्ष सुनीता देवी ने बताया कि जब तक सरकार हमारी मांगे नहीं मान लेती है तब तक हमारा हड़ताल जारी रहेगा।अस्पताल के इमरजेंसी सेवा को छोड़कर सभी विभाग में तालाबंदी रहेगी।

## गायत्री परिवार ने पर्यावरण संरक्षण के लिए 500 पौधे लगाने का लिया संकल्प

### पॉलिटेक्निक कॉलेज प्रांगण में रोपें गए 40 पौधे

राष्ट्रीय खबर



**गया :** सुखी धरती करे पुकार वृक्ष लगाकर करो श्रृंगार के स्लोगन के साथ अखिल विश्व गायत्री परिवार की युवा इकाई मगध युवा प्रकोष्ठ द्वारा संचालित हरतिमा स्वास्थ्य संवर्धन के संचालक मनीष गुप्ता के नेतृत्व में पर्यावरण संरक्षण के लिए इस वर्ष 500 पौधे लगाने का संकल्प लिया गया। गायत्री परिवार से जुड़े युवाओं ने पॉलिटेक्निक कॉलेज प्रांगण में विभिन्न प्रजातियों के 40 पौधों का रोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया। गायत्री शक्तिपीठ के मुख्य ट्रस्टी कमलेश जी ने लोगों को यह संदेश देते हुए बताया कि आज हर जगह उच्च पैमाने पर एसी चलाया जा रहा है,जिसका नतीजा है कि ग्लोबल वार्मिंग का खतरा दिन प्रतिदिन लोगों के ऊपर मंडरा रहा है और तापमान में भी बढ़ोतरी देखने को मिल रहा है । उसको बचाने के लिए आज प्रकृति को बचाना बेहद जरूरी है । वहीं उपस्थित सरकारी पॉलिटेक्निक कॉलेज के प्राचार्य ने कहा की सभी किसी मांगलिक अवसर पर एक छोटा सा कोई पौधा जरूर लगाना चाहिए और उन्हें पुत्रवत सेवा करना चाहिए क्योंकि एक पेड़ सौ पुत्रों के समान होता है ।

## पांच शीशम गुल्ली व दो साईकिल के साथ एक वन तस्कर गिरफ्तार,चार फरार



**बगहा:** वाल्मीकि टाइगर रिजर्व के वन प्रमंडल दो अंतर्गत मदनपुर वनक्षेत्र के नौरंगिया उपखंड के वनकमीयो की छापेमारी मे वन कक्ष संख्या एम-11 के जंगल से पेड़ काट गुल्ली बना रहे एक वन अपराधी रामायण चौधरी को 5 पीस शीशम गुल्ली ,दो साईकिल के साथ गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। इस दौरान अंधेरे का लाभ लेकर चार अन्य वन अपराधी फरार होने में सफल रहे। जिनकी निशानदेही कर अग्रेतर कार्यवाही में विभाग जूटा हुआ है।

इस संबंध मे मदनपुर वनक्षेत्र के प्रभारी वनक्षेत्र अधिकारी अवधेश प्रसाद सिंह ने बताया कि बुधवार की देर रात रात्री गश्ती के दौरान नौरंगिया उपखंड के जंगल से पेड़ काटकर गुल्ली बना रहे एक वन अपराधी को गिरफ्तार किया गया है तथा अंधेरे का फायदा उठाकर चार वन अपराधी भागने में सफल रहे।वनक्षेत्र अधिकारी ने बताया कि गिरफ्तार वन अपराधी के निशानदेही पर फरार अन्य वन अपराधियों के विरुद्ध नामजद मामला दर्ज कर गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है। गिरफ्तार वन अपराधी के विरुद्ध मामला दर्ज कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

## लोडेड देसी कट्टा के साथ एक गिरफ्तार

**बेतिया, प च :** जिला अंतर्गत साठी थाना की पुलिस ने गुप्त सूचना पर त्वरित कारवाई करते हुए, लोडेड देसी कट्टा के साथ एक युवक को गिरफ्तार न्यायालय को सुपुर्द कर दिया है। इस मामले में थानाध्यक्ष उदय कुमार ने बताया कि बुधवार की देर रात गस्ती टीम को गुप्त सूचना पर कार्रवाई करते हुए बृंदावन गांव में एक व्यक्ति लोडेड देशी कट्टा के साथ गिरफ्तार किया। गिरफ्तार युवक सफीउल्लाह (27) पिता इमरान शेख के शयन कक्ष से एक 303 बोर का लोडेड देसी कट्टा, तथा एक मोबाइल बरामद किया गया। जिसे साठी थाना कांड संख्या 161/23 आर्म्स एक्ट अंतर्गत अंकित करते हुए बेतिया न्यायालय को सुपुर्द कर दिया। छापामारी में शिकारपुर पुलिस निरीक्षक मुनीर आलम, थानाध्यक्ष उदय कुमार, दरोगा अरविंद कुमार, पीएसआई जयशल कुमार, आलोक कुमार राय शामिल रहे।

## बीडीओ ने विद्यालयों का निरीक्षण कर व्यवस्था में सुधार के दिए निर्देश

राष्ट्रीय खबर



**सुगौली,पू.च :** प्रखंड विकास पदाधिकारी तेजप्रताप त्यागी ने विशेष निरीक्षण के दौरान प्रखंड के नगर पंचायत क्षेत्र के तेरह विद्यालयों का निरीक्षण किया। जिसमें पंडित दीनदयाल बालिका+2 उच्च विद्यालय, प्राथमिक विद्यालय कुरुमटोला, यूएएमएस बिशुनपुरवा, एनपीएस राय टोला नींमूई, यूएएमएस बालक सुगौली लैंन, यू एमएस सुगौली लैन उर्दू सहित तेरह विद्यालयों का विशेष शामिल थे। श्री त्यागी ने बताया कि गुरुवार को विशेष निरीक्षण के क्रम में इन विद्यालयों में शिक्षकों की उपस्थिति का अवलोकन किया गया। निरीक्षण के प्रभाव से विद्यालयों में सुधार हो रहा है। प्राथमिक विद्यालय चिकपट्टी, उर्दू मध्य विद्यालय में गंदगी देखी गई। इन विद्यालयों के प्रधानाध्यापक को यथाशीघ्र विद्यालय की साफ-सफाई अच्छी तरह से कराने का निर्देश दिया गया। बीडीओ श्री त्यागी ने बताया कि अभी भी अधिकतर विद्यालयों में छात्रों की उपस्थिति 50% से कम पाई गई। उन्होंने विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों को निर्देश दिया कि विद्यालय का संचालन निर्धारित समय पर करें। छात्रों को पोषाक में आने के लिए प्रेरित करे। शिक्षण कार्य गुणवत्ता पूर्वक करें। विद्यालय और शौचालय को साफ सुथरा रखें। मध्यान्ह भोजन मीनू के अनुसार नियमित रूप से समय पर तैयार करावे।

## चोरी के सामान सहित चोर को ग्रामीणों ने दबोच किया पुलिस के हवाले

राष्ट्रीय खबर



**सुगौली, पू.च :** ग्रामीणों ने चोरी का सामान सहित चोर को पकड़ कर पुलिस के हवाले कर दिया। जहां पुलिस हिरासत से चोर ने भागने का प्रयास किया लेकिन उसे दौड़ा कर दबोच लिया। नगर पंचायत के वार्ड 12 निवासी शेख फिरोज के दुकान में घुसकर चोर रंजीत द्वारा एलसीडी व टीवी चोरी कर लिया गया। जिसको दुकान से टीवी निकाल ले जाते गांव के ही कुछ लोगो ने देख लिया और दुकान मालिक शेख फिरोज को सूचना देते हुए सभी लोग चोर रंजीत के घर पहुंच पूछताछ शुरू कर दी। इतना भीड़ देख चोर रंजीत भागने लगा। जिसको ग्रामीणों ने पकड़ उसके घर से चोरी किया हुआ समान बरामद करते हुए टीवी सहित चोर को पुलिस के हवाले कर दिया। उसके पहले चोर को ग्रामीणों ने जमकर पिटाई की और तब तक पुलिस पुलिस पहुंच गई। स्थानीय थाना की पुलिस ने चोर को अपने हिरासत में लिया और एक चबूतरे पर बैठा दिया। जिसका फायदा उठाकर चोर थाना से भागने लगा, जिसे पुलिस ने दौड़ कर पकड़ लिया। थानाध्यक्ष धनंजय शर्मा ने बताया कि गिरफ्तार चोर को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

## सीएसपी का ताला तोड़कर 48 हजार रुपये की चोरी

**गौनाहा प च :** थाना क्षेत्र के बैरिया माधोपुर गांव में स्थित ग्राहक सेवा केंद्र का ताला तोड़कर बुधवार की रात अज्ञात चोरों ने 48 हजार नगद सहित अन्य सामानों की चोरी करने की खबर है। ग्राहक सेवा केंद्र के संचालक सन्नी कुमार यादव ने गौनाहा थाना में आवेदन में दिया है।उनका कहना है कि 11 जुलाई 2023 की रात में अज्ञात चोरों ने सीएसपी का ताला तोड़कर उसमें रखे इन्वर्टर, बैट्री, लैपटॉप, एटीएम मशीन, 2 प्रिंटर सहित 48 हजार नगद रुपए की चोरी कर ली गई। थानाध्यक्ष विनोद कुमार ने बताया कि सीएसपी संचालक ने में आवेदन दिया है।

## टेली लॉ के बैनर तले स्वच्छ भारत मिशन की दी जानकारी

राष्ट्रीय खबर



**सुगौली,पू.च:** प्रखंड के बेल टोला,गोड़ीगावां, डुमरी सहित अन्य दलित बस्तियों में टेली लॉ के बैनर तले स्वच्छ भारत मिशन व राष्ट्रीय लोक अदालत की सफलता को लेकर सामाजिक कार्यकर्ता सह स्वयंसेवक अवधेश कुमार गुप्ता के द्वारा स्वच्छता सह विधिक जागरूकता चौपाल का आयोजन किया गया। इस चौपाल की अध्यक्षता स्थानीय समाजसेवी संजीत सहनी ने किया। इस दौरान गुप्ता ने कहा कि अपने आसपास गन्दगी न फैलाए, खुले में शौच करने से बचें, खाने पीने वाले वस्तु को खुले स्थान में न रखें, साबुन से हाथ साफ किये बिना कोई भी चीज न खायें, घर के आसपास पानी का जमाव,कूड़ा का जमााव नही रखें क्योंकि इससे बीमारी फैलती है। मौके पर समाजसेवी नीतू कुमारी सर्राफ, सतेन्द्र कुमार सहित अन्य ग्रामीण उपस्थित थे।

## मजदूरी करने गया व्यक्ति का सुराग नही मिलने पर परिजन ने थाने में दिया सूचना

**सुगौली,पू.च:** थाना क्षेत्र के एक गांव से मजदूरी करने गया व्यक्ति का सुराग नही मिलने का मामला प्रकाश में आया है।जानकारी के अनुसार प्रखंड के भटहां निवासी झापस राम की पत्नी गीता देवी ने बताया कि मेरे पति को गांव का ही एक ठेकेदार महाराष्ट्र के कोल्हापुर में पलदारी का काम कराने के लिए ले गया। कुछ दिन तक सब कुछ ठीक ठाक रहा। बीच मे मेरे पति से मजदूरी मांगने को लेकर ठेकेदार से विवाद हो गया।जिसके बाद मेरे पति से कोई बातचीत नही हुई है। जब ठेकेदार के मोबाइल पर फोन करती हूं तो वह फोन काट देता है।कभी कभार बातचीत कराने का आश्वासन देता है। मेरे घर पर अब पैसा भी नही आ रहा है।मेरे पति का कोई पता नही चल पा रहा है। जिससे मेरा पूरा परिवार सदमे में है।मेरा पति जिंदा है कि नही यह भी नही मालूम हो रहा है। इसको लेकर स्थानीय थाना को सूचना भी दे दी हूं।

## विभागीय लापरवाही के कारण विद्युत स्पशार्घात से बालक की मौत, सड़क जाम

### परिजनों ने विभाग पर जानबूझ कर लापरवाही बरतने का गंभीर आरोप लगाया

राष्ट्रीय खबर



**नरकटियागंज प च :** नगर परिषद के वार्ड 21 में 440 वोल्ट के पोल के अर्थइन में करेंट प्रवाह से 08 वर्षीय बालक की मौत को हत्या की संज्ञा दिया है। हरदिया मुहल्ला वासी और मृत बालक के परिजनों ने 440 वोल्ट के तार लगाने में विद्युत विभाग के अभियंता और विद्युत कर्मियों पर जानबूझ कर की लापरवाही बरतने का आरोप लगाते हुए। उनके 8 वर्षीय पुत्र की मौत को हत्या की संज्ञा दिया है। हरदिया मुहल्ला वार्ड संख्या 21 निवासी लालबाबू पटेल का 08 वर्षीय ऋतिक कुमार की मौत हो गई। घटना के बाद ऋतिक को लेकर नगरवासी व परिजन अनुमंडलीय अस्पताल नरकटियागंज पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इधर विद्युत स्पशार्घात से किशोर की मौत से अक्रोशित लोगों ने विद्युत ग्रिड के पास नरकटियागंज -लौरिया मुख्य सड़क का यातायात अवरुद्ध कर दिया। बिजली एसडीओ बुलाने की मांग करने लगे। मृतक के परिजनों ने विद्युत विभाग पर लापरवाही बरतने और उनके पुत्र की हत्या का गंभीर आरोप लगाया है। मुहल्लावासियों का कहना है कि बिजली के पोल में बिना कवर लगाए अर्थइन का तार लगा है। जिसकी शिकायत भी की गई, बावजूद इसके कनीय अभियंता, सारणी पुरुष और विभागीय कर्मी, पदाधिकारियों की लापरवाही के कारण किशोर की मौत हो गई। उल्लेखनीय है कि वार्ड संख्या 01 में 16 जुन 2023 को घनी आबादी से नगर परिषद की बिना अनुमति 33 हजार वोल्ट का तार लगाया जा रहा है। जिसका विरोध नयाटोला प्रकाश नगर के नगर वासियों ने किया। इस बावत नगर परिषद के कर्मी व पदाधिकारी बताते हैं कि आमजन के जीवन के खतरा को देखते हुए, नॉर्थ बिहार पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कम्पनी लिमिटेड को हाई टेंशन 33000 वोल्ट के तार ले जाने की अनुमति नहीं दिया है। एनबीपीडीसीएल के पदाधिकारी मानवीय मूल्य की अनदेखी करते हुए उपर्युक्त हाई टेंशन तार घनी आबादी से ले जा रहे हैं।

## शहर >> अपडेट

### सीओ ने चेक पोस्ट का किया औचक निरीक्षण

**महेशपुर (पाकुड़):** सीओ रितेश जायसवाल ने गुरुवार को दमदमा चेक पोस्ट का औचक निरीक्षण किया। इस संबंध में जानकारी लेने पर उन्होंने बताया कि दमदमा चेक पोस्ट से होकर अवैध खनिज परिवहन किए जाने की गुप्त सूचना प्राप्त हुई थी। इसी सूचना पर दमदमा चेक पोस्ट का औचक निरीक्षण किया गया। निरिक्षण के वक्त मिली सूचना के अनुसार अवैध खनिज परिवहन का मामला सामने नहीं आया है।

## शॉर्ट न्यूज अपडेट्स >>

### वन महोत्सव पर हुआ कार्यक्रम का आयोजन

**भुरकुंडा :** रामगढ जिला अंतर्गत पंचायत सचिवालय परिसर में गुरुवार को 74वें वन महोत्सव का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता वन प्रमंडल पदाधिकारी नीतीश कुमार और संचालन आरएफओ एके चौधरी ने किया। महोत्सव में बतौर मुख्य अतिथि अंबा प्रसाद शामिल हुई। इससे पूर्व उनके आगमन पर उनका फूल मालाओं से स्वागत किया गया। कार्यक्रम में जिप उपाध्यक्ष रीता देवी, प्रखंड प्रमुख कौशल्या देवी, मुखिया अजय पासवान, पूर्व जिप उपाध्यक्ष दर्शन गंझू सहित अन्य शामिल रहे ।वन विभाग की ओर से बुके देकर अतिथियों का स्वागत तत्पश्चात राजकीय मध्य विद्यालय की बच्चियों ने स्वागत गीत से अतिथियों का अभिनंदन किया। वहीं स्थानीय कलाकारों द्वारा ढोल-नगाड़ों के साथ लोक संस्कृति पर आधारित नृत्य प्रस्तुत किया। इसके उपरांत दीप प्रज्जवलित कर वन महोत्सव का विधिवत शुभारंभ किया गया। स्वागत संबोधन में मुखिया अजय पासवान ने वन विभाग का आभार प्रकट करते हुए कहा कि भुरकुंडा पंचायत में 74वां वन महोत्सव का आयोजन हर्ष का विषय है। वन विभाग के द्वारा पंचायत में 700 पौधे लगाये जा रहे हैं।

## संक्षिप्त >> अपडेट्स

### विकास फंड के लिए 10 हजार का दान किया

**बेरमो :** फुसरो नगर परिषद क्षेत्र अंतर्गत सिह नगर निवासी सह अभिभावक राघवेन्द्र प्रताप सिंह उर्फ तूफानी सिंह ने विद्या भारती भवन निर्माण एवं विकास फंड हेतु 10,000/-(दस हजार रूपए) का सहयोग किया। कहा कि इस विद्यालय ने हमारे परिवार को बहुत कुछ दिया है उन्होंने आगे भी विद्यालय को हर संभव मदद करने का आश्वासन दिया। कहा कि मै इस विद्यालय का छात्र भी रहा हूं।

### लोगों के अधिकारों के लिये तेज होगा आंदोलन: कर्नल संजय

**पलामू :** किसान ब्रिगेड हरिहरगंज प्रखंड इकाई के तत्वाधान में गुरूवार को कार्यकताओं की एक अहम बैठक सलैया पंचायत के मझीगांवा गांव में की गई जिसकी अध्यक्षता पूर्व मुखिया रघुनंदन साव और संचालन संदीप कुमार पटेल ने किया। बैठक में सलैया और ढ़कचा पंचायतों के सक्रिय वरिष्ठ कार्यकताओं ने अपने विचार रखे। अपने संबोधन के दौरान किसान ब्रिगेड के संरक्षक कर्नल डॉ.संजय कुमार सिंह ने कहा कि आज पलामू जिला सहित पूरा हुसैनाबाद विधानसभा की जनता इस समय जर्जर सड़क, भूमि गड़बड़ी, रि सर्वे, गलत बिजली बिल, बालू की समस्या, अवैध खनन, पेयजल, सरकारी कार्यालयों में व्याप्त भ्रष्टाचार जैसे विभिन्न समस्याओं से जूझ रही है। आप सभी के हक और अधिकार की लडाई किसान ब्रिगेड लड़ रही है और आगे भी किसानों सहित लोगों के हित में संघर्ष जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि हमारी विचारधारा हर वर्ग को साथ लेकर चलने की है। इसे लेकर हुसैनाबाद विधानसभा क्षेत्र के सभी पांचों प्रखण्डों में किसान ब्रिगेड कमेटी का गठन भी हो चुका है। अब हम सभी का दायित्व बनता है कि हमारे कार्यकर्ता घर घर जाकर गरीबों की मदद करें और हमारी विचारधारा से उन्हें अवगत कराएं।

---

**आयोजन** बड़कीपोना स्थित पंचायत सचिवालय परिसर में ग्रामसभा का हुआ आयोजन

# वाद-विवाद निपटारा के लिए कमेटी का हुआ गठन, शंभू एवं बेबी बने संरक्षक

राष्ट्रीय खबर

**रजरप्पा :** चितरपुर प्रखंड अंतर्गत बड़कीपोना स्थित पंचायत सचिवालय परिसर में ग्रामसभा का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता बड़कीपोना पंचायत के मुखिया अरविंद कुमार सिंह एवं संचालन पूर्व पंचायत समिति सदस्य मुकेश प्रसाद ने किया। इस दौरान ग्रामसभा के माध्यम से पंचायत क्षेत्र में वाद-विवाद निपटारा के लिए एक कमेटी का गठन किया गया। जिसमें सर्वसम्मति से पंसस शंभू कुमार एवं बेबी कुमारी को संरक्षक, मंजूर अंसारी को संयोजक, रामध्यानी राम दांगी को अध्यक्ष, राम नारायण महतो को उपाध्यक्ष, सखीचंद राम दांगी को सचिव,



जीतभन राम दांगी को उपसचिव, लालदेव महतो को कोषाध्यक्ष एवं लालकिशुन महतो को उपकोषाध्यक्ष चुना गया। इसके अलावा निगरानी सक्रिय सदस्य के रूप में द्वारिका महतो उर्फ निरंजन महतो, रवि महतो, नियाज अंसारी, शैलेश दांगी, दुर्गाचरण पासवान, रामबल्लभ करमाली एवं राजेंद्र सिंह को चुना गया।

मुखिया अरविंद सिंह ने सभी पदाधिकारियों एवं सदस्यों का बारी-बारी से माला पहनाकर स्वागत किया और उनसे वाद-विवाद का निपटारा करने में अहम भूमिका निभाने की अपेक्षा जताई। ग्रामसभा में उपमुखिया परवेज आलम, पंसस प्रतिनिधि प्रदीप कुमार, वार्ड सदस्य मंटू कुमार, अनिता कुमारी, सुनीता राज मेहता, सुनीता देवी, जया देवी, पूनम देवी, अमृत कुमार, लालदेव महतो, मनोज पासवान, सदानंद रविदास, आकाश कुमार, जल सहिया वीणा देवी, जेएसएलपीएस के खुशी दांगी, उर्मिला कुमारी, मकरलाल महतो, सागर कुमार, देवेश कुमार बादल, विमल करमाली, चरकू रविदास, रंजीत महतो सहित कई लोग शामिल थे।

## जिन्दल स्टील एंड पावर पतरातु को किया गया सम्मानित



राष्ट्रीय खबर

**भुरकुंडा :** झारखंड सरकार, स्वास्थ विभाग के द्वारा राष्ट्रीय टीबी उन्मूलन कार्यक्रम के कॉरपोरेट इंगेजमेंट टू एंड टीबी के तरह जिन्दल स्टील एंड पावर पतरातु को सम्मानित किया गया। जेएसपी फाउन्डेशन की चेयरपर्सन श्रीमती शालू जिन्दल तथा जिंदल स्टील एंड पावर के चेयरमैन श्री नवीन जिंदल के द्वारा सामाजिक दायित्व के तहत रामगढ़ जिला के पतरातु प्रखण्ड में योजनाबद्ध तरीके से स्वास्थ, शिक्षा, महिला सशक्तिकरण, कौशल विकास, ग्रामीण बच्चियों के खेलकूद तथा स्वास्थ से संबंधित अनेक कल्याणकारी योजनाएं चलाई जा रही हैं। इस क्रम में रामगढ़ जिला प्रशासन तथा जेएसपी फाउन्डेशन, पतरातु के संयुक्त तत्वाधान में पतरातु प्रखण्ड में टीबी मरीजों को मित्र बनाकर उन्हें अतिरिक्त पोषण आहार उपलब्ध कराने का कार्य किया जा रहा है। इस मौके पर जिंदल स्टील एंड पावर के प्लांट प्रमुख आर के अजमेरिया को स्वास्थ मंत्री बन्ना गुप्ता एवं श्रम नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग के मंत्री सत्यानंद भोक्ता ने पुरस्कृत किया।

## कोतो से सैकड़ों ग्रामीण बाबा नगरी के लिए किए प्रस्थान



राष्ट्रीय खबर

**पतरातू :** पतरातू प्रखंड के ग्राम पंचायत कोतो से मुखिया निधि सिंह व जय प्रकाश सिंह ननकी के नेतृत्व में सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण बाबधाम के लिए रवाना हुए। पंचायत कोतो से हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी मुखिया निधि सिंह व जय प्रकाश सिंह ननकी के द्वारा सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण कोतो काली मंदिर में पुजा अर्चना करने के बाद गाजे बाजे और बोल बम के नारे के साथ न्यु मार्केट शिव मंदिर में पुजा करते हुए बाबा दरबार के लिए रवाना हुए। मुखिया निधि सिंह ने कहा कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी बारी बारी से पंचायत के सभी ग्रामीणों को बाबा के आशीर्वाद से तीर्थ यात्रा कराया जायेगा।

इस शुभ अवसर पर सभी ग्रामीणों और पंचायत में भक्ति भाव का माहौल है। देवघर पहुंच कर अपने पंचायत के साथ साथ सम्पूर्ण भारत में शांति, सद्भावना, उन्नति व सभी के उत्तम स्वास्थ्य की कामना करुँगी। जय प्रकाश सिंह ननकी ने कहा पिछले वर्ष गये दो बम सविन्दर सिंह बम और फुलेशवर महतो जी आज हमारे बीच नहीं हैं। बाबा से हम सभी कामना करेगे की उनको अपने श्री चरणों में स्थान दे। देवघर जाने में बस संचालक - गोविंद कुमार, सपन दास, भीम यादव, भोला कुमार, प्रमोद चौधरी, प्रिन्स कुमार, अंकित सिंह, सुधिर शर्मा, विकास मुन्डा, बालेश्वर महली, मनबोध महली, बिनोद मुन्डा, हेमन्त कुमार, सुरज कुमार, कविता गुप्ता, कंचन देवी, जय मालती देवी, मधु देवी, मिठु देवी, विन्दु देवी, शांति देवी, पनमति देवी, रागिनी देवी, शारदा देवी, प्रेम लता देवी, मालती देवी, मानो देवी, शीला देवी, रीता देवी, रंजना देवी, वीणा देवी आदि सैकड़ों की संख्या में बस व दो छोटे वाहन से रवाना हुए।

## डी ए वी स्कूल का मनाया गया 27 वां स्थापना दिवस



राष्ट्रीय खबर

**बासल :** डी ए वी पब्लिक स्कूल पतरातू 27 वा स्थापना दिवस में स्कूली बच्चों एवं शिक्षको द्वारा वृक्षा रोपण कर मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत हवन यज्ञादि से किया गया। इसके बाद स्कूल के प्राचार्य मनीष कुमार ने बच्चो एवं शिक्षको को संबोधित करते हुए कहा कि आज स्कूल का 27 वा स्थापना दिवस है। जिसके लिए आप सभी को बहुत बहुत बधाई। आप सब ने मिलकर स्कूल को प्रत्येक वर्ष रिजल्ट के माध्यम से सफलता के ऊंचाई पर पहुंचाया है। साथ ही स्कूल की खूबियों के बारे में विस्तार से बताया। साथ ही कहा इस स्कूल के शिक्षको की कड़ी मेहनत से यहां के बच्चो ने स्कूल का नाम राष्ट्रीय स्तर पर रौशन किया। इसके लिए उन्हें तथा सभी स्टाफ और बच्चो को बधाई। इसके बाद शिक्षको एवं विद्यार्थियों द्वारा वृक्षारोपन किया गया। एक वृक्ष सौ पुत्र समान ,वृक्ष लगाने से वातावरण साफ रहता है। मौके पर बच्चो के बीच टॉफी वितरित किया गया। इस प्रकार स्कूल का स्थापना दिवस सादे समारोह के साथ मनाया गया। इस मौके पर क्षेत्रीय निदेशिका झारखंड जोन डी डॉ उर्मिला सिंह ने डी ए वी स्कूल पतरातु के स्थापना दिवस पर स्कूल के प्राचार्य मनीष कुमार सिन्हा सहित शिक्षक गण , स्कूल स्टाफ और बच्चो को बधाई दी तथाउनके उज्जवल भविष्य की कामना की। स्कूल के शिक्षक गण कुमार अनिल सिंह ,पी के झा,खेल शिक्षक प्रमोद पाठक,अनिल सिंह, सुधीर सिंह, एस के चौधरी,विनय पाठक, के के शर्मा, आर सी महतो, विपाशा घोष, मीना मिश्रा, जकी अनवर,बिनोद पाठक, विमलेश कुमार,अजय कुमार, विरेंद्र कुमार, राजेश कुमार,संगम कुमार, नितिल कुमार,विपिन तिवारी, रचना सिन्हा ,मनीषा घोषाल,पूजा सिंह शामिल रहे।

## लक्ष्मी नारायण मंदिर में हो रहा है वार्षिकोत्सव

- अखंड रामायण पाठ का हुआ शुभारंभ
- आज पूणार्हुति के साथ होगा भंडार
- साईं बाबा के निकाली जाएगी पालकी



राष्ट्रीय खबर

**गोला:** चितरंजन सेवा सदन गोला परिसर स्थित लक्ष्मी नारायण मंदिर का 7 वां वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाया जा रहा है। वार्षिकोत्सव पर पूजा अर्चना, भजन कीर्तन और 108 बार हनुमान चालीसा का पाठ करते हुए 24 घंटे का अखंड रामायण पाठ का शुभारंभ हुआ। पूजा में शामिल सेवा सदन के प्रबंधक वंदना अम्बष्ट ने बताया कि लक्ष्मी नारायण मंदिर में वर्ष भर प्रत्येक माह पूर्णिमा के दिन विशेष पूजा अर्चना तो होती ही है। प्रत्येक वर्ष मंदिर का वर्षगांठ मनाया जाता है। इस वर्ष वर्षगांठ के मौके पर अखंड रामायण पाठ प्रारंभ किया गया है, जिसका पूणार्हुति 14 जुलाई को होगी। परिसर स्थित साईं मंदिर में पूजा अर्चना के बाद साईं बाबा की पालकी निकाली जाएगी। पूणार्हुति के बाद प्रसाद वितरण और भंडारा आयोजित किया जाएगा। पूजा के दौरान वंदना अम्बष्ट, कुंवर कुमार बक्सी, मधु बक्सी,नवीन कुमार, संजय अग्रवाल, संतोष अग्रवाल सहित दर्जनों लोग पूजा में शामिल हुए।

**कैंप** विधायक अंबा की पहल पर लगा बिजली कनेक्शन कैंप

# दुकानदारों की समस्याओं का समाधान ही चौंबर का मुख्य उद्देश्य : दिलीप अग्रवाल

राष्ट्रीय खबर

**भुरकुंडा :** झारखंड बिजली वितरण निगम लिमिटेड की ओर से बुधवार को भुरकुंडा विद्युत विभाग कार्यालय में उर्जा कैंप लगाया गया। जिसमें नये कनेक्शन, खराब मीटर, ओवर बिलिंग सहित अन्य समस्याओं पर 50 उपमोक्ताओं ने आवेदन दिए। इस दौरान नये कनेक्शन के लिए 28, खराब मीटर और विद्युत आपूर्ति संबंधित 18 और अन्य शिकायतों पर दो आवेदन जमा हुए। कैंप में विद्युत विभाग के एसडीओ पूरन कुमार घांसी ने बताया कि महाप्रबंधक हजारीबाग के निर्देश पर उपभोक्ताओं की



सुविधा के लिए उर्जा कैंप लगाया गया है। नये कनेक्शन के लिए घरेलू उपभोक्ताओं के लिए लगभग 4026 भुगतान करना होगा। जिसमें लगभग सिक्युरिटी राशी जमा रहेगी। कॉमर्शियल यूज के लिए लगभग 6416 रुपये का भुगतान करना होगा। जिसमें 5960 रुपये के लगभग सिक्युरिटी राशी जमा रहेगी।

बिजली मीटर का शुल्क अलग से लगेगा।वहीं जिनके पास जमीन के कागजात नहीं हैं वैसे घरेलू उपभोक्ताओं के लिए लगभग 7600 रुपये लगेंगे। जिसमें लगभग 7140 सिक्युरिटी राशी जमा रहेगी। वहीं जिनके पास जमीन के पेपर नहीं है वैसे कॉमर्शियल उपभोक्ताओं के लिए लगभग 12376 रुपये भुगतान करना होगा। जिसमें लगभग 11920 रुपये सिक्युरिटी राशी के रुप में जमा रहेगी। बिजली मीटर का चार्ज अलग से लगेगा। वहीं कैंप में रामगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के कार्यकारिणी सदस्य दिलीप अग्रवाल ने बताया कि चेंबर के प्रतिनिधि मंडल द्वारा अध्यक्ष विनय अग्रवाल के नेतृत्व मे बड़कागांव विधायक अंबा प्रसाद को भुरकुंडा क्षेत्र के विद्युत उपभोक्ताओं की समस्या से अवगत कराते हुए पहल करने की मांग की थी। विधायक के प्रयास से विभाग ने उर्जा कैंप लगाया है। जहां उपभोक्ता की समस्याओं का समाधान किया जा रहा है। विभाग आगे भी इस प्रकार के कैंप लगाएगा । इससे क्षेत्र के लोगों को काफी सहूलियतें होंगी। उर्जा कैंप को सफल बनाने में कनीय विद्युत अभियंता अजय कपरदार, रोहितास कुमार सहित विभाग के विरेंद्र उरांव, सुरेश महतो, रविंद्र तिवारी, शैलेश कुमार ने योगदान दिया। मौके पर चैंबर के विनय कुमार सिंह , दिलीप अग्रवाल, शिव गुप्ता, जयप्रकाश सिंह, अशोक कुमार, बारीक अंसारी सहित अन्य मौजूद थे।

---

### भाजपा नेता ने क्रियाकरम के लिए किया आर्थिक मदद



**बेरमो:** भाजपा नेता सह शांति श्याम फाउंडेशन के अध्यक्ष प्रकाश कुमार सिंह जी ने सुभाष नगर निवासी सुभाष चौक पंडित संतोष कुमार पांडे जी धर्मपत्नी को स्वर्गीय मनीष कुमार पांडे को स्वर्गवास होने पर शांति शाम फाउंडेशन के अध्यक्ष प्रकाश कुमार सिंह के द्वारा आर्थिक मदद एवं सहयोग राशि दी गई। मौके पर भाजपा नेता मीडिया प्रभारी मनोज कुमार अधिवक्ता एवं यूनियन नेता विकास कुमार सिंह, ओबीसी मोर्चा फुसरो नगर मंत्री छोटू कुमार रवानी एवं जेपी सिंह ,कांति सिंह सहित अन्य लोग मौजूद थे।

### प्रकाश कुमार सिंह ने विश्व प्रसिद्ध क्रिकेटर गौतम गंभीर से मुलाकात की



**बेरमो :** भाजपा नेता एवं शांति श्याम फाउंडेशन के अध्यक्ष प्रकाश कुमार सिंह ने आज दिल्ली में विश्व प्रसिद्ध क्रिकेटर गौतम गंभीर से उनके आवास पर मुलाकात किया। इस मुलाकात के दौरान बेरमो में खेलकूद को प्रोत्साहित करने के लिए एक योजना पर विचार-विमर्श हुआ ।

### बेरमो : आठ मुखिया ने किया डीएमएफटी बैठक का बहिष्कार



**बेरमो /गोमिया :** गोमिया प्रखंड के खनन प्रभावित क्षेत्र के आठ मुखिया ने 14 जुलाइ को होने वाली डीएमएफटी बैठक का विरोध किया है। मुखिया के एक प्रतिनिधिमंडल ने 13 जुलाई को उप विकास आयुक्त के नाम गोमिया बीडीओ को पत्र सौंप कर बैठक के बहिष्कार की बात कही है। विरोध करने वालों में ससबेड़ा प?िमी पंचायत की मुखिया शांति देवी, हजारी की तारामणि देवी, खम्हरा के बंटी उरांव, स्वांग दक्षिणी की रीना सिंह, पलिहारी गुरूडीह की सपना कुमारी, ससबेडा पूर्वी की अंशु कुमारी, सरहचिया की बिन्दू देवी और बांध पंचायत की मुखिया मुन्दली देवी शामिल हैं। यह निर्णय सभी मुखिया ने बैठक के बाद लिया है। आरोप, योजना चयन में नहीं ली जाती मुखिया से सलाह- आवेदन के माध्यम से सभी मुखिया ने कहा कि डीएमएफटी के नियमानुसार वे शासी परिषद के सदस्य हैं, लेकिन योजनाओं के चयन में उनकी भूमिका समाप्त कर दी जाती है । गांव के प्रतिनिधि होने के नाते वे समस्या व समाधान को ज्यादा अच्छे से समझते हैं लेकिन योजना बनाते समय उनसे सलाह तक नहीं ली जाती है। ग्राम सभा में चयनित योजनाओं को भी दरकिनार कर दिया जाता है। प्रबंध समिति के अधिकारी केवल विधायक और सांसद के द्वारा चयनित योजनाओं को महत्व देते हैं। एसे में डीएमएफटी के बैठकों में मुखिया को भाग लेने का कोई मतलब नहीं रह जाता है।

### नवपदस्थापित पदाधिकारियों का किया गया स्वागत



**गिद्दी:** सीसीएल सीकेएस (बीएमएस) सिरका शाखा सचिव विश्वनाथ सिंह के नेतृत्व में सिरका परियोजना में नवपदस्थापित पदाधिकारीयों मैनेजर राकेश कुमार,रणधीर कुमार सिंह तथा अंजनी सिंह को भगवा गमछा ओढ़ाकर स्वागत व अभिनंदन किया गया। और अपने श्रम संगठन बीएमएस की ओर से सिरका परियोजना के लिए और इसके भविष्य के लिए बहुत बहुत शुभकामनायें दी गई। नए पदाधिकारियों को बधाई व शुभकामनाएं देने वालों में क्षेत्रीय अध्यक्ष मदन कुमार, क्षेत्रीय सचिव प्रशांत बेलथरिया, सिरका शाखा अध्यक्ष कमलेश कुमार, रंजीत कुमार , खालिद अंसारी, सत्तार मियां , खुर्शीद अंसारी, विजय बेदिया, विश्वनाथ गोप, विंदेश्वर साव, अजय कुमार शर्मा, अखिलेश कुमार मिश्रा, कालेन्द्र बेदिया आदि शामिल थे।

### 41 सूत्री एजेन्डा वार्ता बैठक संपन्न

**बेरमो :** सीसीएल ढोरी क्षेत्र के एसडीओसीएम (कल्याणी) परियोजना के परियोजना पदाधिकारी शैलेश प्रसाद के साथ सीसीएल सीकेएस संबद्ध भारतीय मजदूर संघ के सदस्यों के साथ परिचयात्मक तथा 41 सूत्री एजेन्डा वार्ता बैठक सौहार्दपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हुई प्रबंधन की ओर से परियोजना पदाधिकारी शैलेश प्रसाद द्वारा बैठक की अध्यक्षता तथा संचालन कार्मिक पदाधिकारी तौकीर आलम द्वारा किया गया । वही ट्रेड यूनियन की ओर से एसडीओसीएम कल्याणी परियोजना के अध्यक्ष बीरेन्द्र गुप्ता द्वारा बैठक की अध्यक्षता एवं संचालन राजेश पासवान द्वारा किया ।

### करगली वाशरी के पीछे का रास्ता बंद होने से बढ़ी परेशानी



**बेरमो :** सीसीएल बीएंडके प्रक्षेत्र के करगली वाशरी के पीछे का रास्ता प्रबंधन द्वारा बंद कर दिया गया है। जिस कारण कर्मियों सहित आम लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इस रास्ते से ही होकर करगली बाजार के लोग करगली गेट आना यह जाना करते थे साथ ही छठ पूजा के दौरान इसी रास्ते से छठ व्रती आना जाना करते थे। साथ ही बाजार के लोग अंतिम संस्कार के लिए दामोदर नदी इसी रास्ते से जाने लिए प्रयोग करते हैं। वही वाशरी कर्मी भी पीट ऑफिस आना-जाना करते हैं। रास्ता बंद कर दिए जाने के कारण अब उन्हें करगली कोलियरी कांटा घर की तरफ से घूम कर आना जाना करना पड़ता है। इससे उन्हें परेशानी होती है। विदित हो कि वाशरी प्रबंधन द्वारा लोहे की चोरी पर रोक लगाने के लिए उक्त रास्ता को बंद किया गया है। इस संबंध में राष्ट्रीय कोयला मजदूर यूनियन के बीएंडके क्षेत्रीय सचिव गजेंद्र प्रसाद सिंह ने कहा कि यह रास्ता बंद किए जाने से करगली एक्सवेशन में हाजिरी लगाने जाने वाले कर्मियों, करगली उत्खनन अन्य लोग दामोदर घाट तथा पीट ऑफिस में हाजिरी बनाने जाते हैं। उन्हें रोड साइड होकर जाना पड़ रहा है। इससे रात में उन्हें परेशानी का सामना करना पड़ता है। कहा कि उक्त सड़क प्रबंधन द्वारा चोरी के नाम पर बंद किया गया है। लेकिन वाशरी में अनेकों रास्ते हैं। इस लिहाज से यह चोरों के लिए सेफ जोन जैसा हो गया है।

संपादकीय

# बंगाल पंचायत चुनाव पर हाईकोर्ट का ब्रेक

कोलकाता उच्च न्यायालय ने निर्देश दिया है कि उसके निर्देश के बिना पश्चिम बंगाल में पंचायत चुनाव के परिणामों की घोषणा नहीं की जाए। इसके बीच ही लगभग यह स्पष्ट हो गया है कि इस चुनाव में भी तृणमूल कांग्रेस का डंका बजा है और अनुमान है कि राज्य में पचास प्रतिशत से अधिक लोगों ने उसके प्रत्याशियों के पक्ष में मतदान किया है। दरअसल अदालत में भाजपा नेता शुभेंदु अधिकारी, प्रियंका टिबरेवाल और फरहाद मलिक द्वारा अशांति और फिर से चुनाव की मांग करते हुए तीन नई जनहित याचिकाएं दायर की गई हैं। बुधवार की सुनवाई के दौरान आयोग का कोई भी अधिकारी कोर्ट में पेश नहीं हुआ था। कलकत्ता उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश टीएस सिवाज्ञनम और न्यायमूर्ति हिरण्मय भट्टाचार्य की खंडपीठ ने बुधवार को पंचायत मामले की सुनवाई में यह टिप्पणी की और आदेश दिया कि वादी पक्ष गुरुवार तक सारी जानकारी अदालत में जमा करें। इस मामले की अगली सुनवाई 18 जुलाई को होगी। राज्य चुनाव



आयोग के प्रतिनिधि की अनुपस्थिति में मुख्य न्यायाधीश की पीठ ने कहा कि अदालत केंद्रीय बलों के साथ असहयोग के मुद्दे पर गौर करेगी। आयोग को दोबारा चुनाव की समीक्षा करनी होगी। मामले में जो बूथ सामने आए हैं, उन्हें देखा जाएगा। जो घटना हुई उसकी जिम्मेदारी आयोग को लेनी चाहिए। पीठ ने यह भी कहा कि अदालत इस बात से आश्चर्यचकित है कि राज्य सरकार चुनाव नतीजों के बाद किसी भी अशांति से नहीं निपट सकी। मुख्य न्यायाधीश की टिप्पणी, अगर राज्य अपने नागरिकों की रक्षा नहीं कर सकता तो अदालत इसे महत्वपूर्ण मानेगी। आयोग को हलफनामा दाखिल करने का निर्देश दिया गया है। यानी अदालत के इस फैसले पर जीतने वाले उम्मीदवारों का भविष्य निर्भर करेगा। चुनाव आयोग को जीतने वाले उम्मीदवारों को यह घोषणा करनी होगी कि उनका परिणाम अदालत के आदेश पर निर्भर करेगा। कलकत्ता हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश की खंडपीठ ने कहा कि चुनाव आयुक्त को 5000 बूथों पर दोबारा चुनाव की मांग पर विचार करना चाहिए। मुख्य न्यायाधीश की खंडपीठ ने बुधवार को कहा कि चुनाव परिणाम घोषित होने के बाद भी हो रही घटनाओं को देखकर अदालत आश्चर्यचकित है। आरंभ में ऐसा लगता है कि राज्य जो आतंकवाद और हिंसा चल रहा है, उस पर नियंत्रण नहीं कर पा रहा है। लोगों के जीवन की स्वतंत्रता से समझौता किया जा रहा है। वहीं पुलिस पर निर्दोष लोगों की मदद न करने का आरोप है। यह सुनिश्चित करना राज्य की जिम्मेदारी है कि आम आदमी की शांति भंग न हो। अगर वे ऐसा नहीं कर पाते तो यह बेहद चिंताजनक है। और कोर्ट इसे गंभीर मामले के तौर पर दर्ज करेगा। केंद्र सरकार के वकील ने भी आयोग पर आरोप लगाते हुए कहा, आज तक हमें आयोग से संवेदनशील बूथों की सूची नहीं मिली है। साढ़े तीन बजे कमिश्नर को बुलाया जाए। कोर्ट के आदेश के बावजूद उन्होंने सहयोग क्यों नहीं किया? मुख्य न्यायाधीश की खंडपीठ ने बुधवार को कहा कि मंगलवार को चुनाव परिणाम की घोषणा के बाद से विपक्षी उम्मीदवारों के घरों में तोड़फोड़ की शिकायतें आ रही हैं। मुख्य न्यायाधीश ने कहा, राज्य को लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करनी होगी। हिंसा की इतनी शिकायतें क्यों हैं? भाजपा के वकील गुरु कृष्णकुमार ने आरोप लगाया कि मतपेटियों को फुटबॉल की तरह खेला गया। मतपेटियों को लात मारकर छीना जा रहा है। और सब कुछ पुलिस के सामने हो रहा है। उन्होंने कहा, ह्यह्णहमें एक मतपेटी मिली। इसे कल काउंटिंग सेंटर से बाहर कर दिया गया। हमने इसे कोर्ट में लाने को कहा है।ह्ण इसमें मतपत्र हैं।ह्णह्ण कहां-कहां तैनात की गई है केंद्रीय बल? यह एक विकल्प है! चुनाव आयुक्त का कहना है कि वह गोलीबारी की घटना की जिम्मेदारी नहीं लेंगे। याचिकाकर्ता की वकील प्रियंका ने कहा, मैंने शिकायत दर्ज करने के लिए एक ईमेल आईडी खोली है। अब तक 250 शिकायतें मिलीं। पूरे राज्य में अशांति है। हारे हुए प्रत्याशियों को प्रताड़ित किया जाता है। इन दलीलों के बीच और अदालती रोक के बाद भी जो तस्वीर उभर रही है, उसमें टीएमसी प्रत्याशियों द्वारा जीत का जश्न बनाना प्रमुख है। दूसरी तरफ असम से यह रिपोर्ट आयी है कि पड़ोसी राज्य के अनेक लोग जान बचाने के लिए असम भाग गये हैं, जहां धुबरी में उनक रहने की व्यवस्था की गयी है। फिर भी यह प्रश्न अनुत्तरित है कि व्यापक हिंसा में अगर तृणमूल कांग्रेस के अधिक लोग मारे गये तो हिंसा किसने की और केंद्रीय सुरक्षा बलों को यहां क्यों भेजा गया था। यह सर्वविदित चुनावी सत्य है कि अगर मतदान केंद्रों पर किसी खास दल का कब्जा हुआ है तो वहां का जनसमर्थन उस पार्टी के पक्ष में अधिक था। इस सच को सभी राजनीतिक दल अच्छी तरह जानते हैं क्योंकि मतदान केंद्रों पर कब्जा करने की तकनीक इन्हीं दलों की ईजाद है। हिंसा रोकने की दिशा में राज्य के साथ साथ केंद्र की भी जिम्मेदारी है, इस पर भी चर्चा होनी चाहिए।

# भारतीय दूतावासों पर फीके रहे खालिस्तान समर्थकों के प्रदर्शन

आठ जुलाई को भारतीय दूतावासों पर खालिस्तान समर्थकों के प्रदर्शन की सूचना पर सख्त हुई भारत सरकार की सख्ती काम आई।इसी सख्ती की बदौलत प्रदर्शन वाले देशों की सरकारों को सख्ती करनी पड़ी, अनन्तोगत्वा ये प्रदर्शन फीके रहे। इसके साथ ही यह भी अच्छे संकेत हैं कि कनाडा के टोरंटो में भी भारतीय वाणिज्य दूतावास के सामने प्रदर्शन करने वाले खालिस्तान समर्थकों का वहां के भारतीय समुदाय के लोगों ने मुंहतोड़ जवाब दिया। भारतवंशियों ने तिरंगा लहराकर इन खालिस्तान समर्थकों का मुकाबला किया। ये प्रदर्शनकारी हाथों में तिरंगा लिए थे और भारतमाता की जयके नारे लगा रहे थे। मौत से डरा सहमा कुख्यात खालिस्तानी समर्थक गुरपतवंत सिंह पन्नू इस दौरान कहीं नजर नही आया। बताया जाता है कि दुनिया में अलग -अलग देशों में छिपे भारत विरोधी खालिस्तान समर्थकों की मौत होती देख गुरपतवंत सिंह पन्नू घबराया है।मौत के डर से वह भूमिगत हो गया



**अशोक मधुप**
पत्रकार

है। उसने अपनी फोन भी बंद कर लिया है। पीछे उसकी दुर्घटना में मौत की खबर आई किंतु ये गलत निकली।

पीछे कनाड़ा में खालिस्तान टाइगर फोर्स के चीफ खालिस्तानी समर्थक हरदीप सिंह निज्जर की हत्या की गई। कनाडा के एक गुरुद्वारे की पार्किंग में हरदीप निज्जर को गोली मारकर मौत के घाट उतार दिया गया था। उसके बाद कनाडा में एक पोस्टर प्रकाश में आया ।इसमें आरोप लगाया गया कि हरदीप निज्जर की हत्या में भारतीय सुरक्षा एजेंसियों का हाथ है।पन्नू ने हाल ही में उसने खालिस्तान समर्थकों की हत्या के बाद इसके लिए कनाडा और अमेरिका में भारतीय दूतावास के अफसरों को जिम्मेदार ठहराते हुए वीडियो भी जारी किया था। यह उसका धमकी भरा आखिरी वीडियो था।भगोड़े अलगाववादी पन्नू ने यह भी घोषणा की कि वह अपने करीबी सहयोगी हरदीप सिंह निज्जर, एक खालिस्तानी कट्टरपंथी की हत्या का बदला लेगा।पोस्टर में आठ जुलाई को जगह जगह भारतीय दूतावासों पर प्रदर्शन की बात भी की गई थी। खबरों के अनुसार खालिस्तान समर्थकों ने शनिवार यानी आठ जुलाई को अलग-अलग जगह विरोध-प्रदर्शन किया। खालिस्तानियों ने कनाडा के टोरंटो में भी भारतीय वाणिज्य दूतावास के सामने प्रदर्शन किया। हालांकि, यहां भारतीय समुदाय के लोगों ने इनको मुंहतोड़ जवाब दिया। भारतवंशियों ने तिरंगा लहराकर आतंकियों का मुकाबला किया। यहां भारतीय समुदाय के लोगों ने खालिस्तानियों को करारा जवाब दिया । भारत माता की जय, हर-हर महादेव और वंदे मातरम के नारे लगाए।खालिस्तान मुदार्बाद के भी नारे लगाये गए। ये बैनर भी लिए थे खालिस्तान की मांग करने वाले सिख नही हैं।प्रदर्शन में शामिल प्रवासी भारतीय समुदाय के सदस्य सुनील अरोड़ा और एक अन्य भारतीय अनिल शिरिंगी ने कहा कि वे वाणिज्य दूतावास के बाहर खालिस्तान समर्थकों का सामना करने के लिए खड़े हैं। हम खालिस्तानी बेहूदगी को रोकना और भारत व कनाडा के साथ एकजुटता प्रकट करना चाहते हैं। खालिस्तानी आतंकी लोगों को भरमा रहे हैं कि हमारे राजनयिकों को मार डालेंगे, हम पूरी तरह इसके खिलाफ हैं, खालिस्तान समर्थकों के प्रदर्शन में भारतीय समुदाय रहा, किंतु इसमें सिखों की भागीदारी न के बराबर रही। जबकि कनाड़ा में भारतीय सिख ज्यादा हैं। इस प्रदर्शन में बड़ी भागीदारी भारत को अपना राष्ट्र मानने वाले सिखों की होनी चाहिए थी।उन्हें यह कहना चाहिए था कि खालिस्तान समर्थक ये सिरफिरे सारे सिखों का प्रदर्शन नही करते ,किंतु कही भी ऐसा नजर नही आया। ब्रिटेन और ऑस्ट्रेलिया में भारतीय दूतावासों के बाहर भीड़ इकट्ठा ही नहीं हो पाई।लंदन में भी भारतीय उच्चायोग के बाहर 30-40 खालिस्तानी समर्थकों के इकट्ठा होने की खबर आई । मामला स्थानीय समयानुसार दोपहर 12।30 से 2।30 के बीच का है। मौके पर यूनाइटेड किंगडम पुलिस भी पहुंच गई ।कुछ देर बाद खालिस्तान समर्थकों ने जगह को खाली कर दिया और वहां से भाग निकले। रैली में भारतीय उच्चायुक्त विक्रम दोरईस्वामी और बर्मिंघम में भारत के महावाणिज्य दूत डॉ। शशांक विक्रम की तस्वीरों के साथ हिंसा भड़काने वाले विवादास्पद पोस्टरों का इस्तेमाल किया गया।प्रदर्शनकारी लंदन में भारतीय उच्चायोग के बाहर भारतीय उच्चायुक्त विक्रम दुरैस्वामी और शशांक विक्रम के पोस्टर के साथ-साथ पाकिस्तान और कश्मीर के समर्थन वाले पोस्टर हाथ में लिए हुए थे।विरोध प्रदर्शन के दौरान बड़ी संख्या में पुलिस बल मौजूद था और रैली बहुत जल्दी खत्म हो गई। इस सप्ताह की शुरूआत में, सोशल मीडिया पर खालिस्तानी चरमपंथियों के भारत विरोधी पोस्टर सामने आने के बाद ब्रिटिश सरकार ने घोषणा की था कि लंदन में भारतीय उच्चायोग पर कोई भी सीधा हमला अस्वीकार्य है।

आठ जुलाई को प्रस्तावित खालिस्तान समर्थक रैली के मद्देनजर अमेरिका के सैन फ्रांसिस्को में भारतीय वाणिज्य दूतावास की सुरक्षा बढ़ा दी गई है। दूतावास के बाहर बैरिकेड्स लगाए गए और पुलिसकर्मियों को तैनात किया गया है। अमेरिका में वॉशिंगटन डीसी के बाहर सुरक्षा के कड़े इंतजाम थे और लगातार वाहनों की चैकिंग हो रही थी।गौरतलब है कि दो जुलाई को खालिस्तान समर्थकों ने सैन फ्रांसिस्को में भारतीय वाणिज्य दूतावास पर हमला किया था। वहीं, वॉशिंगटन डीसी में भी भारतीय दूतावास के पास सुरक्षा बढ़ा दी गई। अमेरिका में भारतीय राजदूत तरणजीत सिंह संधू ने दूतावास पहुंचकर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। यहां कोई प्रदर्शन नही हुआ। अमेरिका में कुख्यात खालिस्तानी समर्थक गुरपतवंत सिंह पन्नू रहता है; आठ तारीख को प्रदर्शन के दिन वह और उसके साथी कहीं नजर नही

पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की हत्या के दिन कनाडा के ब्रैंपटन शहर इंदिरा गांधी की हत्या की झांकी निकाली गई।यह लगभग पांच किलोमीटर लंबी थी। खबरों के अनुसार यहां आठ जुलाई को कुछ भी नही हुआ। और भी जगह प्रदर्शन फीके रहे। इसके पीछे भारत सरकार की सख्ती और खालिस्तान समर्थकों वाले देश की सरकारों के सम्मुख कठोर विरोध जताना रहा।

उधर अमेरिका में भारतीय दूतावास में पिछले दिनों हमला कर लगाई गई आग की जांच राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) करेगी। भारत से राष्ट्रीय जांच एजेंसी के पांच सदस्यों की टीम अमेरिका के सैन फ्रांसिस्को में जांच के लिए जाएगी। पता चला है कि एजेंसी के सदस्यों को अमेरिका में भेजने की सारी कागजी कार्रवाई पूरी हो चुकी है और टीम 17 जुलाई को रवाना हो सकती है।खालिस्तानी समर्थकों ने आतंकी हरदीप सिंह निज्जर के कनाडा में मारे जाने के विरोध में अमेरिका के सैन फ्रांसिस्को में भारतीय दूतावास में एक जुलाई की रात को हमला कर आग लगा दी थी।

नजरिया

# समान नागरिक संहिता की पेचिदगियां

आगामी लोकसभा चुनाव के नजदीक आने के साथ ही एक बार फिर समान नागरिक संहिता अर्थात यूसीसी को लेकर बहस मुहाबिसा का दौर चरम पर है। यूसीसी के लागू होने के साथ ही सभी भारतीयों पर धार्मिक और आदिवासी समुदायों पर उनके व्यक्तिगत मामलों जैसे संपत्ति, विवाह, विरासत और गोद लेने आदि में लागू होगा। इसका सीधा अर्थ यह है कि हिंदू विवाह अधिनियम (1955), हिंदू उत्तराधिकार अधिनियम (1956) और मुस्लिम व्यक्तिगत कानून आवेदन अधिनियम (1937) जैसे धर्म पर आधारित मौजूदा व्यक्तिगत कानून तकनीकी रूप से भंग हो जाएंगे और किसी जाति या मजहब के नाम पर प्रचलित सभी नियम कानून गैर कानूनी हो जायेंगे।



**विश्वजीत राहा**
स्वतंत्र टिप्पणीकार

बहरहाल भारतीय संविधान के अनुच्छेद 44 के मुताबिक, राज्य भारत के पूरे क्षेत्र में नागरिकों के लिए एक समान नागरिक संहिता को सुरक्षित करने का प्रयास किया गया है। लेकिन विशेषज्ञों का मानना है कि भारत जैसे बड़े देश में जहां धर्म व जाति में बंटे विभिन्न समुदायों के लोग रहते हैं। यहां के राज्यों की अलग-अलग सांस्कृतिक पहचान है। ऐसे में यूसीसी पर एक राय बनाना आसान कार्य नहीं है। इसी के आधार पर वर्ष 2018 में विधि आयोग ने जारी परामर्श पत्र में कहा था कि फिलहाल देश में यूनिफॉर्म सिविल कोड लागू करने की जरूरत नहीं है। आयोग ने कहा था कि मौजूदा वक्त में यूसीसी न तो जरूरी है और न ही वांछनीय। कुछ कानूनी विशेषज्ञों का मानना है कि चूंकि विवाह, तलाक, विरासत और संपत्ति के अधिकार जैसे मुद्दे संविधान की समवर्ती सूची के अंतर्गत आते हैं, जो 52 विषयों की सूची है, जिन पर केंद्र और राज्य दोनों कानून बना सकते हैं। अतः यूसीसी को लागू करने का अधिकार मुख्य रूप से राज्य सरकारों के पास है। इसी के तहत गोवा में समान नागरिक संहिता इसके भारत में विलय के पहले 1867 से ही लागू है जिसे पुर्तगाली नागरिक संहिता के नाम से जाना जाता है। हालांकि समान नागरिक संहिता यानी यूनिफार्म सिविल कोड का मुद्दा लंबे समय से बहस का केंद्र रहा है। लेकिन समान नागरिक संहिता की उत्पत्ति औपनिवेशिक भारत में हुई, जब ब्रिटिश सरकार ने 1835 में अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत की। इस रिपोर्ट में अपराधों, सबूतों और अनुबंधों से संबंधित भारतीय कानून के संहिताकरण में एकरूपता की आवश्यकता पर जोर दिया गया था। यह भी सिफारिश की गई थी हिंदुओं और मुसलमानों के व्यक्तिगत कानूनों को इस तरह के संहिताकरण के बाहर रखा जाए। इस मुद्दे पर गठित बीएन राव समिति ने समिति ने 1937 के अधिनियम की समीक्षा की और हिंदुओं के लिए विवाह और उत्तराधिकार के नागरिक संहिता की मांग की। राव समिति की रिपोर्ट का प्रारूप बीआर आंबेडकर की अध्यक्षता वाली एक चयन समिति को प्रस्तुत किया था। 1952 में हिंदू कोड बिल को दोबारा पेश किया गया। इसी बिल को 1956 में हिंदू उत्तराधिकार अधिनियम के रूप में जाना जाता है। बहरहाल यूसीसी भाजपा के एजेंडे में पार्टी के गठन के समय से ही शामिल रहा। यह बात दीगर है कि अटल बिहारी वाजपेयी सरकार के दौर में इस पर कोई चर्चा नहीं हो पाई जबकि पार्टी अपने स्थापनाकाल से ही इस पर जोर देती रही है कि इसे लेकर संसद में कानून बनाया जाए। भाजपा ने 2019 लोकसभा चुनाव के घोषणा पत्र में भी इसे शामिल किया था। फिलहाल इस मुद्दे पर एक बार फिर विधि आयोग द्वारा लोगों से विचार विमर्श किया जा रहा है।

**ऐसे में यूसीसी पर एक राय बनाना आसान कार्य नहीं है। इसी के आधार पर वर्ष 2018 में विधि आयोग ने जारी परामर्श पत्र में कहा था कि फिलहाल देश में यूनिफॉर्म सिविल कोड लागू करने की जरूरत नहीं है।**

# भोला की चिट्ठी

मैं भोला हूं, आपका पुराना छात्र। शायद आपको मेरा नाम भी याद ना हो, कोई बात नहीं, हम जैसों को कोई क्या याद रखेगा। मुझे आज आपसे कुछ कहना है सो ये चिट्ठी डाक बाबु से लिखवा रहा हूं। मास्टर जी मैं 6 साल का था जब मेरे पिताजी ने आपके स्कूल में मेरा दाखिला कराया था। उनका कहना था कि सरकारी स्कूल जाऊंगा तो पढना-लिखना सीख जाऊंगा और बड़ा होकर मुझे उनकी तरह मजदूरी नहीं करनी पड़ेगी, दो वक़्त की रोटी के लिए तपते शरीर में भी दिन-रात काम नहीं करना पड़ेगा। अगर मैं पढ़-लिख जाऊंगा तो इतना कमा पाऊंगा कि मेरे बच्चे कभी भूखे पेट नहीं सोयेंगे! पिताजी ने कुछ ज्यादा तो नहीं सोचा था मास्टर जी। कोई गाडी-बंगले का सपना तो नहीं देखा था वो तो बस

प्रेरक-प्रसंग




इतना चाहते थे कि उनका बेटा पढ़ लिख कर बस इतना कमा ले कि अपना और अपने परिवार का पेट भर सके और उसे उस दरिद्रता का सामना ना करना पड़े जो उन्होंने आजीवन देखी। पर पता है मास्टर जी मैंने उनका सपना तोड़ दिया, आज मैं भी उनकी तरह मजदूरी करता हूं, मेरे भी बच्चे कई-कई दिन बिना खाए सो जाते हैं। मैं भी गरीब हूं। अपने पिता से भी ज्यादा !

शायद आप सोच रहे हों कि मैं ये सब आपको क्यों बता रहा हूँ ?
क्योंकि आज मैं जो कुछ भी हूँ उसके लिए आप जिम्मेदार हैं !
मैं स्कूल आता था, वहां आना मुझे अच्छा लगता था, सोचता था खूब मन लगा कर पढूंगा,क्योंकि कहीं न कहीं ये बात मेरे मन में बैठ गयी थी कि पढ़ लिख लिया तो जीवन संवर जाएगा।इसलिए मैं पढना चाहता था।लेकिन जब मैं स्कूल जाता तो वहां पढाई ही नहीं होती। आप और अन्य अध्यापक कई-कई दिन तो आते ही नहीं।आते भी तो बस अपनी हाजिरी लगा कर गायब हो जाते। या यूं ही बैठ कर समय बिताते। कभी-कभी हम हिम्मत करके पूछ ही लेते कि क्या हुआ मास्टर जी आप इतने दिन से क्यों नहीं आये तो आप कहते कुछ जरूरी काम था!.. ..**जारी।**

जानकारी

# लक्ष्मणपुर समुद्र तट



एक गैर-व्यावसायिक यात्रा स्थल माना जाता है, लक्ष्मणपुर समुद्र तट आपके जीवनकाल में एक बार देखने लायक है। कोरल रीफ लक्ष्मणपुर बीच का प्रमुख आकर्षण है। स्नॉर्कलिंग के दौरान आप समुद्र तट के किनारे और यहां तक ??कि पानी की सतह के नीचे मृत प्रवाल देख सकते हैं। सबसे अच्छी बात यह है कि कोरल के पेचीदा पानी के नीचे के पारिस्थितिकी तंत्र का निरीक्षण करने के लिए आपको समुद्र में गहराई तक जाने की आवश्यकता नहीं है।

# OnePlus Nord CE 5G में मिल रहा एंड्रॉयड 13 अपडेट



नई दिल्ली: OnePlus Nord CE 5G को OxygenOS 13 F.50 का अपडेट मिल रहा है। भारत में यह स्मार्टफोन 2021 में एंड्रॉयड 11 के साथ लॉन्च किया गया था। अब इस फोन में मिलने वाला लेटेस्ट ओएस अपडेट बेहतर सिस्टम सिक्योरिटी और अन्य बग फिक्स के साथ लेटेस्ट सिक्योरिटी पैच प्रदान करता है। अपडेट फिलहाल भारत में यूजर्स के लिए जारी किया जा रहा है। नया अपडेट सबसे पहले 10 जुलाई से देश में कुछ OnePlus Nord CE 5G यूजर्स के लिए उपलब्ध हो रहा था और धीरे-धीरे इसे ज्यादा यूजर्स के लिए प्रदान किया जाएगा। OnePlus ने 10 जुलाई को अपने कम्युनिटी पेज के जरिए लेटेस्ट सॉफ्टवेयर अपडेट के रोलआउट की घोषणा की थी। भारत में OnePlus Nord CE 5G स्मार्टफोन के लिए OxygenOS 13 F.50 अपडेट यूजर्स के लिए बैच में जारी किया जा रहा है, जो कि जुलाई 2023 एंड्रॉइड सिक्योरिटी पैच और अन्य अपग्रेड ला रहा है। लेटेस्ट सिक्योरिटी पैच बेहतर सिस्टम सिक्योरिटी और स्टेबिलिटी लाता है। OnePlus Nord CE 5G अपडेट फर्मवेयर वर्जन EB2101_11.F.50 के साथ आता है। OnePlus Nord CE 5G में OxygenOS 13 F.50 उन दिक्कतों को भी ठीक करने वाला है, जिसके चलते अनलॉक होने के बाद होम स्क्रीन रुक जाती है। कंपनी ने कहा कि यह कुछ कंडीशन में फोटो ऐप को क्रैश होने से भी रोकेगा। ध्यान देने वाली बात यह है कि OnePlus Nord CE 5G के लिए OxygenOS 13 F.50 वर्तमान में सिर्फ भारत में ही उपलब्ध है। OnePlus ने कहा कि लेटेस्ट अपडेट 10 जुलाई से जारी किया जाएगा। कंपनी के अनुसार, देश में कुछ यूजर्स को पहले दिन अपडेट मिल गया होगा, जिसके बाद बड़े स्तर रोलआउट किया जाएगा। यूजर्स स्मार्टफोन के सेटिंग ऐप पर जाकर मैनुअली अपडेट को चेक कर सकते हैं।

साइबर दुनिया

टॉप ट्वीट



"2015 में सरकार ने वैज्ञानिक अनुसंधान में शामिल संगठनों को 'स्व-वित्तपोषण' परियोजनाएं शुरू करने के लिए कहा था जिसका मतलब था कि उन्हें अनुसंधान के लिए खुद धन जुटाना होगा। लेकिन सरकार ने बार-बार वैज्ञानिक सोच को प्रोत्साहित करने के प्रति अपनी तिरस्कार की नीति जारी रखी और बराबर तिरस्कार का भाव प्रदर्शित करती रही।"

मल्लिकार्जुन खडगे
कांग्रेस अध्यक्ष

"सनी के साथ काम करना अधिक सुंदर, अधिक अद्भुत रहा। उनके साथ काम करना अधिक मजेदार हैं, मैं कह सकती हूं कि अब हम पहले से बेहतर दोस्त हैं। मुझे लगता है कि सनी वास्तव में अधिक अद्भुत व्यक्ति बन गए हैं।"

अमीषा पटेल
बॉलिवुड अभिनेत्री

संपादक के नाम पत्र

## लालू के सात तेजस्वी की बढ़ती मुश्किलें

बिहार में जब से राजद के साथ गठबंधन हुआ है तब से बिहार में हलचल तेज है।बिहार में भूमिहीन जब आवाज उठाते है तब भागलपुर वाली घटना होती है।जमीन पर अपना हक मांगने वाले किसानों पर लाठियां बरसाई गई थी।चंपारण की घटना से सारी सीमाएं तोड़ दी थी।विधान परिषद में शिक्षकों के प्रश्न पर हंगामा हुआ और करीब छह घन्टे कार्यवाही बाधित हुई।सदन में उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव से इस्तीफा की मांग की गई।जमीन के बदले रेलवे की नौकरी घोटाले में नाम आने के आधार पर भाजपा तेजस्वी के त्याग पत्र की मांग की है।टेबल पर कुर्सियां पटकी गई।पटना में नियोजित भारी भीड़ और घटना स्थल पर अभ्यर्थियों द्वारा विधानसभा घेरने का विचार है।प्रदेश में कानून व्यवस्था बिगड़ चुकी है।भाजपा झूठ की फैक्ट्री चलाने का आरोप तेजस्वी ने लगाया है ।हालांकि, तेजस्वी को अपने परिवार की नैतिकता पर सोच समझ कर बोलना चाहिए।आज नही तो आगामी दिनों में भी इस्तीफा देना ही पड़ेगा।क्योंकि दागी मंत्री सत्ता पर नही रह सकते है ।बिहार में हत्या और दुष्कर्म के मामले बढ़ रहे है।नीतीश कानून की बात पर हाथ ताली बजाने के लिए तैयार रहते है।तेजस्वी को आज नही तो कल इस्तीफा तो देना ही पड़ेगा।बिहार अव्यवस्था का गढ़ बनता जा रहा है।उसके बाद भी सब सलामत की बात की जा रही है।पूर्व में भी पुलिस ने बर्बर लाठीचार्ज से लोग घायल भी हुए है।पहले भी भूमिहीनों के साथ हुए अत्याचार पूरे बिहार में बिखरे थे।लेकिन सुशासन बाबू ने इसकी सुध नही ली थी।भाजपा विधायकों ने तेजस्वी के नाम चार्जशीट के बाद इस्तीफा मांगा है।नीतीश कुमार के लिए गले की हड्डी बनता जा रहा है।नीतीश नही निगल सकते है और न ही थूक सकते है।जबसे बड़ी पार्टी आरजेडी और जेडीयू के गठबंधन की सरकार पर आफत के बादल है।

**कांतिलाल मांडोत**

स्वस्तिक मीडिया वेंचर्स प्रा. लिमिटेड के लिए मुद्रक और प्रकाशक रजत कुमार गुप्ता द्वारा वृंदा मीडिया पब्लिकेशन्स प्रा.लि., चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची से मुद्रित और एचआई 254, हरमू बाईपास रोड, हरमू हाउसिंग कालोनी, रांची से प्रकाशित। सम्पादक - रजत कुमार गुप्ता
RNI No- JHAHIN/ 2008/ 26373, email-rastriyakhabarhn@gmail.com, www.rashtriyakhabar.com, Phone No. 0651-2244605, 2244505

## शहर >> अपडेट

### पीरटांड़ में संघन मिशन इन्द्रधनुष अभियान प्रारंभ

**पीरटांड़ :** पीरटांड़ प्रखंड में स्वास्थ्य विभाग द्वारा संघन मिशन इन्द्रधनुष अभियान 0 से 5 वर्ष के तहत टीकाकरण से वंचित व छूटे हुए 0 से 5 वर्ष तक के बच्चे एवं गर्भवती महिलाओं का ड्यू लिस्ट बना कर उन्हें टीका देना है। जिसकी जानकारी बीपीएम सरिता कुमारी ने दी उन्होंने बताया कि मिशन इन्द्रधनुष अभियान के तहत टीकाकृत किए गए।

## सिटी अपडेट्स >>

### दो दिवसीय चिकित्सा शिविर का आयोजन

**बड़कागांव :** बड़कागांव पंचायत सिकरी में कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग द्वारा दो दिवसीय पशु चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें प्रखंड पशुपालन पदाधिकारी डॉक्टर लाइसराम गोसाई सिंह के नेतृत्व में सिकरी के 39 लाभुकों के बीच पशु एवं पक्षियों के लिए मुफ्त में स्वास्थ्य जांच कर दवाई का वितरण किया गया, साथ हीं स्वास्थ्य अधिकारी के द्वारा लाभुकों को बरसात के मौसम में पशु एवं पक्षियों में होने वाले विभिन्न प्रकार के रोगों से अवगत कराया गया।

### पुलिस अधीक्षक से लगायी गुहार

**इचाक :** इचाक दुमरौन गांव निवासी त्रिलोकी प्रसाद मेहता ने बहू बेबी कुमारी (सिपाही) पर गलत एवं मनगढ़ंत केस में फंसाने संबंधी आवेदन एसपी को देखकर केस से बारी करने की गुहार लगाई है। आवेदन में कहा है। कि बेबी कुमारी (सिपाही) के साथ पुत्र राजूप्रसाद मेहता की शादी 2016 में रीति रिवाज के साथ हुआ। शादी के बाद बेबी पति राजू पर दबाव बनाने लगी की मां बाप से अलग मेरे साथ रहो। पत्नी की बातों पर राजू हम लोगों को छोड़कर पुलिस लाइन में पत्नी बेबी के साथ रहने लगा।

## संक्षिप्त >> अपडेट्स

### बड़कागांव प्लस टू हाई स्कूल में 5 महीने से बंद है शौचालय निर्माण कार्य

**बड़कागांव :** बड़कागांव के प्लस टू हाई स्कूल में डीएमटी फंड से बनाए जा रहे शौचालय निर्माण का काम 5 महीने से बंद है। इस संबंध में संवेदक के मुंशी जगदीश राणा ने बताया कि शौचालय निर्माण के लिए पांच लाख प्राककलन राशि है। अब तक 50 हजार रुपए का काम हो चुका है।लेकिन प्रभारी प्रधानाध्यापक कृष्ण कुमार कन्हैया ने स्थान गलत कह कर रोक दिया है। प्रधानाध्यापक कृष्ण कुमार कन्हैया ने यह कहकर शौचालय निर्माण को रोक दिया है कि जहां हम स्थान बताएंगे वही शौचालय बनाना है।लेकिन अभी तक शौचालय निर्माण के लिए जमीन का चयन करके नहीं दिया है।इसलिए शौचालय का कार्य बंद है। मुंशी ने बताया कि प्लस टू हाई स्कूल में शौचालय का निर्माण बीआरसी भवन के बगल में किया जा रहा था। चार बाथरूम एवं 5 टॉयलेट रूम बनाया जा रहा था। लेकिन प्रधानाध्यापक के मनमाने कारण काम रुका हुआ है। मुंशी ने यह भी बताया कि पुराने विद्यालय भवन में रिपेयरिंग का कार्य डीएमटी फंड से किया जा रहा है। बाहर में काम हो चुका है। लेकिन प्रभारी प्रधानाध्यापक द्वारा चाबी नहीं दिए जाने के कारण अंदर में काम नहीं हो पाया है। प्रधानाध्यापक द्वारा बार-बार कार्य कराने में बाधा डाला जा रहा है। प्लस टू हाई स्कूल में वर्तमान में 1563 छात्र-छात्राएं एवं 15 शिक्षक शिक्षिकाएं हैं।शौचालय की कमी के कारण विद्यार्थियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। प्रभारी प्रधानाध्यापक कृष्ण कुमार कन्हैया ने बताया कि जिस जगह पर शौचालय बन रहा है, वहां फील्ड है। पेड़ पौधे हैं।बीआरसी भवन के पीछे शौचालय बनाने के लिए बोले हैं। संवेदक पारसनाथ महतो का कहना है कि शौचालय का नवनिर्माण फील्ड के किनारे हो रहा है, जो सुरक्षा के दृष्टिकोण से बालिकाओं के लिएबेहतर साबित होगा।

---

**निरीक्षण**

### उपायुक्त ने किया जिला कोषागार कार्यालय का निरीक्षण

# फायर ऑडिट कराने का दिया निर्देश

- महत्वपूर्ण फाइलों समेत स्ट्रॉन्ग रूम का किया जांच
- उपायुक्त ने दिया झारखंड ट्रेजरी कोड नियमावली बुक



राष्ट्रीय खबर

**हजारीबाग :** हजारीबाग उपायुक्त नैंसी सहाय ने गुरुवार को समाहरणालय भवन अवस्थित जिला कोषागार कार्यालय का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंनें स्टाक पंजी, स्टांप पंजी,ओपनिंग व क्लोजिंग रजिस्टर,अग्निशमन यंत्र, वज्रगृह सुरक्षा गार्ड एवं बज्रगृह के सुरक्षा के सुदृढ़ीकरण से संबंधित भवन प्रमंडल द्वारा निर्गत प्रमाण पत्रों इत्यादि की गहनता से जांच की।निरीक्षण के क्रम में उन्होंने सीसीटीवी के अधिष्ठापन की आवश्यकता जताई। निरीक्षण के क्रम में उपायुक्त कोषागार पदाधिकारी उज्ज्वल चौरसिया के कक्ष में पहुंच कर महत्त्वपूर्ण फाइलों की जांच की। उन्होनें बिल आदि के भुगतान संबंधी संचिका,आउटसोर्सिंग वेतन भुगतान संबंधी फाइल, स्टॉक रजिस्टर, सर्विस बुक, कार्यरत कर्मचारियों की जानकारी आदि का निरीक्षण किया। मौके पर उन्होनें कहा की कोषागार में संचिका,विभिन्न परीक्षाओं के प्रश्न पत्र एवं महत्वपूर्ण दस्तावेज रखे जाते हैं। इस बाबत उन्होंने समय समय पर सभी सुरक्षात्मत अवयवो यथा फायर सेफ्टी,सुरक्षा गार्ड आदि को चुस्त दुरुस्त रखने की बात कही। उन्होंने कहा की स्ट्रांग रूम में लगे फायर सेफ्टी यंत्र की क्रियाशीलता को लेकर फायर ऑडिट कराने सहित फायर यंत्र के संचालन के लिए सुरक्षा प्रहरियों को पूर्ण प्रशिक्षण दिलाने का निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने अप्रचलित स्टाम्प, पुराने रिकार्ड एवं अन्य खराब पड़े सामग्रियों का प्रबंधन करने के लिए विभाग से समन्वय स्थापित कर कार्रवाई करने को कहा। इस अवसर पर कोषागार कार्यालय में आठ प्रशिक्षणरत अकाउंट असिटेंट एवं चार डॉक्टर को उपायुक्त ने शुभकामना देते हुए हुए कहा कि कोषागार विभाग एक महत्त्वपूर्ण विभाग है, आपको इस ईकाई में अपने वरीय अधिकारीयों से बेहतर कार्य प्रबंधन सीखने को मिलेगा। उन्होंने कहा कि वित्तीय मामलो में गलतियों की संभावना नगण्य होती है इसलिए गंभीर एवं संवेदनशील होकर कार्य सीखने को आवश्यकता है। उपायुक्त ने पोस्ट रिटायरमेंट बेनिफिट्स,पेंशन आदि मामलों को प्राथमिकता के साथ निष्पादित करने की बात कही। उपायुक्त ने परीक्ष्यमान कर्मियों को कोषागार एक्ट,सेक्शन एवं वित्तीय नियमावली की बारीकियों को सीखने के लिए झारखंड ट्रेजरी कोड किताब का वितरण किया। उपायुक्त ने कोषागार पदाधिकारी द्वारा व्यक्तिगत इच्छाशक्ति से कई पेंशनधारी जो कार्यालय आने में सक्षम नहीं है उन्हें उनके घर जाकर पेंशन संबंधी अड़चनों को दूर कर उनको उनके लाभ से आच्छादित करने की कारवाई की प्रशंसा की। उन्होंने सभी प्रशिक्षुओं से ऐसे कार्यप्रणाली से सीख लेने की बात कही। उपायुक्त ने अपने निरीक्षण के क्रम में सभी विभागों के कार्यालय प्रधान को निर्देश देते हुए कहा की वेतन सम्बंधी विपत्रो को ससमय कोषागार कार्यालय भेजें ताकि समय पर वेतन भुगतान की प्रक्रिया पूर्ण की जा सके। मौके पर कोषागार पदाधिकारी ने बताया कि महत्त्वपूर्ण विभाग होने के कारण पूरे जिलेभर से लाभुक इस कार्यालय में आते है उनकी सुविधा के लिए वेटिंग चेयर, शुद्ध पेयजल के लिए वाटर फिल्टर व दिव्यांग पेंशनधारियों के लिए व्हीलचेयर की व्यवस्था की गई है। मौके पर प्रशिक्षु आईएएस सुलोचना मीणा,कोषागार पदाधिकारी व कोषागार कार्यालय के कर्मी उपस्थित थे।

### विश्वविद्यालय के कुलसचिव किए गए सम्मानित

राष्ट्रीय खबर

**हजारीबाग :** हजारीबाग स्थानीय नगर भवन में गुरूवार को आयोजित निक्षय मित्र सम्मान समारोह में आईसेक्ट विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ मुनीष गोविंद को स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, झारखंड सरकार की ओर से जारी प्रशस्ति पत्र हजारीबाग उपायुक्त नैन्सी सहाय के हाथों देकर सम्मानित किया गया। दरअसल प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत निक्षय मित्र बन टीबी मरीजों को गोद लिया जाता है। जिसमें हर माह पोषण किट उन टीबी मरीजों को 6 महीने तक मुहैया कराई जाती है। इसी के मद्देनजर हजारीबाग के कई अधिकारी, एनजीओ, शिक्षण संस्थान व व्यक्तिगत तौर पर लोग टीबी मरीजों को गोद लेकर टीबी मुक्त भारत के सपने साकार करने के प्रयास में लगे हैं। इसी कड़ी में अपने सामाजिक दायित्वों को ध्यान में रखते हुए आईसेक्ट विश्वविद्यालय की ओर से भी गोद लिए गए टीबी मरीजों को हर माह पोषण किट प्रदान किया जा रहा है।

जिसके लिए गुरुवार को उपायुक्त ने कुलसचिव डॉ मुनीष गोविंद को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। प्रशस्ति पत्र पाकर आईसेक्ट विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ मुनीष गोविंद ने खुशी जाहिर की और कहा कि सरकार की यह पहल सराहनीय है। और इस पहल व निक्षय मित्रों के योगदान से टीबी मुक्त हजारीबाग के साथ साथ टीबी मुक्त भारत का सपना जल्द ही जरूर पूरा होगा। मौके पर सिविल सर्जन डॉ सरयू प्रसाद सिंह, जिला यक्ष्मा पदाधिकारी डॉ राजकिशोर, जिला टीबी कार्यक्रम समन्वयक टीपू सुल्तान समेत बड़ी संख्या में विभिन्न प्रखंडों से आए निक्षय मित्र व सहिया मौजूद थे।

### नियमित कुलपति एवं प्रति कुलपति की नियुक्ति को लेकर राजभवन गंभीर

# आयुक्त सुमन ने संभाला विभावि के नये कुलपति का कार्यभार



राष्ट्रीय खबर

**हजारीबाग :** हजारीबाग कुलपति के सभागार में आयोजित एक समारोह में सर्वप्रथम विश्वविद्यालय के वित्तीय परामर्शी सुनील कुमार सिंह ने पुष्प स्तक भेंट कर उनका अभिवादन किया। तत्पश्चात विश्वविद्यालय के छात्र कल्याण संकायअध्यक्ष डॉ0 अंबर खातून, कुलानुशासक प्रो0 मिथिलेश कुमार, सीसीडीसी डॉ के के गुप्ता, कुलसचिव डॉ0 कौशलेंद्र कुमार ने पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका स्वागत किया। तत्पश्चात विश्वविद्यालय के वित्त पदाधिकारी सुरेंद्र कुशवाहा, परीक्षा नियंत्रक डॉ0 गौरी शंकर तिवारी, रूसा के नोडल पदाधिकारी डॉ0 चंद्रशेखर सिंह, खेल निदेशक डॉ राखो हरि तथा सहायक कुलसचिव डॉ कुमार विकास एवं डॉ अनिल उरांव ने नए कुलपति का स्वागत किया। ज्ञात हो की पूर्व कुलपति डॉ एमएन देव के 3 वर्ष के कार्यकाल की समाप्ति के बाद कुलपति का पद रिक्त हो गया था । रांची विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो0 डॉ0 अजीत कुमार सिन्हा को विनोबा भावे विश्वविद्यालय का अतिरिक्त प्रभार दिया गया था। उस समय उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडल के आयुक्त के पद को लेकर असमंजस की स्थिति बनी हुई थी। श्रीमती किस्पोट्टा 27 जून को उत्तरी छोटानागपुर के आयुक्त के रूप में अपना योगदान दी थी ।

तत्पश्चात कुछ दिनों की छुट्टी में रहने के बाद 10 जुलाई से अपना कार्यभार संभालने लगी थी। अपने अल्प कार्यकाल में डॉ अजीत कुमार सिन्हा ने छात्र हित में तथा उच्च शिक्षा के हित में विश्वविद्यालय के ढेर सारे लंबित कार्यों का निष्पादन किया। नैक मूल्यांकन की तैयारी को लेकर भी उन्होंने विश्वविद्यालय परिवार में नई ऊर्जा का संचार किया।

### बीजीआर कंपनी अपनी मनमानी बंद करें नहीं तो लेकर जाएंगे कोर्ट : सुरजीत नागवाला



राष्ट्रीय खबर

**हजारीबाग :** हजारीबाग कोल परियोजना के अंतर्गत बीजीआर माइनिंग के द्वारा मेमोरी पंचायत में जो कोयला उत्खनन का कार्य किया जा रहा है उसमें बीजीआर कंपनी के द्वारा मनमाने तरीके से जीरो पेमेंट पर भी जमीन को अंग्रेजों से भी बदतर स्थिति में लूटा जा रहा है और जो कोई भी ग्रामीण इसके खिलाफ आवाज उठाते हैं तो उन्हें प्रशासन का डर दिखा कर के शांत किया जाता है और नहीं तो झूठे मुकदमों में फंसा कर जेल भेजा जाता है। बीजीआर माइनिंग जो है कोयला उत्खनन का जो काम कर रही है उसमें आज जितने भी गांव प्रभावित हैं उनके साथ बहुत तरह से अत्याचार करने का काम कर रही है बहुत से ग्रामीणों का मुआवजा तक नहीं मिला है कुछ लोगों को तो एक एक घर में चार ,चार लोगों को रोजगार दिया गया है और कुछ लोगों के यहां से एक भी व्यक्ति को रोजगार नहीं दिया गया है उसके साथ कंपनी विलेज मोबिलाइजर के नाम पर लठैत रखकर के ग्रामीणों को डराने धमकाने का भी काम कर रही है और साथ ही साथ प्रशासन का भी डर दिखाकर लोगों के जमीन पर बाद जबरन कंपनी का काम करवा रहे हैं, इन्हीं सब मुद्दों को लेकर बीजीआर कंपनी के जीएम श्रीनिवास राव को पहले भी कई बार सभी लोगों के माध्यम से आवेदन दिया गया उनसे बात रखी गई लेकिन आज तक कोई नतीजा नहीं निकला जिसके कारण सभी ग्रामीण एकजुट हुए और आज बसरिया बाजार में एक बैठक की और बैठक के बाद सभी लोग बीजीआर कंपनी से के जीएम के पास अपनी बात रखने के लिए गए।

### 19 कार्टून अवैध शराब लदे वाहन जब्त, एक गिरफ्तार

राष्ट्रीय खबर

**चौपारण :** चौपारण पुलिस ने 19 पट्टी अवैध शराब लदे बोलेरो को किया जब्त। बुधवार को पुलिस अधीक्षक हजारीबाग द्वारा गुप्त सूचना के बाद बोलेरो वाहन सं0 जेएच02 बीबी 4047 पर अवैध रुप से अंग्रेजी शराब लोड कर तस्करी करने के नियत से ईटखोरी की तरफ से चौपारण होते हुए बिहार की ओर जाने के क्रम में चौपारण पुलिस की टीम गठित ने पकड़ा। गठित टीम में थाना प्रभारी शम्भू नंद ईश्वर, एएसआई बादल कुमार महतो व सशस्त्र बल के जवानों के द्वारा चतरा मोड़ के आगे डाक बाबा के पास उक्त गाडी का आने का इंतेजार किया गया। इसी क्रम में उक्त बोलेरो गाड़ी आते दिखाई दिया, जिसे पुलिस बल द्वारा चेकिंग हेतु रुकने का ईशारा किया गया परन्तु पुलिस बल को देखकर उक्त गाडी के चालक तेजी गाडी को भगाने लगा, जिसे जी0टी0 रोड़ के सियरकोनी कट से अंदर सियरकोनी गाँव के जंगल में पकड़ा गया। पकड़ाये बोलेरो का जाँच किया गया तो उसमें अवैध अंग्रेजी शराब पाया एवं उक्त बोलेरो से एक व्यक्ति मो मेहताब, पिता मो हलील, शकिन शिला, थाना गिद्धौर, जिला चतरा को सत्यापन के पश्चात गिरफ्तार किया गया। इस संबंध में चौपारण थाना कांड सं0- 296/23 दिनांक- 12/07/23 धारा- 272/273/278/290/414/34 भा0द0वि0 एवं 47 (अ) उत्पाद अधिनियम अंकित किया गया।

**समारोह**

### अदानी कोल कंपनी ने गांव को लिया गोद

# डीसी ने अदाणी फाउंडेशन को किया सम्मानित

- पहले चरण के तहत गोद लिए गए टीबी के 60 मरीज हुए ठीक
- दूसरे चरण के तहत 70 मरीजों को लिया गया है गोद
- टीवी मरीज पहले चरण से लेकर दूसरे चरणतक इलाज के लिए रहा तात्पर्य




राष्ट्रीय खबर

**हजारीबाग :** हजारीबाग की उपायुक्त नैंसी सहाय ने गुरवार को अदाणी इंटरप्राइजेज लिमिटेड के गोंदलपुरा खनन परियोजना प्रमुख धर्मेंद्र दुबे को मोमेंटो और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। अदाणी फाउंडेशन ने बड़कागांव प्रखंड में पहले चरण के तहत टीबी के 60 मरीजों को गोद लिया था, जो स्वस्थ हो गए। अब दूसरे चरण के तहत टीबी के 70 मरीजों को गोद लिया गया है, जिन्हें हर महीने पोषण किट अदाणी फाउंडेशन की ओर से दिया जा रहा है। यह किट मरीजों को अगले छह महीनों तक के लिए प्रदान किया जाएगा। कार्यक्रम में अदाणी फाउंडेशन की ओर से बड़कागांव प्रखंड में लगातार सीएसआर के तहत हो रहे कार्यों की सराहना की गई। मालूम हो कि अदाणी फाउंडेशन की ओर से प्रखंड में अंतर्गत विभिन्न गांवों में लगातार निःशुल्क चिकित्सा शिविर, मुफ्त दवा वितरण और निःशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इसके अलावा अदाणी फाउंडेशन ने पिछले दिनों प्रखंड के गाली, बलोदर, और गोंडलपुरा के ग्रामीणों को 50-50 किलोग्राम डीएपी खाद, 50-50 किलोग्राम यूरिया और 10-10 किलोग्राम धान का बीज भी प्रदान किया था।

**महुगाई कला पंचायत भवन में लगाए गए दस ब्रांडेड पंखे**

इसके अलावा महुगाई कला स्थित पंचायत भवन के मीटिंग हॉल में 10 ब्रांडेड पंखे लगाए गए। यहां पिछले दिनों वज्रपात हो जाने की वजह से बिजली व्यवस्था चरमरा गई थी और सभी पंखे जल गए थे। इसकी जानकारी मिलने के बाद अदाणी फाउंडेशन की ओर से यहां सभी पंखे को लगाकर उन्हें चालू करवा दिया गया है। अब किसी भी बैठक के दौरान ग्रामीणों को गर्मी की समस्या नहीं करनी पड़ेगी। पिछले दिनों अदाणी फाउंडेशन ने अपने सामाजिक दायित्व के तहत विद्यार्थियों के बीच निशुल्क साइकिल का भी वितरण किया था।

---

## न्यूज फटाफट

### ज़िला अंतर्गत 50 टी बी चैम्पियंस सम्मानित किए गये



**हजारीबाग :** हजारीबाग सिविल सर्जन हजारीबाग डॉक्टर सरयू प्रसाद सिंह के द्वारा ३ दिनों का प्रशिक्षण ले चुके टी बी चैम्पियंस को प्रशस्ति पत्र एवं बैग देके सम्मानित किया। मौके पर सिविल सर्जन ने उपस्थित सभी टी बी चैम्पियंस का मनोबल बढ़ाते हुए उनसे आग्रह किया की उन्हें अब समाज में टी बी के राजदूत बन कर कार्य करना है। टी बी से जोड़ी सभी भ्रांति को दूर करना है, इसके साथ साथ सरकार द्वारा दी जा रही सभी स्वास्थ्य सिवाओं के बारे में भी लोगों को अवगत कराना है और अपने आस पास के मोहल्ले, गाँव एवं पंचायत में किसी को भी टी बी के लक्छन दिखे तो उनको जाँच के लिए प्रेरित करें। कार्यक्रम में ज़िला यक्ष्मा पदाधिकारी डॉक्टर राजकिशोर जयसवाल, डॉ0 कपिल मुनि प्रसाद, डॉक्टर शशी भूषण, ज़िला कार्यक्रम समन्वयक टीपू सुल्तान, राश रंजन एवं श्री विवेक कुमार उपस्थित रहे।

### बैठक कमेटी मजबूती पर विशेष चर्चा

**हजारीबाग :** हजारीबाग इंद्रलोक टॉवर में हजारीबाग मुखिया संघ की बैठक हुई। अध्यक्षता जिला अध्यक्ष रंजीत कुमार मेहता और संचालन सचिव महेश साव ने किया। बैठक में उपस्थित मुखिया ने पंचायत की समस्या को रखते हुए एकजुट होकर उनके समाधान की बात कही। संगठन का विस्तार एवम संगठन को शसक्त बनाने पर बल दिया गया।कई मुखिया ने संघ का हर माह बैठक करने का सुझाव दिया। डीएमएफटी मद और नल जल योजना के शिलापट्ट में स्थानीय मुखिया का भी नाम शामिल करने की मांग की गई। मुखियाओं ने सुझाव देते हुए कहा की जिला संघ को रजिस्टर्ड कराया जाय। साथ ही जिला में संघ का अपना एक कार्यालय हो। संघ के जिला अध्यक्ष रंजीत कुमार मेहता ने संबोधित करते हुए कहा की यह ऐतिहासिक दिन है की जिले के सभी मुखिया पूरे जोश खरोश के साथ एक साथ बैठे हैं। हम सबों को अपनी ताकत पहचान कर उसका इस्तेमाल करना है। एक साल बीतने के बाद भी मुखिया को जो शक्ति और अधिकार मिलनी चाहिए नही मिला है। अभी तक इस वित्तीय वर्ष में एक रुपया नही मिला है, कैसे विकास होगा। सभी एकजुट होकर इसके लिए आंदोलन करेंगे। सरकार हमलोग को जल्द पूर्ण अधिकार और फंड नहीं दिया तो आगामी विधानसभा और लोकसभा चुनाव का बहिष्कार करेंगे। साथ ही एक प्रतिनिधि मंडल मुख्यमंत्री से मिलेंगे। बैठक में उपाध्यक्ष उतम महतो, देवकी महतो, सचिव निजाम अंसारी, समेत कई मुखिया मौजद थे।

### शिखरजी स्वच्छता समिति ने वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन



**पीरटांड़ :** गुरुवार को श्री शिखरजी स्वछता समिति मधुबन एवं श्री सम्मेदाचल कमिटि के सहयोग से वन विभाग के पदाधिकरी के साथ मिलकर बीस तीर्थंकरों कि निर्वाण भूमि पारसनाथ पर्वत पर फलदार पेड़ का वृक्षारोपण किया गया। यह पर्यावरण का एक हिस्सा बना और लोगो को यह संदेश दिया कि जहाँ आप जंगल के पेड़ को काट रहे है वही हम पेड़ भी लगाएं। जिससे समाज मे जागरूकता आएगी। हमारा एक हि नारा ओर संदेश है ग्रीन शिखरजी क्लीन शिखरजी स्वच्छ भारत मिशन के एक कदम हमारा भी है शिखरजी के प्रति स्वच्छता की ओर। इस कार्यक्रम में मुख्य रुप से वन विभाग के अशोक मंडल, स्वच्छता समिति के कैलाश अग्रवाल, तेजनारायण महतो, विद्या भूषण मिश्र, विनोद राम, अभिषेक सहाय, दिलीप तुरी, झरी लाल महतो, रितेश मन्दिरवार, रंजीत सिंह, संतोष जैन सहित दर्जनों लोग शामिल थे।

### मुखिया संघ के जिला स्तरीय बैठक कमेटी मजबूती पर विशेष चर्चा

**हजारीबाग :** हजारीबाग इंद्रलोक टॉवर में हजारीबाग मुखिया संघ की बैठक हुई। अध्यक्षता जिला अध्यक्ष रंजीत कुमार मेहता और संचालन सचिव महेश साव ने किया। बैठक में उपस्थित मुखिया ने पंचायत की समस्या को रखते हुए एकजुट होकर उनके समाधान की बात कही। संगठन का विस्तार एवम संगठन को शसक्त बनाने पर बल दिया गया।कई मुखिया ने संघ का हर माह बैठक करने का सुझाव दिया। डीएमएफटी मद और नल जल योजना के शिलापट्ट में स्थानीय मुखिया का भी नाम शामिल करने की मांग की गई। मुखियाओं ने सुझाव देते हुए कहा की जिला संघ को रजिस्टर्ड कराया जाय। साथ ही जिला में संघ का अपना एक कार्यालय हो। संघ के जिला अध्यक्ष रंजीत कुमार मेहता ने संबोधित करते हुए कहा की यह ऐतिहासिक दिन है की जिले के सभी मुखिया पूरे जोश खरोश के साथ एक साथ बैठे हैं। हम सबों को अपनी ताकत पहचान कर उसका इस्तेमाल करना है। एक साल बीतने के बाद भी मुखिया को जो शक्ति और अधिकार मिलनी चाहिए नही मिला है।

### जय भोलेनाथ के नारों से गूंजा क्षेत्र



**हजारीबाग :** दारू सावन के पावन महीने में दारू क्षेत्र से रोजाना कावरियों की टोली बड़ी संख्या में बाबा भोलेनाथ को जल अर्पण करने के लिए निकल रही है।गुरुवार को दारू बक्शीडीह दारू खैरिका झुमरा सहित कई अन्य जगहों से भक्तो की टोली गाजे बाजे के साथ निकली बक्शीडीह के पुराना दुर्गा मंडप स दो गाडयों से भक्तों की टोली निकली जिन्हे बिदा करने बड़ी संख्या में लोग पहुंचे थे। सुल्तानगंज जाने वालों में भैया अखिलेश कुमार रौशन सिन्हा राजन सिन्हा भैया राहुल सिन्हा विकाश कश्यप भैया शिशिर कुमार आरती सिन्हा स्मिता सिन्हा,अभिषेक शर्मा मनोज कुमार आदि शामिल थे।

### इंदरा पंचायत भवन सभागार में मनाया गया रोजगार दिवस

**चरही :** चुरचू प्रखंड के इंदरा पंचायत भवन सभागार में गुरुवार को रोजगार दिवस मनाया गया जिसकी अध्यक्षता पंचायत की मुखिया राधिका देवी ने किया। पंचायत भवन में रोजगार दिवस पर आयोजित इस कार्यक्रम में मुखिया राधिका देवी ने कहा कि पंचायत के अंतर्गत जितने भी मनरेगा योजना के जो कार्य अधूरे हैं उसे जल्द पूरा करें साथ ही यह भी निर्णय लिया गया कि पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल हजारीबाग चुरचू पश्चिमी ग्रामीण जलापूर्ति योजना डीएमएफटी मत द्वारा जल नल योजना के तहत घरों में पानी की सुविधा पहुंचाया जाए एवं गुणवत्ता पूर्ण कार्य हो। मुखिया ने पंचायत में विकास कार्यों के लिए भी खासा जोर दिया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से इंदरा पंचायत के मुखिया राधिका देवी विनोद कुमार महतो उप मुखिया इंदरा पूर्व मुखिया दशरथ महतो जगरनाथ महतो रोजगार सदस्य जितेशवरी देवी सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## शहर >> अपडेट

### ढ़ोरी के जीएम को दी बधाई

बेरमोः सीसीएल ढ़ोरी क्षेत्र के जीएम एमके अग्रवाल एग्जीक्यूटिव एमबीए डिग्री प्राप्त करने पर कोलियरी मजदूर कांग्रेस (सीएमसी) के पदाधिकारियो ने जीएम कार्यालय मे बुके भेंटकर बधाई एवं शुभकामनाएं दिया। यूनियन के कार्यकारी अध्यक्ष अनिल सिंह, क्षेत्रीय सचिव प्रकाश कुमार और क्षेत्रीय अध्यक्ष चंदन तिवाथा आदि ने कहा कि जीएम मनोज कुमार अग्रवाल के पेसेन्स,बैलेंस व टैलेंट का स्वागत करते है ।जिन्होने बेरमो कोयलांचल मे अपने व्यवहार व कार्यक्षमता से एक अलग पहचान बनाई। उन्होंने हमेशा मजदूरों की समस्या को बढ़चढ़कर निवारण करते हैं।

## सिटी अपडेट्स >>

### सब्जी एवं फलों के साथ नित्य दैनिक जीवन में कर रहे है जहर का सेवन

पेटरवार : पेटरवार मायापुर पंचायत अंतर्गत ग्राम रोहर में दिन बृहस्पतिवार को लीड्स संस्था एवं एचडीएफसी बैंक लिमिटेड के संयुक्त तत्वाधान में चलाए जा रहे समग्र ग्राम विकास योजना के तहत किसान फील्ड पाठशाला में जैविक खेती के ऊपर मॉडल किसानों को प्रशिक्षण दिया गया। इस प्रशिक्षण में लीड्स संस्था के परियोजना प्रबंधक सोनिया मिंज ने क्षेत्र में चल रहे परियोजना के बारे में उपस्थित किसानों को बताया। उन्होंने कहा कि हम सब्जी एवं फलों के साथ-साथ जहर का सेवन नित्य दैनिक जीवन में हम कर रहे हैं। इससे न सिर्फ हमारा शरीर प्रभावित हो रहा है। बल्कि मिट्टी के साथ-साथ पर्यावरण भी दूषित हो रही है। आने वाले समय में हमें पूरी तरह से नयी तकनीक से जैविक खेती करने पर जोर देने की आवश्यकता है। प्रशिक्षण कार्यक्रम में उपस्थित लीड्स संस्था के कृषि विशेषज्ञ कृष्णा महतो ने जैविक खाद बनाने की विधि जैसे बीजामृत, जीवामृत, निमास्त्र इत्यादि बनाने का विधि विस्तार से बताया उन्होंने कहा की हम लोग गांव स्तर पर इन दवाओं का निर्माण न्यूनतम खर्च पर कर सकते हैं। जो हमारे पैदावार को बढ़ाने के साथ-साथ जमीन की उर्वरकता को भी बरकरार रखेग। उन्होंने बताया कि केंचुआ खाद के उत्पादन से किसान न सिर्फ खेतों का पैदावार बढ़ा सकता है। साथ ही वे अपने आय में भी बढ़ोतरी कर सकता है।

## संक्षिप्त >> अपडेट्स

### पेंशन और प्रमोशन रोस्टर फाइल में मिली घोर अनिमियतता : बृज

बेरमो : ऑल इंडिया एसटी/एससी ओबीसी एम्प्लॉयी कौंसिल के प्रदेश अध्यक्ष सह भारतीय मजदूर संघ झारखंड के महामंत्री बृजकिशोर पासवान ने बेरमो कोयलांचल में सीसीएल के ढोरी और बीएण्डके एरिया का किया दौरा। जिसपर संगठन के सदस्यों ने उनका करगली रेस्ट हाउस में जोरदार स्वागत किया। सीसीएल के ढोरी और बीएण्डके एरिया का दौरा कर विभिन्न समस्या को लेकर ढोरी और बीएण्डके महाप्रबंधक को अवगत कराया और स्टाफ ऑफिसर पर्सनल राजीव कुमार से भी बात की। उन्होंने कहा कि बीएण्डके और ढोरी एरिया मे प्रमोशन को लेकर रोस्टर का पालन नहीं किया जा रहा है। जिसका सीधा प्रभाव एस टी,एस सी और ओबीसी समाज पर हो रहा है। पूछताछ करने पर पता चला कि रोस्टर फाइल में काफी गड़बड़ी है। इसके पूर्व स्व० समुरा राम की पत्नी शांति देवी ने बृजकिशोर पासवान जी से मिलकर एक पत्र सौपा। जिसमें उन्होंने बताया कि उनके पति स्व० समुरा राम बोकारो कोलियरी में हेल्पेर में कार्यरत थे, जिनकी मृत्यु 2000 ई में हो गयी थी। जिसका ग्रैजुविटि का भुगतान और उनका पेंशन आज 23 वर्ष बीत जाने के बाद भी नहीं हो पाया है। जिसके आलोक में श्री पासवान ने सीसीएल सीएमडी और कोल इंडिया को पत्र लिखा था। जिसका जवाब नहीं मिलने पर उन्होंने आल इंडिया एसटी/एससी ओबीसी एम्प्लॉयी कौंसिल को पत्र लिखा है

---

**बैठक**

### आत्मा शासकीय निकाय की बैठक में बोले उपायुक्त

# किसानों को समय पर मिलेगा सब्जी बीज का किट

- अबु इमरान की अध्यक्षता में आत्मा शासकीय निकाय वर्ष 2023-24 की बैठक की गई
- आत्मा एटिक सेंटर में कृषक मित्रों का प्रशिक्षण सफलता पूर्वक किया गया




राष्ट्रीय खबर

**चतराः**समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में उपायुक्त अबु इमरान की अध्यक्षता में आत्मा (एग्रीकल्चरल टेक्नोलॉजी मैनेजमेंट एजेंसी) शासकीय निकाय वर्ष 2023-24 की बैठक की गई। बैठक में कृषि पदाधिकारी सह परियोजना निदेशक आत्मा चतरा, अशोक सम्राट द्वारा बताया गया कि वर्ष 2022-23 मे प्राप्त आवंटन के आलोक में लक्ष्य शत प्रतिशत उपलब्ध की गई। वर्ष 2022-23 का मदवार विवरण यथा प्रशिक्षण, प्रत्यक्षण, परिभ्रमण, कृषक अभिरुचि समूह गठन, कृषक गोष्ठी, कृषक पाठशाला के बारे मे विस्तार पूर्वक बताया गया । उन्होंने बताया गया कि किसानों के प्रशिक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत आत्मा एटिक सेंटर में कृषक मित्रों का प्रशिक्षण सफलता पूर्वक किया गया। प्रत्यक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत कुल 200 किसानों के बीच रब्बी मौसम में की जाने वाली सब्जी बीज किट उपलब्ध करा कर जिले के सभी प्रखण्डों में प्रत्यक्षण कार्य पूर्ण किया गया है। वर्ष 2023-24 में जिला कार्ययोजना पर पर चर्चा की गई।

इसमें परियोजना निदेशक आत्मा चतरा द्वारा विस्तार पूर्वक वर्ष 2023-24 में संचालित आत्मा क्रिया विधियों को प्राप्त लक्ष्य के अनुसार शत प्रतिशत राशि को खर्च करने का निर्देश उपायुक्त चतरा के द्वारा दिया गया। उक्त बैठक में बैठक में जिला परिषद अध्यक्ष ममता कुमारी, जिला अग्रणी प्रबंधक देवव्रत शर्मा समेत अन्य सभी संबंधित उपस्थित थे।

## जनसेवकों के आंदोलन को मिला समर्थन

राष्ट्रीय खबर

**चतराः**जिले के जनसेवक दो माह से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर हैं. समाहरणालय के समक्ष धरना दे रहे हैं।

जनसेवकों के आंदोलन का समर्थन राज्य के सरकारी सेवकों ने किया है अराजपत्रित कर्मचारी महासंघ, झारखंड राज्य अवर वन सेवा संघ, शिक्षक संघ एवं अन्य कर्मचारी संगठनों के कर्मियों ने काला बिल्ला लगा कर कार्य किया।

झारोटेफ के जिला संयोजक सुनील कुमार व जनसेवक संघ के जिलाध्यक्ष नवीन तिर्की के संयुक्त नेतृत्व में सभी कार्यालय में काला बिल्ला लगा कर प्रदर्शन किया. कार्यक्रम को सफल बनाने में रोहित कुमार, नवल किशोर, अभिजीत घोष, झारखंड राज्य अवर वन सेवा संघ के कार्यकारी अध्यक्ष रवि शंकर कुमार ने अहम भूमिका निभायी।




## खनन टास्क फोर्स ने की छापेमारी

राष्ट्रीय खबर



**झुमरीतिलैयाः** जिला खनन टास्क फोर्स ने माइका के अवैध भंडारण एवं व्यापार को लेकर बुधवार को जयनगर थाना क्षेत्र के लाराबाद में दो माइका गोदाम में छापेमारी किया। मौके पर जिला खनन पदाधिकारी दरोगा राय, अंचल अधिकारी कोडरमा अनिल कुमार के नेतृत्व में टीम ने प्रकाश मोदी और अरविंद मोदी दोनों के पिता स्वर्गीय बाबूलाल मोदी इंदरवा बस्ती निवासी के गोदाम से भारी मात्रा में माइका डस्ट, माइका फ्लेक्स एवं ढिबरा को जब्त किया है। खनन पदाधिकारी ने बताया कि छापेमारी के दौरान प्रकाश मोदी के गोदाम से माईका 60 टन, माइका फ्लेक्स 833 बोरा 41.65 टन, माईका डस्ट 429 बोरा 12.87 टन एवं अरविंद मोदी के गोदाम से 123 टन माईका, 1170 बोरा 35.10 टन माइका डस्ट, माइका फ्लेक्स 248 बोरा 12.40 टन बरामद करते हुए जप्त किया गया। साथ ही गोदाम को सील कर दिया गया। जिला खनन पदाधिकारी ने बताया कि जब टास्क फोर्स की टीम गोदाम पहुंची तो गोदाम में कार्यरत मजदूर पीछे के दरवाजे से फरार हो गए। खनन कार्यालय के द्वारा दोनों में से किसी व्यक्ति को खनिज भंडारण अनुज्ञप्ति निर्गत नहीं किया गया है। उन्होंने बताया कि दोनों गोदाम संचालक के द्वारा झारखंड खनिज अवैध माइनिंग ट्रांसपोर्टेशन और भंडारण के नियमों का उल्लंघन करते हुए सरकारी राजस्व की चोरी किया जा रहा था।

## झामुमो की पंचायत कमिटी का गठन

राष्ट्रीय खबर



**जयनगरः** प्रखंड के डंडाडीह पंचायत भवन में झारखंड मुक्ति मोर्चा पंचायत कमिटी की बैठक हुई। अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष अशोक सिंह एवं संचालन प्रखंड सचिव विनय राणा ने किया। बैठक में राजेंद्र यादव को पंचायत अध्यक्ष तथा सचिव बसंत पासवान तथा कोषाध्यक्ष रामचंद्र चौधरी को बनाया गया। तथा महिला मोर्चा का पंचायत अध्यक्ष मोहनी देवी, सचिव खुशबू देवी, कोषाध्यक्ष रेनू देवी को बनाया। झारखंड मुक्ति मोर्चा का प्रखंड उपाध्यक्ष अनिल राय को बनाया गया। वहीं 20 सूत्री अध्यक्ष इस्लाम अंसारी ने कहा कि सरकार की योजना को धरातल पर उतारने में कटिबद्ध रहेंगे। प्रखंड अध्यक्ष अशोक सिंह ने कहा हेमंत सरकार जमीन से जुड़कर काम कर रही है। और भाजपा केवल अपना झूठा प्रचार में लगी है। आने वाले दिनों में पुनः हेमंत सोरेन की सरकार झारखंड में बनेगी। मौके पर रामेश्वर प्रसाद यादव, अनिल राय, तेजो राणा, परमेश्वर यादव, चंदन साव, लखन राणा, बैजन्ती देवी, किरण देवी, सरस्वती देवी, गिरजा देवी, सविता देवी, आरती देवी, विदेशी दास, जितेंद्र पासवान, धर्मेंद्र पासवान सहित कई लोग मौजूद थे।

## कांवरियां का जत्था बाबा धाम रवाना

राष्ट्रीय खबर



**कोडरमाः** सावन में वैसे तो देवघर, बाबाधाम जाने वाले लोग तरह-तरह के साधनों से वहा पहुंच रहे हैं। सुल्तानगंज से शिव भक्त कावर बम, डाक बम, दण्डवत बम के रूप में तो देवघर जाते ही हैं। वहीं कोडरमा से बुधवार को बजरंग दल के सदस्यों का बाइक बमों का एक जत्था मोटरसाइकिल से ही देवघर के लिए रवाना हुआ। इनको रवाना करने के लिए लोगों ने कोडरमा जलवाबाद में विशेष आयोजन किया गया था। इसमें अनिल राम, धीरज राम, भोला कुमार, मनीष साव, संजय साव दीपक सहानी, लखन साव, सोहन मलाकार सहित दर्जनों बम शामिल हैं। सभी कांवरियों लोग ध्वजाधारी धाम मे पूजा करके सुल्तानगंज के लिए रवाना होंगे। सभी बम सुल्तानगंज से जल भरकर पैदल देवघर तक की यात्रा तय करेंगे।

## बारिश नहीं होने से सुख रहे धान के बिचड़े

राष्ट्रीय खबर



**कुडूः** बारिश नही होने के कारण कुडू प्रखंड में किसानों के धान के बिचड़े सूखने की कगार पर हैं। इसको लेकर किसान काफी चिंतित हैं। ज्ञात हो कि देर सवेर ही सही मानसून की दस्तक के बाद किसानों को चेहरे खिल उठे थे। लेकिन जैसे जैसे वक़्त बीतता गया निराशा बढ़ती गयी और फसल के साथ इनके चेहरे भी मुरझा गए। लंबे इंतजार के बाद भी इनके खेतों में तो नही परंतु इनके अरमानों पर पानी फिरता जरूर नजर आरहा है। कुल मिलाकर इस वर्ष भी मानसून ने दगा दे दिया। किसानों को इस बात की चिंता सता रही है कि वे अब क्या करेंगे। प्रखंड के पंडरा पंचायत अंतर्गत माराडीह गांव के किसान राजेश भारती, प्रकाश भारती, मकुर पवरिया, विनय भारती के बिचड़े आधे से अधिक पीले होकर सूख रहे हैं। जानकारों की माने तो आगे भी अच्छी बारिश के आसार नजर नही आरहे हैं। वहीं प्रखंड के कुछ इलाकों के किसान मोटर से पानी पटाकर एवं अन्य संसाधनों के सहारे अपने बिचडों को बचाने की जद्दोजहद में जुटे हैं।

## डीवीसी को एक पखवाड़े का अल्टीमेटम

राष्ट्रीय खबर



**कोडरमाः** चंदवारा प्रखंड अंतर्गत कांटी डैम पावर हाउस के बगल में विस्थापितों की एक बैठक पूर्व मुखिया रमेश प्रसाद के अध्यक्षता में हुई। उन्होंने कहा कि विस्थापितों द्वारा दुकान लगाकर जीवकोपार्जन कर रहे थे। डीवीसी के अधिकारियों ने अतिक्रमण का बहाना बनाकर सारे दुकान को ध्वस्त कर दिया तथा दुकान में रखे सामानों को तहस नहस कर दिया। वहीं पूर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव ने डीवीसी के अधिकारियों से बात की और चेतावनी दी कि जिन विस्थापितों का दुकान नष्ट किए हो उन विस्थापितों को पंद्रह दिनों के अंदर जीवकोपार्जन हेतु जगह नहीं दिया गया तो जनता के सहयोग डीवीसी के खिलाफ भयंकर जन आंदोलन किया जाएगा। डीवीसी का एक बूंद पानी कहीं बाहर जाने नहीं देंगे। मौके पर कुशोर यादव, मृत्युंजय कुमार पांडेय, लोकेश पांडेय, नारायण प्रसाद, उमेश कुमार वर्णवाल, विनोद मोदी, उमेश यादव, अनिल प्रसाद, लखन प्रसाद, मुकेश यादव, प्रकाश पंडित, सुरेन्द्र पंडित, पंकज राम, लक्ष्मण गोप, रामचंद्र यादव, रोहित कुमार रोहित यादव, मुन्ना मोदी, राजेश मोदी, काली ठाकुर, मुरली प्रसाद, तपेश्वर चंद्रवंसी, महाबली प्रसाद, जितेंद्र प्रसाद, केसो प्रसाद, श्याम महतो, लालू प्रसाद वर्मा, मीणा देवी, आशा देवी, संगीता कुमारी, आशीष शर्मा आदि सैकडों की संख्या में विस्थापित लोग मौजूद थे।

**बैठक**

### समस्याओं के समाधान के लिए मंत्री अन्नपूर्णा ने की बैठक

# प्रशासनिक अधिकारियों की जिम्मेवारी बढ़ी

राष्ट्रीय खबर



**कोडरमाः** केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री एवं कोडरमा की सांसद अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि जिला प्रशासन, जन प्रतिनिधियों एवं आम जनों के समन्वय से ही झुमरीतिलैया शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाया जा सकता है। फिलहाल नगर निकाय में निर्वाचित जन प्रतिनिधि नहीं हैं, इसलिए प्रशासनिक अधिकारियों की जिम्मेवारी और भी बढ़ जाती है। कोडरमा परिसदन में झुमरीतिलैया नगर पर्षद क्षेत्र की मूलभूत समस्याओं का समाधान तलाशने के लिए पहली बार आयोजित इस बैठक को संबोधित करते हुए अन्नपूर्णा देवी ने ये बातें कहीं। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि विगत कई दिनों से शहर के भ्रमण के क्रम में पेयजल, सफाई, ट्रैफिक, बिजली, जलजमाव आदि समस्याओं से अवगत हुई हूं। आम जनता, नागरिक संगठनों, सामाजिक कार्यकताओं एवं जन प्रतिनिधियों ने भी कई समस्याएं रखीं हैं। सभी समस्याओं पर समेकित रूप से चर्चा हो सके और इन समस्याओं के समाधान के लिए उत्तरदायी अधिकारियों के साथ बैठकर हल निकाला जा सके, इसी उद्देश्य से ये बैठक बुलाई गई है। बैठक में उपस्थित गणमान्य नागरिकों और सामाजिक कार्यकताओं ने मुख्यतः सड़कों और नालियों की सफाई में कोताही, पेयजल की घोर किल्लत और अनियमित आपूर्ति, बिजली आपूर्ति में कटौती और समय पर ट्रांसफार्मर का न मिल पाना, अस्त-व्यस्त ट्रैफिक व्यवस्था आदि समस्याएं रखीं। नगर प्रशासक विनीत कुमार ने भरोसा दिया कि एक सप्ताह के भीतर इनमें से कई समस्याओं के समाधान का प्रयास किया जाएगा। उन्होंने कहा कि पुलिस प्रशासन के साथ समन्वय बनाकर शहर की ट्रैफिक व्यवस्था को दुरुस्त करने का प्रयास भी होगा। उन्होंने आम जनता से सहयोग की अपील की।

---

## न्यूज फटाफट

### कुडू में पंचायत समिति की बैठक सम्पन्न



कुडू :प्रखंड मुख्यालय कुडू के सभागार में 12 जुलाई बुधवार को पंचायत समिति की समीक्षात्मक बैठक प्रखंड प्रमुख मुनी देवी की अध्यक्षता में किया गया। जिसमे चिकित्सा विभाग , कल्याण विभाग , कृषि विभाग , बैकिंग, मनरेगा , 15 वे वित्त आयोग , प्रधान मंत्री आवास योजना ग्रामीण ,पेयजल व स्वच्छता , बाल विकास परियोजना , जेएसएलपीएस से चल रहे योजनाओं की समीक्षा की गई। साथ ही पूर्व की बैठक में लाये गए प्रस्ताव पर अमल की समीक्षा के साथ नया दिश निर्देश दिए गए । बैठक में में मुख्य रूप से बीडीओ मनोरंजन कुमार, उपप्रमुख एनुल अंसारी, सुनील कुंवर, अवध किशोर सहित सभी विभाग के अधिकारी व पंचायत समिति सदस्य शामिल थे।

### विद्यालय के प्राचार्य ध्रुव देव झा को विदाई दी



**झुमरीतिलैया :** श्री दिगंबर जैन विद्यालय में प्राचार्य ध्रुव देव झा को विदाई दी गई। विदाई समारोह में विद्यालय के शिक्षकों एवं जैन समाज के सभी पदाधिकारियों और विद्यालय कमेटी ने उनका आभार व्यक्त किया। श्री झा ने श्री दिगंबर जैन विद्यालय में 35 वर्षो का योगदान दिया। विद्यालय के संयोजक सुनील छाबड़ा ने उनके योगदान के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित की। साथ ही विद्यालय के प्राचार्य मनोज कुमार सिंह एवं विद्यालय इंचार्ज पं. अभिषेक जैन, सुपर वाइजर मुराई , वसंत, शुभम आदि शिक्षको ने भी उनके प्रति आभार जताया। मौके पर समाज के उपमंत्री नरेन्द्र झाझरी, राज छाबड़ा, विद्यालय अध्यक्ष किशोर पांडया, सुशील छाबड़ा, सुनील छाबडा, मनीष सेठी, संदीप सेठी, नवीन सेठी, रीता सेठी आदि कमेटी के सदस्य गण उपस्थित रहे।

### सड़क दुर्घटना में बाइक सवार युवक की मौत

कोडरमा : तिलैया थाना क्षेत्र के आश्रम रोड में बुधवार की शाम एक सड़क दुर्घटना में एक युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान थाना क्षेत्र के नवादा बस्ती निवासी गुलशन कुमार (उम्र 24 वर्ष, पिता मनोज वर्मा) के रूप में हुई है। मृतक के परिजनों ने बताया कि उन्हें राहगीरों के द्वारा सूचना दिया गया कि उनका बेटा आश्रम रोड में सड़क के किनारे गड्ढे में गिरा हुआ है। जिसके बाद परिजनों के द्वारा उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल कोडरमा लाया गया। जहां डॉक्टरों द्वारा उसे मृत घोषित कर दिया गया। इसकी सूचना कोडरमा पुलिस को मिलने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। घटना के बाद परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है।

### ढिबरा गोदाम पर कार्रवाई का विरोध

कोडरमा : ढिबरा गोदाम में लगातार हो रही कार्रवाई का ढिबरा स्क्रैप मजदूर संघ ने विरोध जताया है। संघ अध्यक्ष कृष्णा सिंह घटवार ने कहा कि एक तरफ ढिबरा चुनने और ट्रांसपोटिंग पर रोक लगी है। दूसरी तरफ प्रशासन ढिबरा गोदामों पर छापेमारी कर रही है। ढिबरा गोदाम से हजारो मजदूर जुड़े है। गोदाम सील होने से मजदूरों के सामने भुखमरी की नौबत आ जाती है। लेकिन प्रशासन मानवीय आधार पर कोई संवेदना नही रखती। ढिबरा लाइफलाइन है, ढिबरा कारोबार बढ़ेगा तो, कोडरमा खुशहाल होगा। वैध-अवैध के चक्कर मे मजदूरों का नुकसान हो रहा है।

### सरस्वती शिशु विद्या मंदिर ने मनाया वार्षिकोत्सव



कुडू :सरस्वती शिशु विद्या मंदिर बड़की चांपी का 28वां वार्षिकोत्सव एवं दसवीं बोर्ड में 80 फीसदी से 92फीसदी तक अंक प्राप्त करने वाले भैया बहनों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया, जिसमें विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष यदुनंदन , कोषाध्यक्ष अनूप देव पौराणिक ,उपाध्यक्ष धनंजय प्रसाद , संरक्षक रामकुमार तिवारी,अभिभावक अलख निरंजन तिवारी,अमोद पाठक,भूपाल पाठक की गरिमामय उपस्थिति रही। इस वार्षिकोत्सव में आठवीं और नौवीं बोर्ड में अच्छे अंक प्राप्त करने वाले भैया बहनों को भी पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। 12 जुलाई 1995 को विद्यालय की स्थापना की गई थी, जिसमें 7 भैया-बहनों को लेकर विद्यालय की शुरूआत की गई, आज यह विद्यालय वटवृक्ष की तरह फैलता जा रहा है। विद्यालय के अध्यक्ष यदुनंदन तिवारी ने कहा कि विद्यालय की परीक्षा फल के साथ-साथ अनुशासन पर विशेष ध्यान दें, इन दोनों पक्षों को ठीक करने की पूर्ण जिम्मेवारी प्रधानाचार्य मनोहर मोदी की है। उन्होंने अनुशासन के साथ-साथ शैक्षणिक गतिविधि निरंतर चलते रहे इसका ध्यान प्रधानाचार्य और सभी आचार्य - आचार्या को रखने की बात कही। भैया-बहन , जिला और राज्य स्तर पर विद्यालय का नाम रोशन करें ऐसी व्यवस्था स्थापित करने का सुझाव दिए। 12 जुलाई 2023 को विद्यालय 28 वर्ष की अवस्था में आ गया है, विद्यालय और बेहतर कर सके इसके लिए विद्यालय के सभी आचार्य संकल्प लें। प्रधानाचार्य मनोहर मोदी ने विद्यालय विकास और विस्तार तथा परीक्षा फल और समिति का योगदान का उल्लेख करते हुए कहा की विद्या भारती की रूपरेखा और विद्यालय के पदाधिकारियों के मार्गदर्शन से विद्या भारती विद्यालय सरस्वती शिशु विद्या मंदिर बड़की चाँपी का क्षेत्र में एक अलग पहचान होगा। भैया-बहनों के द्वारा अतिथि के स्वागत में स्वागत गीत सह संगीत के साथ-साथ मनमोहक नृत्य प्रस्तुत कर कार्यक्रम को सफलतापूर्वक संचालित किया गया। अंत में वंदे मातरम के साथ कार्यक्रम की समाप्ति की गई ।इस मौके पर कई लोग उपस्थित थे।

### वारंटी गिरफ्तार, भेजा गया जेल

कुडू : थाना क्षेत्र में एस ड्राइव के तहत की गई छापेमारी में थाना क्षेत्र के अलग-अलग जगहों से पुलिस ने चार वारंटीयों को गिरफ्तार किया है। थाना प्रभारी विश्वजित कुमार सिंह ने बताया कि गिरफ्तार वारंटियों में थाना क्षेत्र के मकान्दू गांव निवासी हजरत अंसारी पिता अल्दुआ उर्फ बैधा अंसारी, मजुआ खान उर्फ मुजाम्मिल खान पिता जाजुल खान, सहाबुल खान पिता अफजल खान और पंडरा गांव निवासी बालक पवरिया पिता करामत पवरिया शामिल हैं। सभी कुडू थाना कांड संख्या 134/22 धारा 379 भादवी परिवर्तित धारा 411,34 भादवी के अप्राथमिक अभियुक्त थे।

## न्यूज फटाफट

### पंजाब फ्रंटियर ने जीती बीएसएफ की 46वीं इंटर फ्रंटियर हॉकी प्रतियोगिता



**जालंधर :** सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ), पंजाब फ्रंटियर ने 46वीं बीएसएफ इंटर फ्रंटियर हॉकी प्रतियोगिता –2023 जीत ली है। मुख्यालय बीएसएफ पंजाब फ्रंटियर जालंधर में 10 से 13 जुलाई तक आयोजित इस प्रतियोगिता में सीमा सुरक्षा बल के 11 फ्रंटियर्स की टीमों ने भाग लिया था। प्रतियोगिता गुरुवार को पंजाब फ्रंटियर के विजेता, जम्मू फ्रंटियर के उपविजेता और साउथ बंगाल फ्रंटियर के तीसरे स्थान हासिल करने के साथ संपन्न हुई। प्रतियोगिता का समापन समारोह गुरुवार को हॉकी टर्फ ग्राउंड, अश्विनी स्टेडियम, बीएसएफ कैंपस, जालंधर में आयोजित किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में श्री पी वी राम शास्त्री, आईपीएस, एसडीजी बीएसएफ (पश्चिमी कमान) और सम्मानित अतिथि श्री आज़ाद सिंह मलिक आईजी बीएसएफ, एसटीसी खड़कां, श्री अतुल फुल्ज़ेले, आईपीएस, आईजी बीएसएफ, पंजाब फ्रंटियर और अंतरराष्ट्रीय ख्याति के अन्य खिलाड़ी और वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थित थे। मुख्य अतिथि ने पंजाब फ्रंटियर टीम को विजेता ट्रॉफी, जम्मू फ्रंटियर टीम को उपविजेता ट्रॉफी प्रदान की और सच्ची खेल भावना के साथ प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए सभी टीमों की सराहना की। महानिरीक्षक, बीएसएफ पंजाब फ्रंटियर ने शीर्ष तीन टीमों के टीम सदस्यों को पदक और 'सर्टिफिकेट ऑफ मेरिट' वितरित किए। मुख्य अतिथि ने विजेता टीम को बधाई दी और टूर्नामेंट के सुचारू संचालन के लिए आयोजकों के ठोस प्रयासों की सराहना की।

### कवरप्पा के कहर से हिला पश्चिम, रोमांच बरकरार

**बेंगलुरू :** विदवथ कवरप्पा (44 रन पर चार विकेट) की घातक गेंदबाजी की बदौलत दक्षिण क्षेत्र ने दलीप ट्राफी फाइनल के दूसरे दिन बुधवार को पश्चिम क्षेत्र की पहली पारी में सात विकेट महज 129 रन पर चटका कर मैच में जबरदस्त वापसी की। दक्षिण क्षेत्र की पहली पारी को 213 रन पर समेटने के बाद पश्चिम क्षेत्र एक समय दो विकेट पर 97 रन जोड़ कर अच्छी शुरूआत कर चुका था मगर कवरप्पा ने चेतेश्वर पुजारा (नौ), सूर्यकुमार यादव (8), हर्विक देसाई (28) और सरफराज खान को शून्य पर चलता कर मैच का पासा पलट दिया। कवरप्पा की गेंदबाजी के कहर से पश्चिम का मध्यक्रम चरमरा गया। पारी के 31वें ओवर में कवरप्पा का पहला शिकार देसाई बने जो विकेट के पीछे लपके गये। अभी पश्चिम इस दंश से उबरा भी नहीं था कि अगले ही ओवर में क्रीज पर चट्टान की तरह जमे पृथ्वी शॉ विजय कुमार व्यस्क का शिकार बन गये। शॉ ने 101 गेंद खेल कर पारी में नौ चौके जड़े। शॉ और देसाई का विकेट उखड़ते ही दक्षिण का आक्रमण और धारदार हो गया। व्यस्क ने दो विकेट चटकाये जबकि कप्तान प्रियांक पंचाल (11) का विकेट वासुकी कौशिक के खाते में गया। इससे पहले दक्षिण क्षेत्र ने अपनी पहली पारी में कल के स्कोर सात विकेट पर 182 रन से आगे खेलना शुरू किया और बिना क्षति के 72वें ओवर में 200 रन का आंकड़ा पार कर लिया। विजय कुमार व्यस्क (13) के तौर पर दक्षिण ने आज सुबह पहला विकेट खोया जिसके बाद कवरप्पा (8) ने कुछ देर वंशिगटन सुंदर (22) नाबाद के साथ संघर्ष किया मगर उनके आउट होते ही दक्षिण की पहली पारी 213 रन पर सिमट गयी। शम्स मुलानी ने सबसे ज्यादा तीन विकेट चटकाये जबकि अरज़ान नागवासवल्ला, चिंतन गाजा, धर्मेन्द्रसिंह जडेजा ने दो दो विकेट अपनी झोली में डाले।

**उपलब्धि** भारत -वेस्टइंडिज : इस मामले में रोहित शर्मा ने केन विलियमसन को छोड़ा पीछे

# टॉप पर बरकरार हैं किंग कोहली

▶▶ पहले दिन पांच विकेट लेकर कैरेबियाई टीम को चौंका दिया था

**एजेंसियां**

**नई दिल्ली:** डोमिनिका में वेस्टइंडीज के खिलाफ पहले टेस्ट में एक महीने के ब्रेक के बाद टीम इंडिया 12 जुलाई (बुधवार) को मैदान पर उतरी। ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन टीम के लिए स्टार थे। उन्होंने पहले दिन पांच विकेट लेकर कैरेबियाई टीम को चौंका दिया था। उनकी बेहतरीन गेंदबाजी की बदौलत वेस्टइंडीज की पहली पारी महज 150 रन पर सिमट गई। जवाब में, भारत के सलामी बल्लेबाज रोहित शर्मा और यशस्वी जयसवाल ने पहले दिन के अंत तक नाबाद 80 रन जोड़े।



रोहित शर्मा 30 रन बनाकर नाबाद हैं जबकि जयसवाल 40 रन बनाकर नाबाद हैं, भारत पहली पारी में केवल 70 रन से पीछे है।

### रोहित ने विलियमसन को पीछे छोड़ा

रोहित को एक बड़ी पारी की जरूरत है और यह उनके लिए तीन अंकों के आंकड़े तक पहुंचने का शानदार मौका है। इस बीच, रोहित शर्मा ने अपने नाबाद 30 रनों के साथ अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में सर्वाधिक रनों के मामले में आईसीसी नंबर 1 टेस्ट बल्लेबाज केन विलियमसन को पीछे छोड़ दिया। पारी शुरू करने से पहले वह विलियमसन से 27 रन पीछे थे और अब उनके नाम पर 17145 रन हैं जबकि न्यूजीलैंड के कप्तान ने अब तक अपने अंतरराष्ट्रीय करियर में 17142 रन बनाए हैं। इसके अलावा सक्रिय खिलाड़ियों में रोहित शर्मा अब अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में सबसे ज्यादा रन बनाने के मामले में पांचवें स्थान पर हैं।

### विराट कोहली टॉप पर

इस मामले में विराट कोहली 25385 रनों के साथ टॉप पर हैं जबकि जो रूट 18000 से ज्यादा रनों के साथ तीसरे स्थान पर हैं। क्रिस गेल ने काफी समय से अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट नहीं खेला है लेकिन उन्होंने संन्यास की घोषणा भी नहीं की है। इसलिए उन्हें इस सूची में एक सक्रिय खिलाड़ी माना जाता है और उनके नाम 19593 अंतर्राष्ट्रीय रन के साथ दूसरे स्थान पर हैं। ऑस्ट्रेलिया के सलामी बल्लेबाज डेविड वार्नर ने अपने करियर में अब तक सभी प्रारूपों को मिलाकर 17267 रन बनाए हैं और चौथे स्थान पर कब्जा कर लिया है। विलियमसन को पछाड़कर रोहित शर्मा पांचवें स्थान पर हैं और अगर वॉर्नर को 19 जुलाई से मैनचेस्टर में शुरू होने वाले चौथे एशेज टेस्ट में ऑस्ट्रेलिया की प्लेइंग इलेवन से बाहर कर दिया जाता है तो वह इस मामले में वॉर्नर से भी आगे निकल सकते हैं।

# अश्विन, जडेजा की फिरकी में फंसी इंडीज 150 पर ढेर, भारत 80/0

**एजेंसियां**

**डोमिनिका:** पदार्पण टेस्ट में एलिक अथानजे (47) की उपयोगी पारी के बावजूद रविचंद्रन अश्विन और रवींद्र जड़ेजा की फिरकी में फंसी वेस्टइंडीज की टीम भारत के खिलाफ पहले टेस्ट मैच के पहले दिन बुधवार को पहली पारी में 150 रन ही जुटा सकी। विंडसर पार्क में अश्विन ने पांच और जडेजा ने तीन विकेट अपने नाम किए। भारत के लिए पहला टेस्ट खेलने उतरे यशस्वी जयसवाल (40) ने कप्तान रोहित शर्मा (30) के साथ पहले विकेट के लिए 80 रन की अविजित साझेदारी की। भारतीय टीम को वेस्ट इंडीज के 150 रन के लक्ष्य को पार करने के लिए 70 रन की और जरुरत है। रोहित का भाग्य ने उस समय साथ दिया जब भारत की पारी के दूसरे ओवर में जोरदार अपील के बाद अंपायर कॉल ने उन्हें आउट नहीं दिया। अंपायर कॉल पर इंडीज के खिलाड़ियों की अपील का कोई असर नहीं पड़ा जिसके बाद रोहित ने केमर रोच



की गेंद पर एक हाथ से कवर ड्राइव लगाते हुए गेद को बाउंड्री के पार पहुंचाया। कई मौकों पर कॉर्नवाल के सामने जयसवाल टाइमिंग नहीं कर पा रहे थे, लेकिन रोहित ने जोसेफ की गेंद पर एक शानदार स्ट्रेट ड्राइव लगाकर अपने हाथ खोले और फिर स्पिनर जोमेल वारिकन को उनके पहले ही ओवर में छक्का लगाकर 50 रन की साझेदारी पूरी की। रोहित के शॉट को देखते हुए जयसवाल का भी हौसला बढ़ा। जयसवाल ने कॉर्नवाल और वारिकन की लेंथ को जल्दी स भांप लिया और कुछ गेंद को कट के जरिये बॉउंड्री के पार पहुंचाने में सफल रहे। उन्होंने जेसन होल्डर की गेंद को भी कवर के क्षेत्र से सीमा पर कर अपनी पांचवी बाउंड्री लगायी और फिर दिन के आखिरी ओवर में वॉरिकन की गेंद पर रिवर्स-स्विप लगाकर चौका बटोरा। तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज और जयदेव उनादकट वेस्ट इंडीज के बल्लेबाजों पर कोई ज्यादा दबाब नहीं बना पाए जबकि अश्विन ने वेस्टइंडीज के सलामी बल्लेबाज क्रैग ब्रैथवेट और टेगेनारिन चंद्रपॉल को वापस पवेलियन भेजा। चंद्रपॉल एक ड्रिफ्टर का बचाव करने की कोशिश में क्लीन बोल्ड हो गए और ब्रैथवेट स्लॉग करने की कोशिश में लपके गए।

### इंडियन ऑयल टीटीः बेंगलुरु स्मैशर्स भिड़ंगी यू मुंबा से

**पुणे :** इंडियन ऑयल अल्टीमेट टेबल टेनिस (यूटीटी) सीजन 4 के दूसरे मैच में शुक्रवार को यहां शिव छत्रपति स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में बेंगलुरू स्मैशर्स का मुकाबला यू मुंबा टीटी से होगा। टेबल टेनिस फेडरेशन ऑफ इंडिया (टीटीएफआई) के तत्वावधान में नीरज बजाज और वीटा दानी द्वारा फ्रेंचाइजी-आधारित लीग 2017 में इसकी शुरुआत के बाद से भारतीय टेबल टेनिस के लिए गेम-चेंजर रही है। स्टार भारतीय पैडलर मनिका बत्रा के नेतृत्व वाली बेंगलुरू स्मैशर्स ने इंडियाऑयल अल्टीमेट टेबल टेनिस सीजन 4 में प्रवेश किया है। दुनिया की 35वें नंबर की खिलाड़ी का मानना है कि उनकी फ्रेंचाइजी के पास खिलाड़ियों का शानदार संयोजन है और वे अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करेंगे। मनिका ने कहा, ''मैं इस सीजन में यूटीटी में खेलने के लिए उत्साहित हूं। सीजन 4 में कई नए चेहरे हैं और उनके साथ खेलना एक रोमांचक अनुभव होगा। बेंगलुरु स्मैशर्स हर मुकाबले में अपना सर्वश्रेष्ठ देगा।''

# बांग्लादेश ने जीता मैच, भारत के कब्जे में सीरीज



**एजेंसियां**

**मीरपुर :** कप्तान हरमनप्रीत कौर (40) और जेमिमा रोड्रिग्स (28) की शानदार पारियों के बावजूद निचले क्रम के बल्लेबाजों के लचर प्रदर्शन के चलते भारत तीन मैचों की टी-20 सीरीज में बांग्लादेश का क्लीन स्वीप करने के मौके से चूक गया। शेरे बांग्ला नेशनल स्टेडियम पर श्रृखंला के तीसरे और अंतिम टी-20 मुकाबले में बांग्लादेश ने दस गेंद शेष रहते छह विकेट खोकर भारत द्वारा दिये गये विजयी लक्ष्य को पाकर शानदार जीत हासिल की। भारत ने पहले खेलते हुये नौ विकेट पर 102 रन बनाये थे जिसके जवाब में बांग्लादेश ने 18.2 ओवर के खेल में छह विकेट के नुकसान पर 103 रन बनाये। भारत इससे पहले खेले गये दो टी-20 मुकाबलों में मेजबान टीम को धो चुका है। बांग्लादेश की जीत में 35 वर्षीय शमीमा सुल्ताना की भूमिका अहम रही जिन्होने सलामी बल्लेबाज के तौर पर 68 मिनट क्रीज पर बिताये और 46 गेंदो पर तीन चौको की मदद से 42 रन की उपयोगी पारी खेली जो भारत के खिलाफ जीत में महत्वपूर्ण कारक साबित हुयी। वह दुर्भाग्यपूर्ण तरीके से रन आउट हुयी। इनके अलावा कप्तान निगार सुल्ताना (14) और सुलताना खातून (12) की भूमिका भी उल्लेखनीय रही। भारत की ओर से मिन्नू मणि और देविका वैद्य ने दो दो विकेट चटकाये जबकि रोड्रिग्स को एक विकेट मिला वहीं बांग्लादेश की गेंदबाज भारत के मुकाबले 20 साबित हुयी।

# बवाल के सेट पर जान्हवी कपूर से बात नहीं करते थे वरूण धवन



**एजेंसियां**

**मुंबई:** बॉलीवुड अभिनेता वरूण धवन का कहना है कि वह फिल्म बवाल के सेट पर जान्हवी कपूर से बात नहीं करते थे। नितेश तिवारी निर्देशित फिल्म ह्यबवालह्व में वरुण धवन और जान्हवी कपूर की मुख्य भूमिका है। वरूण धवन ने बताया है कि वह फिल्म बवाल के सेट पर जान्हवी से जानबूझकर बात नहीं कर रहे थे। वरुण ने बताया कि उन्होंने बवाल की शूटिंग के पहले 20 दिन जान्हवी कपूर से जरा भी बात नहीं की। वरुण धवन ने बताया कि उन्होंने फिल्म बवाल के सीन्स को रियल दिखाने के ऐसा कदम उठाया था। वरूण ने कहा, मैंने यह कोशिश की थी कि मैं जान्हवी से जरा सा भी बातचीत नहीं करूंगा। क्योंकि मुझे लगा बात करने से हम बहुत जल्द दोस्त बन जाएंगे। मैंने तय किया कि मुझे ऐसा करना होगा। हमें जिस तरह के नेचुरल सीन करने थे, मुझे लगा कि ऐसा करने से वो सीन्स बेहतर होंगे।20 दिन के बाद मैंने जान्हवी को इस बारे में बता दिया। साजिद नाडियाडवाला निर्मित फिल्म बवाल प्राइम वीडियो पर 21 जुलाई 2023 को रिलीज होगी।

## आईएमडीबी टॉप 10 में पहले नंबर पर रही शाहरुख खान की पठान

**एजेंसियां**

**मुंबई:** आईएमडीबी की टॉप 10 फिल्मों की लिस्ट में शाहरूख खान की फिल्म पठान टॉप पर है। वर्ष 2023 के पहली छमाही की बॉलीवुड की टॉप 10 फिल्मों की रिपोर्ट आ गई है। आईएमडीबी ने यह लिस्ट आईएमडीबी पर महीने में 20 करोड़ से ज्यादा पेज व्यूज के आधार पर बनाई है।आईएमडीबी की टॉप 10 फिल्मों की लिस्ट में पठान टॉप पर रही है।इसके बाद लिस्ट में किसी का भाई किसी की जान, द केरल स्टोरी, तू झूठी मैं मक्कार, मिशन मजनूं, चोर निकल के भागा (नेटफ्लिक्स), ब्लडी डैडी (जियो सिनेमा), सिर्फ एक बंदा काफी है, वारिसु (तमिल), पोन्नियन सेल्वन- पार्ट टू (तमिल) शामिल है। शाहरुख खान ने कहा, यह जानकर बेहद



खुशी हुई कि ह्यपठानह्व आईएमडीबी की लिस्ट में पहले स्थान पर है. यह देखना अद्भुत है कि पठान को कितना प्यार मिला है, और जब भी किसी काम को पहले स्थान पर रखा जाता है, तो उसके बाद इसके लिए सभी को धन्यवाद देने के बाद अगला काम दोगुनी मेहनत करनी होती है। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि मैं इसे संभव बनाने के लिए 'पठान' की टीम और दुनिया भर के दर्शकों को धन्यवाद देना चाहता हूं।

### नानी ने फिल्म हाय नन्ना का पोस्टर शेयर किया

**मुंबई :** दक्षिण भारतीय अभिनेता नानी ने अपनी आने वाली फिल्म 'हाय नन्ना' का पोस्टर सोशल मीडिया पर शेयर किया है। नानी अपनी 30वीं फिल्म लेकर आ रहे हैं नानी ने ट्विटर पर फिल्म 'हाय नन्ना' का पोस्टर शेयर किया है। इस फिल्म में नानी के साथ मृणाल ठाकुर नजर आएंगी। 'हे नन्ना' के पोस्टर में नानी के कंधों पर एक छोटी बच्ची बैठी नजर आ रही है। साथ ही मृणाल ठाकुर खड़ी हैं, जो काफी खुश नजर आ रही हैं।

## अनुपम खेर ने अपनी 539वीं फिल्म का पोस्टर शेयर किया

**एजेंसियां**



**मुंबई:** बॉलीवुड के जानेमाने चरित्र अभिनेता अनुपम खेर ने अपनी आने वाली 539वीं फिल्म का पोस्टर सोशल मीडिया पर शेयर किया है। अनुपम खेर ने हाल ही में रवींद्रनाथ टैगोर पर आधारित अपनी एक फिल्म की घोषणा की। अनुपम ने अब 539वीं फिल्म का भी एलान कर दिया है। अनुपम खेर ने अपने ऑफिशियल इंस्टाग्राम अकाउंट पर अपनी 539वीं फिल्म से खुद का फर्स्ट लुक पोस्टर साझा किया है। फर्स्ट लुक में अनुपम खेर बहुरंगी पोशाक पहने और सांप की मूर्तियों से बने भव्य सिंहासन पर बैठे नजर आ रहे हैं। गहनों से सजे हुए वह एक अनोखा हथियार पकड़े नजर आ रहे हैं। अनुपम खेर ने फर्स्ट लुक शेयर करते हुए लिखा, ह्यघोषणाः मेरी 539वीं फिल्म।

## जॉन अब्राहम के साथ वेदा में काम करेंगी तमन्ना भाटिया

**एजेंसियां**

**मुंबई:** जानीमानी अभिनेत्री तमन्ना भाटिया फिल्म वेदा में जॉन अब्राहम के साथ काम करती नजर आयेंगी। निखिल आडवाणी के निर्देशन में बन रही फिल्म वेदा की शूटिंग इन दिनों राजस्थान में हो रही है। फिल्म वेदा में जॉन अब्राहम और शारवरी वाघ की अहम भूमिका है। फिल्म वेदा में अब तमन्ना भाटिया की भी इंट्री हो



गयी है। निखिल आडवाणी संग काम करने को लेकर तमन्ना भाटिया बेहद उत्साहित हैं। तमन्ना भाटिया ने कहा, निखिल जिस तरह से अपनी कहानियों को सुनाते हैं, मैं उनकी हमेशा से प्रशंसक रही हूं। उनमें एक हुनर है, और उनकी ये काबिलियत बेहद प्यारी है। जॉन और मुझे भी पहली बार एक साथ काम करने का मौका मिला है। यह देखना निश्चित रूप से रोमांचक होगा कि मेरा किरदार कितना दमदार होगा।

# प्रियंका चोपड़ा ने अपने भाई और सास के जन्मदिन की पार्टी का वीडियो शेयर किया

**एजेंसियां**

मुंबईः बॉलीवुड अभिनेत्री प्रियंका चोपड़ा ने अपने भाई सिद्धार्थ चोपड़ा और सास डेनिस जोनस के जन्मदिन के पार्टी का वीडियो सोशल मीडिया पर शेयर किया है। प्रियंका के भाई और सासु मां का जन्मदिन एक साथ 12 जुलाई को होता है। इस साल दोनों ने अपना जन्मदिन साथ मनाया। प्रियंका के पति निक जोनस ने मां और साले साहब सिद्धार्थ के लिए जन्मदिन की पार्टी रखी। प्रियंका ने अपने इंस्टाग्राम पर इस पार्टी का वीडियो शेयर किया, जिसमें निक की मां डेनिस और प्रियंका चोपड़ा के भाई सिद्धार्थ साथ में डांस करते नजर आ रहे हैं। वीडियो पोस्ट करते हुए प्रियंका ने लिखा- और इस तरह से यह दिन बीत गया। निक.. हमेशा हर इवेंट(पार्टी) को इतना खास बनाने के लिए शुक्रिया। आई मिस यू ऑल। बता दें कि प्रियंका इन दिनों काम के चलते घर से दूर हैं, ऐसे में खास दिन उन्हें अपने भाई और मदर-इन लॉ की याद आ रही है। प्रियंका ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर सास डेनिस की तस्वीर शेयर करते हुए लिखा, जन्मदिन मुबारक हो। हम आपसे प्यार करते हैं और हम आपके साथ हर एक दिन को सेलिब्रेट करते हैं।वहीं बेटी मालती के साथ सिद्धार्थ की तस्वीर शेयर करते हुए प्रियंका ने लिखा- बर्थडे की बहुत-बहुत शुभकामनाएं सिड। तुम्हें मेरे छोटे भाई से मामू बनते देखना वाकई बेहद खास है। लव यू गूच।



## प्रदेश >> अपडेट

### गड्ढे में गिरने से दो बच्चों की मौत

**कटनी:** मध्यप्रदेश के कटनी जिले में बड़वारा थाना क्षेत्र के ग्राम जमुनिया में आज दो बच्चों की गड्ढे में गिरने से मौत हो गयी। पुलिस सूत्रों के अनुसार ग्राम जमुनिया कला में दो बच्चे अपने खेत में खेल रहे थे, जिसमें एक की उम्र पांच वर्ष और दूसरा सात वर्ष का था। माइनिंग टेस्टिंग के लिए पूर्व में खोदे गड्ढे में बरसात का पानी भरा हुआ था।

## शॉर्ट न्यूज अपडेट्स >>

### पत्थर की चपेट में आने से महिला श्रद्धालु की मौत

**देहरादून:** उत्तराखंड स्थित भगवान शंकर के ग्यारहवें ज्योतिर्लिंग केदारनाथ धाम यात्रा मार्ग पर अचानक पहाड़ से पत्थर गिरने से हड़बड़ाई महिला श्रद्धालु गहरी खाई में जा गिरी। महिला की मौके पर ही मृत्यु हो गई, जबकि एक अन्य युवक घायल हो गया। गुरुवार को मिली जानकारी के अनुसार, बीते बुधवार देर शाम गुजरात के सूरत शहर निवासी 20 वर्षीय शाली अक्षिता एवं 24 वर्षीय शिवास अन्य लोगों के साथ केदारनाथ के लिए गौरीकुंड से रवाना हुए थे। जैसे ही वह छौड़ी के समीप पहुंचे। तभी छौड़ी गदेरा के समीप ऊपरी पहाड़ी से एक के बाद एक कई पत्थर भरभराकर गिरने लगे, जिसकी चपेट में आने से शाली अक्षिता रास्ते से 50 मीटर नीचे खाई में जा गिरी।

### बीएसएफ जवान ने गोली मारकर कर ली आत्महत्या

**बलिया:** उत्तर प्रदेश के बलिया जनपद के रसड़ा थाना क्षेत्र के अमहर गांव में गुरुवार को सेवानिवृत बीएसएफ के जवान ने खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर ली। पुलिस उपाधीक्षक रसड़ा मो फहीम कुरैशी ने गुरुवार को बताया कि जिले के रसड़ा थाना क्षेत्र के अमहर गांव निवासी हरिन्द्र सिंह (60) बीएसएफ से रिटायर्ड थे और उनकी पत्नी व पुत्र की पूर्व में ही मौत हो चुकी थी।

## संक्षिप्त >> अपडेट्स

### कश्मीर में अवैध रूप से पेट्रोलियम बेचने के आरोप में एक दुकानदार गिरफ्तार

**श्रीनगर:** केन्द्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर के बारामूला जिले में पुलिस ने गुरुवार को अवैध रूप से अधिक कीमत पर पेट्रोलियम उत्पाद बेचने के आरोप में एक दुकानदार को गिरफ्तार किया। पुलिस सूत्रों ने यह जानकारी दी। सूत्रों ने बताया कि पट्टन में एक दुकानदार अपनी दुकान पर अवैध रूप से अधिक कीमतों पर पेट्रोलियम उत्पाद बेचता पाया गया। इस दौरान, उसकी दुकान से 187 लीटर पेट्रोल और डीजल बरामद किया गया और उसे गिरफ्तार कर लिया गया। उन्होंने बताया कि आरोपी की पहचान तांत्रेपोरा पलहालन निवासी मेहराज दीन के रूप में हुई है। गौरतलब है कि दुकानदार के खिलाफ आवश्यक वस्तु और पेट्रोलियम अधिनियम की धाराओं के तहत पट्टन थाने में मामला दर्ज किया गया है और आगे की जांच शुरू कर दी गई है।

### बाढ़ प्रभावित 36 गांवों की बिजली आपूर्ति बहाल: शर्मा

**जालंधर:** पंजाब बिजली बोर्ड (पीएसपीसीएल) ने बाढ़ से प्रभावित जिले के 36 गांवों में बिजली आपूर्ति को फिर से चालू कर दिया है। पीएसपीसीएल के अवर सचिव गोपाल शर्मा ने गुरुवार को बताया कि बाढ़ ग्रस्त क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति बहाल करने के लिए पीएसपीसीएल के मुख्य अभियंता उत्तर क्षेत्र, रमेश सारंगल, संबंधित अधिकारियों सहित पिछले दो दिनों से लगातार प्रभावित क्षेत्रों का दौरा कर रह हैं। उन्होंने शाहकोट, लोहियां, गिदरपिंडी, कक्कड़ कलां, इस्माइलपुर, कमालपुर, जक्कोपुर पुनिया, भागोबुद्धा, सुल्तानपुर लोधी आदि इलाकों का दौरा किया और बताया कि मुख्य रूप से 66 के.वी. सब-स्टेशन मेहराजवाला पावर स्टेशन, जो पूरी तरह से पानी में डूबा हुआ है, से जुड़े केवल लगभग 18 गांवों में बिजली आपूर्ति को बहाल करना बाकी है।

---

**आग्रह**

### यदि अनुसंधान नहीं होगा तो देश की प्रगति थम जाएगी

# वैज्ञानिक अनुसंधान निधि में कटौती न करे सरकार : खडगे

- शीर्ष अनुसंधान संस्थानों के वैज्ञानिकों को अभी तक चालू वित्त वर्ष के लिए धन नहीं मिला है
- बजट 2023 ने वैज्ञानिक अनुसंधान के लिए धन में 6.87 प्रतिशत की कटौती की




नयी दिल्ली: कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे ने वैज्ञानिक अनुसंधान निधि में कटौती के सरकार के निर्णय को बेतुका बताते हुए कहा है कि यदि अनुसंधान नहीं होगा तो देश की प्रगति थम जाएगी इसलिए वैज्ञानिकों की अनुसंधान से जुड़ी निधि में कटौती नहीं की जानी चाहिए। श्री खडगे ने यहां जारी बयान में आज कहा कि मोदी सरकार देश में वैज्ञानिक अनुसंधान को ख़त्म करने पर तुली है और उसके इस कदम से राष्ट्र की प्रगति बाधित हो रही है। उन्होंने कहा कि शीर्ष अनुसंधान संस्थानों के वैज्ञानिकों को अभी तक चालू वित्त वर्ष के लिए धन नहीं मिला है और वे अनुसंधान जारी रखने के लिए अपनी मेहनत की कमाई का उपयोग करने को मजबूर हैं। ऐसे समय में जब सरकार ने नेशनल रिसर्च फाउंडेशन-एनआरएफ की स्थापना करके अधिक निधि का वादा किया है तो उनकी खरीदारी रुकी है और परियोजना में काम करने वाले कर्मचारियों को तीन महीने से भुगतान नहीं किया गया है। कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा, ''निजी फ डिंग का स्वागत है, लेकिन सरकारी फ डिंग बंद नहीं होनी चाहिए। बजट 2023 ने वैज्ञानिक अनुसंधान के लिए धन में 6.87 प्रतिशत की कटौती की जबकि 2017 में मोदी सरकार के नकली विज्ञान प्रेम और वैज्ञानिक निधि में कटौती पर चिंता व्यक्त करते हुए वैज्ञानिकों को सरकार के रुख के विरुद्ध 27 शहरों में विरोध प्रदर्शन करने को मजबूर होना पड़ा था।'' उन्होंने कहा, ''2015 में सरकार ने वैज्ञानिक अनुसंधान में शामिल संगठनों को ह्रास्व-वित्तपोषणह्न परियोजनाएं शुरू करने के लिए कहा था जिसका मतलब था कि उन्हें अनुसंधान के लिए खुद धन जुटाना होगा। लेकिन सरकार ने बार-बार वैज्ञानिक सोच को प्रोत्साहित करने के प्रति अपनी तिरस्कार की नीति जारी रखी और बराबर तिरस्कार का भाव प्रदर्शित करती रही।'' श्री खडगे ने कहा कि श्री मोदी भले ही -जय विज्ञान, जय अनुसंधान- के बारे में बोलते हों, लेकिन दुख इस बात का है कि उनकी सरकार ह्यपराजय विज्ञान, पराजय अनुसंधानह्न की पोषक बनी हुई है।

## नेपाल में हेलीकॉप्टर हादसे में छह यात्रियों की मौत

**राष्ट्रीय खबर**

**काठमांडू:** नेपाल में माउंट एवरेस्ट के पास 6 यात्रियों वाला एक हेलीकॉप्टर लापता हो गया। आशंका जताई जा रही थी कि 6 लोगों वाला हेलीकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त हो गया है। मालूम हो कि हादसे में उस हेलीकॉप्टर पर सवार सभी लोगों की मौत हो गई थी। मालूम हो कि करीब 10 बजे कंट्रोल टावर से कॉप्टर का कनेक्शन कट गया था। उसके बाद से हेलीकॉप्टर नहीं मिला है। मालूम हो कि मनंग एयर का हेलीकॉप्टर माउंट एबेरेस्ट के आसपास के इलाके से विदेशी यात्रियों को लेकर गया था। हेलिकॉप्टर में 5 विदेशी यात्री और 1 कैप्टन सवार थे। हेलिकॉप्टर को काठमांडू लौटना था। हालाँकि, बीच में ही कंट्रोल टावर से संपर्क टूट जाने के कारण इस हैलीकॉप्टर को लेकर अटकलें और आशंकाएं पैदा हो गईं। बाद में नेपाल के एक स्थानीय चैनल ने खबर दी कि हेलिकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त हो गया है। एयरपोर्ट अधिकारी सागर काडेल ने बताया कि मौसम की खराबी के कारण हेलीकॉप्टर को अपना रास्ता बदलना पड़ा। हेलीकॉप्टर ने नेपाल के सोलुखुम्बु में सुर्के हवाई अड्डे से उड़ान भरी। घड़ी पर समय था 10.04 मिनट। इसके बाद 10.13 मिनट पर कंट्रोल टावर से उसका संपर्क टूट गया। यह जानकारी त्रिभुवन अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा प्रबंधक ज्ञानेंद्र भुल ने दी। एनएएमवी हेलिकॉप्टर मंगलवार सुबह 10.13 बजे से लगभग 12,000 फीट की ऊंचाई पर था जब वह लापता हो गया। बाद में पता चला कि हेलीकॉप्टर सोलुखुम्बु जिले के लिखुपिके इलाके में दुर्घटनाग्रस्त हो गया।

### सूडान के प्रतिद्वंद्वी सैन्य बलों के बीच देश भर में महीनों से चल रही लड़ाई जारी है

## संयुक्त राष्ट्र ने कहा सूडान पूर्ण गृहयुद्ध की तरफ बढ़ रहा है

**राष्ट्रीय खबर**

**जेनेवा:** सूडान में सप्ताहांत हवाई हमले में दर्जनों लोगों की मौत के बाद संयुक्त राष्ट्र ने सूडान में पूर्ण पैमाने पर गृहयुद्ध की चेतावनी दी है संयुक्त राष्ट्र ने चेतावनी दी है कि सूडान के ओमडुरमैन शहर के एक आवासीय क्षेत्र में सप्ताहांत हवाई हमले में दर्जनों लोगों के मारे जाने के बाद सूडान पूरी तरह से युद्ध के कगार पर पहुंच सकता है। देश के स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा कि शनिवार तड़के एक गोलाबारी हमले में कम से कम 22 लोग मारे गए और कई घायल हो गए, क्योंकि सूडान के प्रतिद्वंद्वी सैन्य बलों के बीच देश भर में महीनों से चल रही लड़ाई जारी है। संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने



कहा कि सप्ताहांत में हुई बमबारी इस बात का संकेत है कि सूडान अब पूर्ण पैमाने पर गृहयुद्ध के कगार पर है। महासचिव इस बात से बहुत चिंतित हैं कि सशस्त्र बलों के बीच चल रहे युद्ध ने सूडान को पूर्ण पैमाने पर गृहयुद्ध के कगार पर धकेल दिया है, जिससे संभावित रूप से पूरा क्षेत्र अस्थिर हो जाएगा। गुटेरेस के कार्यालय के एक बयान में हवाई हमले की निंदा करते हुए कहा गया। सूडान के कुछ सबसे बुरी तरह प्रभावित राज्यों में नए सिरे से हुई झड़पों के बारे में चिंता व्यक्त करते हुए बयान में आगे कहा गया, वह पूरे दारफुर में बड़े पैमाने पर हिंसा और हताहतों की रिपोर्ट से स्तब्ध हैं, जिसमें बड़े पैमाने पर नागरिकों का विस्थापन देखा गया है। बयान में कहा गया, मानवीय और मानवाधिकार कानून की घोर उपेक्षा है जो खतरनाक और परेशान करने वाला है। गुटेरेस ने सूडानी सशस्त्र बल (एसएएफ) और अर्धसैनिक रैपिड सपोर्ट फोर्स (आरएसएफ) - सूडान में नियंत्रण के लिए लड़ रहे दो युद्धरत गुटों से शत्रुता समाप्त करने का आग्रह किया।

## राहत एवं बचाव कार्य तेजी से किया जा रहा : आप

**राष्ट्रीय खबर**

**नयी दिल्ली:** आम आदमी पार्टी (आप) ने कहा कि पार्टी के सभी विधायक, पार्षद और कार्यकर्ता दिल्ली के विभिन्न इलाकों में राहत तथा बचाव कार्य में जुटे हुए हैं। 'आप' के वरिष्ठ नेता दुर्गेश पाठक आज यहां मरघट वाले हनुमान मंदिर के पास लोगों को बाढ़ से बचाने के लिए पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ राहत कार्य में सहयोग देने पहुंचे। इस दौरान श्री पाठक ने कहा कि राहत एवं बचाव कार्य तेजी से किया जा रहा है। डूब क्षेत्रों से लोगों को सकुशल बाहर निकाला जा रहा है। प्रभावित लोगों की मदद और उन्हें हर जरुरी सुविधाएं मुहैया करवाने की हर संभव कोशिश जारी है। खादर इलाकों से लोगों को निकालने के साथ केजरीवाल सरकार ने राहत शिविर लगाए है,



जहां लोगों के रहने, खाने-पानी, मेडिकल सहित अन्य तमाम व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। पार्टी विधायक संजीव झा ने बुराड़ी के प्रधान एन्क्लेव यूजीआर के पास बने बाढ़ राहत कैंप का जायजा लिया। उन्होंने बताया यमुना का जलस्तर 208.46 मीटर तक पहुंच चुका है जो फिलहाल यह स्तर बुराड़ी पुस्ते की वास्तविक ऊंचाई 214 मीटर से नीचे है। एहतियात के रूप में बाढ़ ग्रस्त लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया जा रहा है, अभी बुराड़ी के निचले इलाकों में बाढ़ का खतरा नहीं है। दिल्ली सरकार की सभी एजेंसियां पूरी तरह मुस्तैद है। शरणार्थियों के लिए मोबाइल टॉयलेट, बेड्स, टेंट, पानी का टैंकर और खाने का प्रबंध किया गया है। 'आप' विधायक कुलदीप कुमार पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ बाढ़ से प्रभावित क्षेत्रों में लोगों को सहायता पहुंचाने पहुंचे। उन्हें प्रभावितों को खाद्य सामग्रियां उपलब्ध कराई। कुलदीप कुमार ने कहा कि यमुना में बढ़ते जलस्तर के कारण जलभराव का खतरा बना हुआ है, लेकिन हम सभी दिल्लीवासी मिलकर इससे निपट रहे हैं। दिल्ली के कृष्णा नगर से विधायक एस के बग्गा ने श्मशान घाट पुस्ता और अन्य निचले इलाक़ों का दौरा किया।

## प्रियंका ने कथित भर्ती घोटाले को लेकर किया ट्वीट

**राष्ट्रीय खबर**

**भोपाल:** कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने मध्यप्रदेश में हाल ही में उजागर हुए कथित भर्ती घोटाले को लेकर आज राज्य की भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार को निशाने पर लिया है। श्रीमती वाड्रा ने ट्वीट के जरिए लिखा है, मध्यप्रदेश की भाजपा सरकार के शासन में एक बार फिर भर्ती में घोटाले की खबरें आ रही हैं।

नौकरियों के लिए पदों की लाखों रुपए में बोली लगाए जाने की खबरें हैं और सरकार जांच कराने से क्यों कतरा रही है भर्ती घोटालों से जुड़े होने के आरोप में भाजपा नेताओं का नाम ही क्यों सामने आता है? नौकरी के लिए भर्तियों में केवल घोटाले ही घोटाले हैं। भाजपा



सरकार लाखों युवाओं का भविष्य अंधकार में क्यों डाल रही है इस बीच प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ ने भी ट्वीट के जरिए सरकार को निशाने पर लिया और कहा कि राज्य में हुए पटवारी भर्ती घोटाले के खिलाफ हजारों छात्र इंदौर में प्रदर्शन कर रहे हैं। मध्यप्रदेश में जिस तरह से हर प्रतियोगी और भर्ती परीक्षा में धांधली और घोटाला सामने आ रहा है।

**मुलाकात**

### रूसी सेना में पुतिन से शायद ज्यादा प्रभावशाली हो गये हैं प्रिगोझिन

# चौदह रूसी जनरल वैगनर प्रमुख के समर्थन में

- डेनिलोव ने कहा कि वह 14 रूसी जनरलों को जानते है
- एक महिला ने प्रिगोझिन के बारे में कहा: हमें और किसका समर्थन करना चाहिए

**राष्ट्रीय खबर**

**कियेब:** यूक्रेन के राष्ट्रीय सुरक्षा और रक्षा परिषद के सचिव ओलेक्सी डेनिलोव ने कहा है कि कम से कम 14 रूसी जनरल वैगनर कमांडर येवगेनी प्रिगोझिन का समर्थन करते हैं और रूसी राष्ट्रपति पुतिन का अनुसरण नहीं करना चाहते हैं। डेनिलोव ने कहा कि वह 14 रूसी जनरलों को जानते हैं जो प्रिगोझिन का समर्थन करते हैं। इस वजह से वैगनर प्रमुख को किनारे लगाना रूसी



राष्ट्रपति के लिए इतना आसान काम नहीं होगी। यह कहा गया है कि पत्रकारों ने वैगनर सेनानियों के विद्रोह को देखने वाले रूसियों से बात की, और लोग प्रिगोझिन का समर्थन करते हैं। विशेष रूप से, एम-4 मोटरवे के किनारे स्थित एक गैरीसन शहर, बोगुचर, जहां एक रूसी इकाई तैनात है, के निवासियों ने कहा कि वहां की सेना ने विरोध करने के लिए कुछ नहीं किया, और शहर में बड़ी संख्या में लोग, जिनमें सेना में सेवारत लोग भी शामिल हैं , वैगनर बल के प्रति सहानुभूति महसूस की। रॉयटर्स की रिपोर्ट है कि एक महिला ने प्रिगोझिन के बारे में कहा: हमें और किसका समर्थन करना चाहिए? कम से कम एक योग्य व्यक्ति है जो भयभीत नहीं था। एक अन्य महिला निवासी ने भी कहा कि वैगनर को शहर में व्यापक समर्थन प्राप्त था, और कई वैगनर लड़ाके बोगुचर से हैं। वे सभी दोस्त हैं, उसने कहा। इससे पहले: रूसी राष्ट्रपति के प्रवक्ता दिमित्री पेसकोव ने पुष्टि की थी कि विद्रोह के बाद व्लादिमीर पुतिन ने वैगनर ग्रुप के संस्थापक येवगेनी प्रिगोझिन से मुलाकात की थी। दोनों के बीच यह बैठक करीब तीन घंटे तक चली थी। 23 जून की शाम को, वैगनर समूह के नेता येवगेनी प्रिगोझिन ने दावा किया कि नियमित रूसी सेना ने वैगनर भाड़े के सैनिकों के पीछे के शिविरों पर मिसाइल हमला किया था। इसलिए, उन्होंने ह्न्याय बहाल करने के लिएह्व अपने 25,000 भाड़े के सैनिकों को तैनात किया। 24 जून की सुबह, प्रिगोझिन ने दावा किया कि उनकी सेना ने रोस्तोव-ऑन-डॉन में हवाई अड्डे सहित सैन्य सुविधाओं पर नियंत्रण कर लिया है, और मॉस्को की ओर जा रहे थे, और उनके सैनिकों ने कम से कम तीन रूसी हेलीकॉप्टरों को मार गिराया था। वैगनर के भाड़े के सैनिकों ने रूसी शहर वोरोनिश में सैन्य सुविधाओं पर भी कब्जा कर लिया। रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने कहा कि रूस अस्तित्व की लड़ाई लड़ रहा है और देश में विद्रोह का प्रयास किया जा रहा है। उस वक्त यह अनुमान लगाया गया था कि वैगनर समूह के लड़ाके अगले कुछ घंटों में मास्को के बाहरी इलाके में पहुंच जाएंगे। यूक्रेनी खुफिया विभाग के पास जानकारी थी कि पुतिन तत्काल मॉस्को से वल्दाई स्थित अपने आवास के लिए रवाना हो गए हैं।

---

## न्यूज फटाफट

### दक्षिण कोरिया के डेंगू में अस्पताल में लगी आग, 200 मरीजों को निकाला गया

**सियोल:** दक्षिण कोरिया में डेंगू प्रांत के अस्पताल में गुरुवार तड़के आग लगने के कारण करीब 200 मरीजों को बाहर निकाला गया है। योनहाप समाचार एजेंसी ने दक्षिण कोरिया के अग्निशमन अधिकारियों के हवाले से बताया कि डेंगू प्रांत दलसेओ जिले में स्थिति एक अस्पताल के पार्किंग टॉवर में स्थानीय समयानुसार सुबह तीन बजे अज्ञात कारण आग लग गई। उन्होंने बताया कि करीब 170 दमकलकर्मियों और 65 अग्निशमन गाड़ियों ने दो घंटे की मशक्त के बाद आग पर काबू पाया। अधिकारियों ने बताया कि अस्पताल से निकाले गए मरीजों में से एक 70 वर्षीय महिला ने कहा कि उसे सांस लेने में हो रही परेशानी के करण उसे नजदीकी अस्पताल ले जाया गया। रिपोर्ट के अनुसार पुलिस और दमकल कर्मी आग लगने के कारणों की जांच कर रही है।

### सिडनी में कई वाहनों की टक्कर में एक महिला की मौत, 2 दो घायल

**सिडनी:** ऑस्ट्रेलिया के न्यू साउथ वेल्स (एनएसडब्ल्यू) प्रांत के सिडनी शहर में छह वाहनों की टक्कर मे एक महिला की मौत हो गई और दो अन्य गंभीर रूप से घायल हुए है। प्रांतीय पुलिस ने गुरूवार को बताया कि बुधवार को स्थानीय समय के अनुसार 1:30 बजे ब्लैक्सलैंड रोड और फर्स्ट एवेन्यू, ईस्टवुड के चौराहे पर एक मित्सुबिशी एसयूवी, एक होल्डन कमोडोर, एक किआ एसयूवी, एक टोयोटा सेडान, एक ऑडी हैचबैक और एक वैन की टक्कर के बाद अपातकालीन सेवाओं को बुलाया गया है। उन्होंने बताया कि 61 वर्षीय एक महिला यात्री की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। जबकि उसी कार से सवार 67 वर्षीय महिला चालक और 63 वर्षीय महिला यात्री को गंभीर चोटों के कारण अस्पताल भेजा गया। उन्होंने बताया कि मित्सुबिशी चला रहे 31 वर्षीय व्यक्ति के सिर पर लगी चोट का इलाज किया गया और उसकी हालत स्थिर है। जबकि अन्य वाहन चालकों को कोई चोट नहीं आई है। मित्सुबिशी और होल्डन दोनों कारों को फोरेंसिक जांच के लिए जब्त कर लिया गया है। पुलिस दुर्घटना के कारणों की जांच कर रही है।

### सूडान से 64 हजार से अधिक लोग ने किया इथियोपिया में प्रवेश: संयुक्त राष्ट्र

**अदीस अबाबा:** संयुक्त राष्ट्र से संबद्ध अंतरराष्ट्रीय प्रवासन संगठन (आईओएम) ने कहा कि सूडान में चल रहे सशस्त्र संघर्ष के कारण वहां से भागे 64 हजार से अधिक लोग इथियोपिया में प्रवेश कर चुके है। संयुक्त राष्ट्र प्रवासन एजेंसी (आईओएम) ने बुधवार को जारी अपने नवीनतम स्थिति अपडेट में कहा कि सूडान में चल रहे सशस्त्र संघर्ष ने सैकड़ों हजारों लोगों को पड़ोसी देशों में भागने के लिए मजबूर कर दिया है। उन्होंने बताया कि मंगलवार तक 64 हजार से अधिक लोग देश के अमहारा, बेनिशांगुल गुम्ज़ और गैम्बेला क्षेत्रों में कई सीमा पार करने वाले स्थानों के जरिए इथियोपिया पहुंचे। इथियोपिया में प्रवेश करने वाले लोगों की बढ़ती संख्या के बीच आईओएम ने कहा कि तेज बारिश के कारण इलाकों में सहायता कर्मियों को मदद पहुंचाने में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। आईओएम ने कहा कि उसने सीमा पार करने वाले स्थानों और प्रमुख क्रॉसिंग वाली जगहों मेटेमा में अपने प्रवासन प्रतिक्रिया केंद्र पर अपनी उपस्थिति बढ़ा दी है, जिससे आने वाले लोगों को स्वास्थ्य, पानी और स्वच्छता, मानसिक स्वास्थ्य और मनोवैज्ञानिक सहायता, आगे के परिवहन सहित बहु-क्षेत्रीय सहायता उपलब्ध करायी जा रही है।

### पाकिस्तान के पंजाब में घर में आग लगने से 10 लोगों की मौत

**इस्लामाबाद:** पाकिस्तान के पूर्वी पंजाब प्रांत में बुधवार को एक तीन मंजिला घर में आग लगने से परिवार के कम से कम 10 सदस्यों की मौत हो गई। पुलिस अधिकारियों ने यह जानकारी दी है। स्थानीय मीडिया की रिपोर्ट में पुलिस के हवाले से बताया कि पंजाब की प्रांतीय राजधानी लाहौर में एक घर में बुधवार तड़के आग लगने परिवार के सभी सदस्य वहां फंस गए। पुलिस ने बताया कि पीड़तों ने खुद को बचाने के लिए पीछे के कमरे में बंद कर लिया, जिससे पूरे घर में आग लगने के बाद उन्हें वहां से निकलने कोई मौका नहीं मिला। मीडिया रिपोर्ट में बताया गया है कि मारे गए लोगों में कम से कम सात महिलाएं और बच्चे शामिल थे। आग लगने के कारण की जांच की जा रही है।

### चीन के मौसम विभाग ने उच्च तापमान को लेकर जारी किया पीला अलर्ट

**बीजिंग:** चीन के बड़े हिस्से में चल रहे लू के प्रकोप के मद्देनजर राष्ट्रीय वेधशाला ने गुरुवार को उच्च तापमान को लेकर पीला अलर्ट जारी किया है। राष्ट्रीय मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार आज हेनान, अनहुई, जियांग्सू, शंघाई, हुबेई, फ़ुज़ियान, सिचुआन, गुआंग्डोंग, हैनान और झिजियांग प्रांतों के कुछ हिस्सों में तापमान 35 से 36 डिग्री सेल्सियस रहने का अनुमान है। उन्होंने बताया कि इसी तरह हुनान, जियांग्शी, झेजियांग और चोंगकिंग के कुछ क्षेत्रों में तापमान 40 डिग्री सेल्सियस से अधिक रहने की आशंका है।

### आज का इतिहास

- 1636 : मुगल बादशाह शाहजहां ने औरंगजेब को दक्कन का वायसराय नियुक्त किया।
- 1789 : पेरिस में बैस्टिल जेल पर हमले के साथ ही फ्रांसीसी क्रांति की शुरुआत हुई।
- 1850 : मशीन द्वारा जमाई गई बर्फ का पहला सार्वजनिक प्रदर्शन।
- 1861 : कॉट लिंग नामक अमरीकी व्यक्ति ने अतीत के अविष्कारों के अनुभवों और अनुसंधानों के आधार पर हथियार के रूप में मशीनगन बनाई।
- 1914 : पहले तरल ईंधन आधारित रॉकेट की डिजाइन का पेटेंट रॉबर्ट एच गोगार्ड ने हासिल किया।
- 1927 : हवाई द्वीप में विमान की पहली व्यावसायिक उड़ान शुरू।
- 1940 : द्वितीय विश्वयुद्ध में जर्मनी के बमवर्षक विमानों ने स्वेज पर बमबारी की।
- 1951 : सीबीएस चैनल पर घुड़दौड़ के रूप में किसी खेल कार्यक्रम का पहली बार रंगीन प्रसारण।
- 1965 : मंगल के पास से गुजरने वाले नासा के अंतरिक्ष यान ने किसी दूसरे ग्रह की पहली क्लोज अप तस्वीरें लीं।
- 1969 : जयपुर में मालगाड़ी और यात्री गाड़ी की टक्कर में 85 लोगों की मौत।
- 1969 : अमेरिका के वित्त मंत्रालय और फेडरल रिजर्व सिस्टम ने 500, 1,000, 5,000 और 10,000 डॉलर के नोटों को बंद किया।
- 1972 : तत्कालीन सोवियत संघ ने भूमिगत परमाणु परीक्षण किया।
- 1987 : ताइवान में 37 वर्षों के बाद मार्शल कानून समाप्त हुआ।
- 1991 : इराक से ब्रिटिश सेना की वापसी।
- 1996 : अमेरिका ने पाकिस्तान को ब्राउन संशोधन के अंतर्गत हथियार भेजने शुरू किये।
- 2003 : प्रसिद्ध हिन्दी फ़िल्म अभिनेत्री लीला चिटनिस का निधन।
- 2008 : नेपाल की कार्यकारी संसद ने प्रधानमंत्री के निर्वाचन वाले संविधान संशोधन विधेयक को मंजूरी दी।
- 2014 : इंग्लैंड के चर्च ने महिलाओं को भी बिशप बनाने के पक्ष में वोट किया।
- 2015 : नासा का न्यू होराइजन प्लूटो पर जाने वाला पहला अंतरिक्ष यान बना।
- 2016 : फ्रांस के नाइस में एक आतंकवादी हमले में 86 नागरिकों मारे गये और 400 से ज्यादा लोग को घायल हुए।
- 2018 : सेरेना विलियम्स को हराकर स्टेफी ग्राफ विंबलडन जीतने वाली पहली जर्मन बनीं।

## कोर्ट ने दिया गवाही जल्द पूरा कराने का निर्देश

रांचीः झारखंड हाईकोर्ट के आदेश के आलोक में खूंटी एसपी अमन कुमार और अड़की थाना में पदस्थापित सब इंस्पेक्टर गुरुवार को कोर्ट के समक्ष सशरीर उपस्थित हुए। दोनों अधिकारियों ने हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस सुजीत नारायण प्रसाद की बेंच में उपस्थित होकर कोर्ट को आश्वस्त किया कि सुलेमान सैंडी पूर्ति से संबंधित मामले में सभी गवाहों का बयान एक महीने में पूरा करवा लिया जाएगा।

**मंथन**

### अनुबंध कर्मियों को नियमित करने में जुटी हेमंत सरकार

# 10 साल सेवा दे चुके कर्मी होंगे स्थायी

- सरकार पूरी तरह मंथन करने के बाद इस पर निर्णय लेने के मूड में है
- प्रदेश स्तर तक में करीब 2 लाख 28 हजार कर्मी अनुबंध पर हैं

राष्ट्रीय खबर



**रांचीः** राज्य सरकार के विभिन्न विभागों में अनुबंध पर कार्यरत कर्मियों को नियमित करने की तैयारी शुरू हो गई है। सरकार के द्वारा पिछले दिनों सभी विभागों में दस वर्ष से अधिक समय से कार्यरत कर्मियों की सूची तैयार की गई थी, जिसमें सर्वाधिक होमगार्ड जवानों की संख्या है। जानकारी के मुताबिक जिला से लेकर प्रदेश स्तर तक में करीब 2 लाख 28 हजार कर्मी अनुबंध पर हैं। अनुबंध पर काम करने वालों की संख्या स्वास्थ्य और ग्रामीण विकास विभाग में सर्वाधिक है। सुप्रीम कोर्ट के गाइडलाइन के अनुरूप इन कर्मचारियों को नियमित करना सरकार के लिए किसी चुनौती से कम नहीं है। हालांकि राज्य सरकार के विभागों में रिक्तियां हैं। ऐसे में सरकार पूरी तरह मंथन करने के बाद इस पर निर्णय लेने के मूड में है। झारखंड सरकार द्वारा न्यायालय आदेश के बाद कर्मचारियों को नियमित किया जा रहा है। हाल ही में इस कड़ी में खाद्य एवं आपूर्ति विभाग के दैनिक पारिश्रमिक चालक मोहम्मद नसीर उद्दीन खान को नियमित करने की स्वीकृति प्रदान की गई है। इसके अलावा विधि विभाग में झाड़ूकश पद पर कार्यरत सुनीता देवी जो दैनिक वेतन पारिश्रमिक पर कार्यरत थीं, उन्हें नियमित करने का आदेश दिया गया है। राज्य सरकार के द्वारा ऐसे दैनिक पारिश्रमिक पर कार्यरत कर्मचारियों के नियमितीकरण की दिशा में किए जा रहे प्रयास की सराहना झारखंड अराजपत्रित कर्मचारी संघ ने की है। संघ के महासचिव मृत्युंजय कुमार झा ने कहा है कि दैनिक पारिश्रमिक पर कार्यरत सभी कर्मचारियों को चुनाव घोषणा पत्र के अनुरूप हेमंत सरकार नियमित करें। उन्होंने हाल के महीनों में कर्मचारियों के लिए सरकार द्वारा लिए गए निर्णय की सराहना की। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि डेली वेजेज पर कार्यरत महिलाओं के लिए मातृत्व अवकाश की मांग लंबे समय से की जा रही थी जिसे पूरा कर सरकार ने बड़ा फैसला लिया है। झारखंड में दैनिक पारिश्रमिकों के नियमितीकरण के लिए पूर्व में कर्नाटक सरकार और अन्य बनाम उमा देवी के अलावा 10.04.2006 को पारित आदेश की तिथि को आधार माना गया है। इस तिथि के पूर्व न्यायालयों अथवा न्यायाधिकरण के द्वारा पारित आदेश से आच्छादित मामलों को छोड़कर सृजित पदों के विरुद्ध कार्यरत एवं कम से कम 10 वर्षों की लगातार सेवा करने वाले और नियमित रूप से नियुक्त कर्मियों की सेवा नियमितीकरण पर विचार किया जाने का प्रावधान रखा था। बाद में इसे संशोधित करते हुए सर्वोच्च न्यायालय में दायर नरेंद्र कुमार तिवारी एवं अन्य बनाम झारखंड राज्य एवं अन्य में दिनांक 01.08.2018 को पारित न्यायादेश के आलोक में सरकार ने इसे संशोधन किया था। कार्मिक विभाग द्वारा 20.06.19 को जारी अधिसूचना के अनुसार न्यायादेश की तिथि आधार मानते हुए सृजित पदों के विरुद्ध कार्य एवं कम से कम 10 वर्षों की लगातार सेवा करने वाले और नियमित रूप से नियुक्त कर्मियों की सेवा नियमितीकरण पर विचार किया जा सकेगा।

## रांची के होटवार जेल में कैदी ने की आत्महत्या की कोशिश, गंभीर स्थित में रिम्स में भर्ती

राष्ट्रीय खबर



**रांचीः** राजधानी रांची के होटवार जेल में जवाहरलाल बनरा नाम के एक कैदी ने आत्महत्या करने का प्रयास किया है। कैदी के गले और पेट में जख्म के निशान देखे गए हैं। घटना की जानकारी मिलते ही जेल प्रबंधन की तरफ से तुरंत ही घायल कैदी को बेहतर इलाज के लिए रिम्स लाया गया। रिम्स लाने के बाद कैदी का इमरजेंसी में प्राथमिक इलाज किया गया। हालांकि उसकी हालत गंभीर देखते हुए उसका ऑपरेशन किया गया है। होटवार जेल में कैदी के आत्महत्या की कोशिश मामले में जेल प्रबंधन पर कई तरह के सवाल उठ रहे हैं। रिम्स में कैदे के इलाज के दौरान डॉक्टर ने भी इस बात की आशंका जताई है कि इस पर किसी ने वार किया है। डॉक्टरों का कहना है कि आम तौर पर इस तरह की घटना नहीं होती जिसमें कोई पहले अपने पेट पर वार करे और फिर गले पर वार कर आत्महत्या करने की कोशिश करे। कैदी की स्थिति को देखते हुए जेल में गैंगवार की भी आशंका जताई जा रही है। जिस तरह से कैदी के शरीर पर जख्म के निशान हैं, उससे अंदाजा लगाया जा रहा है कि वह किसी के हमले के कारण हुए हैं। हालांकि पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है। पुलिस के कहना है कि वे सभी पहलुओं को देख रही है और उसके आधार पर छानबीन कर रही है। इस घटना को लेकर जेल अधीक्षक से भी बात करने की कोशिश की गई लेकिन उन्होंने किसी भी तरह की कोई जानकारी नहीं दी।

## झारखंड के मदिरा के शौकीन दो महीने में गटक गये 762 करोड़ रुपये का शराब



राष्ट्रीय खबर

**रांचीः** महंगाई, मंदी, बेरोजगारी जैसी बातों को धत्ता बताते हुए एक तबका ऐसा भी है जिसे इन बातों से ज्यादा फर्क नहीं पड़ता। ये तबका हैं मदिरा के शौकीनों का। आर्थिक हालात चाहे जैसे भी हों ये अपना शौक जरूर पूरा करते हैं। ताजा खबर यह है कि राज्य में जून माह में निर्धारित लक्ष्य से अधिक शराब की बिक्री हुई। बीते जून माह में राज्य में 376 करोड़ की शराब की बिक्री हुई है। हालांकि मई की तुलना में यह बिक्री 10 करोड़ रुपये कम हुई है। मई माह में शराब की बिक्री का आंकड़ा 386 करोड़ रुपये था। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार जिन जिलों में खुदरा शराब की बिक्री के लिए प्लेसमेंट एजेंसी का चयन नहीं हुआ है। वहां एजेंसी का चयन किया जायेगा। फिलहाल वहां चार माह के लिए जेएसबीसीएल को खुदरा शराब बेचने की जिम्मेदारी दी गयी है। यह अवधि अगस्त में समाप्त होगी। ऐसे में जेएसबीसीएल द्वारा अगस्त के अंत तक शेष 14 जिलों के लिए प्लेसमेंट एजेंसी के चयन की प्रक्रिया पूरी करने की तैयारी की जा रही है। राज्य में वित्तीय वर्ष 2023- 24 के लिए शराब से 2560 करोड़ रुपये राजस्व का निर्धारण किया गया है। जून में लगभग 200 करोड़ रुपये राजस्व की प्राप्ति हुई है। राज्य में वर्तमान में 10 जिलों में प्लेसमेंट एजेंसी द्वारा खुदरा शराब की बिक्री की जा रही है। शेष 14 जिलों में जेएसबीसीएल की देखरेख में खुदरा शराब की बिक्री हो रही है।

ज्ञात हो कि राजधानी रांची सहित आसपास के क्षेत्रों में शराब की मांग की काफी अधिक है। खुदरा दुकान के खुलने के तय समय से पूर्व ही ग्राहक मंडराते नजर आते है। यह आलम रात में शराब की दुकानों के बंद होने तक जारी रहता है। शराब के दाम से ग्राहकों को कोई लेना देना नहीं रहता है। शराब के शौकिनों को इस बात से बहुत ज्यादा फर्क नहीं पड़ता है। खुदरा शराब की दुकानों में युवाओं की संख्या सबसे अधिक देखने को मिलता है। इसमें स्कूल और कॉलेजों के छात्रों संख्या भी शामिल है।

### तुपुदाना हनुमान मंदिर में चोरी दान पेटी तोड़ पैसे ले गए चोर

**रांची:** तुपुदाना थाना क्षेत्र स्थित हनुमान मंदिर में चोरी की घटना हुई। इंसेलरी चौक स्थित हनुमान मंदिर की दान पेटी पर चोरों ने हाथ साफ किया। चोरी की घटना की जानकारी आज सुबह लोगों को मिली। आज सुबह स्थानीय लोग मंदिर में माथा टेकने आये तो देखा कि मंदिर में रखे हुए दान पेटी टूटा हुआ है। इसके बाद पूजारी को सूचना दी गयी। पूजारी ने बताया कि हनुमान मंदिर में बुधवार की रात अज्ञात चोरों ने चोरी की घटना को अंजाम दिया। मंदिर के बाहर रखा दान पेटी से दान में दिए गए सभी पैसे को चोरी कर लिया। मामले की जानकारी मिलने के बाद मौके पर पुलिस पहुंची। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। मंदिर के पुजारी और स्थानीय लोगों से पूछताछ की जा रही है। वहीं, आसपास के सीसीटीवी कैमरे को भी पुलिस खंगाल रही है। चोरी की घटना के बाद स्थानीय लोगों में भारी आक्रोश है।

### हाईकोर्ट ने याचिकाकर्ता पर लगाया एक लाख का जुर्माना

**रांची:** हाईकोर्ट ने एक जनहित याचिका पर सुनवाई के दौरान प्रार्थी पर एक लाख का जुर्माना लगाया है। कोर्ट ने मौखिक रूप से टिप्पणी करते हुए कहा कि जनहित याचिका दायर करने वाले ने अपनी विश्वसनीयता छिपायी, ये सही नहीं है। यह जनहित याचिका का दुरूपयोग है। वन विभाग के एक रिटायर्ड कर्मचारी कामेश्वर प्रसाद ने अधिवक्ता राजीव कुमार के माध्यम से हाईकोर्ट में एक जनहित याचिका दाखिल की थी। जनहित याचिका में कहा गया था कि झारखंड के कई इलाकों में पौधा रोपण किए बिना सरकारी पैसों की निकासी कर ली गई है। जनहित याचिका पर हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्र की खंडपीठ में सुनवाई हुई।

## सदानंद सिंह यादव के सम्मान में काव्य गोष्ठी का हुआ आयोजन

राष्ट्रीय खबर



**रांचीः** कवि एवं लोकगायक सदानंद सिंह यादव के सम्मान में मनीष मिश्रा के आवास में कवि गोष्ठी का आयोजन किया गया। सदानंद सिंह यादव कवि एवं लोकगायक तथा रांची के साहित्यिक एवं सांस्कृतिक संस्था सृजन संसार के अध्यक्ष भी हैं। कवि गोष्ठी की अध्यक्षता चास कॉलेज बोकारो से अवकाश प्राप्त प्राचार्य डॉ. विजय प्रकाश ने की। संचालन युवा कवि सह रेलकर्मी मनीष मिश्रा ने किया। कार्यक्रम की शुरूआत कवि अनुज कुमार पाठक ने सरस्वती वन्दना से की। कवि राकेश कुमार ने आंसू समझ नयन में ही पाला गया मुझे, हर गम खुशी में घर से निकाला गया मुझे। शायर एम. ज. अजहर ने जब भी कोई कहानी लिखना, आग को तुम मत पानी लिखना। कवि रविशंकर पांडेय ने आंसू सारे देखकर मुझको, मुझसे मेरी खुशियां ले लो। शायर मोहम्मद इस्तेखार ने मुझे रेलों की सफर साहब बड़ा सुहाना लगता है, कभी जेनरल रिजर्वेशन में आना जाना रहता है। कवि घनश्याम कुमार ने लौट आ मेघा अब देर न करना, पहली बारिश की आस में नैना। कवि मनीष मिश्रा ढ्ढनन्दनश्च ने बहुत बरसी हैं आंखें मेरी, अब तो नभ बरसाएगा। मैं भी कविता गीत लिखूंगा, कहने का सावन आएगा। पावन सावन मलमास लगा, भोले तुझपर विश्वास जगा, हम तेरे द्वारे आएंगे, गंगाजल से नहलाएंगे। शायर नौशाद अहमद खां ने रात रौशन हो सितारों से जरूरी तो नहीं, जूगनुओं से ही अंधेरों को मिटाया जाए। कवि रमेश सिंह ने मानव तस्कर पे रचित कविता भोले भाले मात पिता को बहलाते फुसलाते हो, कवि हरिवंश प्रभात ने चांदनी रात में चांद बन कर उगे, पपीहा सा पी पी कह दिन गुजारे रहा, तुम नदी बन के शायद चली आएगी, इस भरोसे से सागर किनारे रहा। कवि सदानंद सिंह यादव ने जल संरक्षण पे आधारित रचना जरा ध्यान से देखो भैया, पानी नहीं नहानी में। तुमको आज नहाना होगा, एक लोटे भर पानी में। डॉ. विजय प्रकाश ने ख्वाहिशों की फेहरिस्त अगर लम्बी न होती, तो जीने का सलीका इतना खूबसूरत न होता। कवि अनुज कुमार पाठक ने सावन पर गीत सुनाया। इस मौके पर पलामू के कलाकार मनीष कुमार भी उपस्थित थे। धन्यवाद ज्ञापन कवि मनीष मिश्रा 'नन्दन' ने किया।

## शेड बदलने के लिए निगम के अधिकारियों से बात करने का दिया आश्वासन



राष्ट्रीय खबर

**रांचीः** झारखंड गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष राजीव रंजन प्रसाद ने आयोग के अधिकारियों के साथ हरमू स्थित गौशाला का निरीक्षण किया। इस दौरान गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष गौशाला की समस्याओं से रूबरू हुए। रांची गौशाला न्यास से जुड़े लोगों ने अध्यक्ष को बताया कि रांची नगर निगम से पास होने के बावजूद अभी तक गायें जहां रखी जाती हैं, वहां का शेड बदला नहीं गया है। इस बारे में अध्यक्ष ने कहा कि रांची नगर निगम से हरमू गौशाला के सड़ चुके शेड को बदलने की योजना स्वीकृत होने के बावजूद अभी तक शेड बदला नहीं गया है। जल्द ही वह रांची नगर निगम के अधिकारियों से बात करेंगे कि आखिर योजना स्वीकृत होने के बाद भी सड़ चुके शेड को बदला क्यों नहीं गया। रांची गौशाला के निरीक्षण के बाद राजीव रंजन प्रसाद ने गौशाला संचालकों के साथ बैठक की और उनकी समस्याएं जानी। इस दौरान गौशाला संचालकों ने अनुदान की राशि निर्गत करने की प्रक्रिया को सरल बनाने की भी मांग की है। झारखंड राज्य गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष राजीव रंजन प्रसाद ने कहा कि झारखंड में काफी जमीन गोचर भूमि है। सभी डीसी से ऐसे जमीन की पूरी जानकारी मांगी गई है। उन्होंने कहा कि राज्य में बड़ी संख्या में गौ तस्करी से बचाए गए गौ वंशीय पशुओं को अभी गौशाला में रखा जाता है।

### प्रकाश भाटिया लाता था वीरेंद्र राम का कैश, अकाउंट में ट्रांसफर होता था पैसा

**रांची:** निलंबित इंजीनियर वीरेंद्र राम से जुड़े टेंडर मैनेज कर अकूत सम्पति अर्जित करने और उन पैसों की मनी लॉन्ड्रिंग करने के केस में जैसे-जैसे जांच आगे बढ़ रही है, वैसे-वैसे नए खुलासे हो रहे हैं। अब तक की जांच में यह बात सामने आई है कि वीरेंद्र राम सीए नीरज मित्तल और राम प्रकाश भाटिया के जरिये अपनी काली कमाई को निवेश करवाता था और ब्लैक मनी को व्हाइट मनी में तब्दील करवाता था। सीए नीरज मित्तल ने इस काम के लिए हरीश यादव को सहयोगी के रूप में रखा था। जिसके पास अलग-अलग कंपनियों के नाम से तीन बैंक अकाउंट हैं। उन बैंक अकाउंट से ही वीरेंद्र राम के पारिवारिक सदस्यों के खाते में पैसे भेजे जाते थे।




**महंगाई**

### महंगाई ने बिगाड़ा घर का बजट

# लोगों की थालियों से गायब हो रही सब्जियां

- लोग 5 ग्राम से 10 ग्राम की मात्रा में ही खरीदते देखे जा रहे हैं
- सब्जी कारोबारियों ने बताया कि जो सब्जी बाहर के बाजार से आयात किए जा रहे हैं

राष्ट्रीय खबर



**रांचीः** झारखंड में सब्जियों के दाम आसमान छू रही हैं। हरी सब्जी से लेकर अन्य सब्जियां भी बाजार में महंगी दरों पर मिल रही हैं। टमाटर की कीमत 130 से 135 रुपये किलो है। वहीं अन्य हरी सब्जियां भी 50 रुपये किलो से ऊपर देखने को मिल रही हैं। सबसे ज्यादा उछाल अदरक के दाम में देखने को मिल रहा है। इसकी कीमत 450 रुपये किलो खुले बाजार में बिक रही है। इस कारण से लोग 5 ग्राम से 10 ग्राम की मात्रा में ही खरीदते देखे जा रहे हैं। हरी सब्जियों की बात करें तो बाजार में परवल 60 रुपये प्रति किलो तो है तो वहीं नेनुआ 50 प्रति किलो है। कद्दू, करेला की भी कीमत रांची के बाजार में करीब 60 रुपये प्रति किलो देखने को मिल रहा है। मंडी में पहुंचने वाले लोगों ने कहा कि सिर्फ सब्जी ही नहीं लहसून, धनिया, अदरक तक खरीदना मुश्किल हो गया है। वहीं सब्जी कारोबारियों ने बताया कि जो सब्जी बाहर के बाजार से आयात किए जा रहे हैं, वो ज्यादा महंगे मिल रहे हैं। बाजार में पहुंचने वाले लोगों ने कहा कि सावन के महीने में ज्यादातर लोग मांस, मछली का सेवन नहीं करते हैं। ऐसे सब्जियों की डिमांड बाजार में बढ़ी है। लोगों ने कहा कि जब से सब्जियों के दाम में बढ़ोतरी हुई है तब से लोगों के रसोई का बजट बिगड़ गया है। जिनकी आदत सुबह उठते ही अदरक की चाय पीने की थी वो अब साधारण चाय पीने को मजबूर हैं। वहीं जो अपने खाने की प्लेट में कम से कम दो या तीन सब्जियां खाया करते थे, वह आज एक सब्जी खाकर खुद को संतुष्ट कर रहे हैं। कई लोगों ने कहा कि लोग सब्जियों की जगह दूध पीना पसंद कर रहे हैं। सब्जी खरीदने आए ग्राहकों ने बताया कि अगर इसी तरह सब्जियों के दाम आसमान पर रहेंगे तो आने वाले दिनों में लोग अपने प्लेटों से सब्जियों के आइटम घटाने को मजबूर हो जाएंगे।